

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार • समाज जागरण • RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 5 अंक: 33 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 13 नवम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

हिमाचल में बदलेगा मौसम का मिजाज, अगले चार दिनों तक बारिश और बर्फबारी के आसार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। राज्य के कई हिस्सों में अगले चार दिनों तक बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 12 से 15 नवंबर तक प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश का पूवार्नुमान जारी किया है। मौसम में इस बदलाव के चलते तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है, जिससे प्रदेश में ठंड का असर और बढ़ सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, 12 और 13 नवंबर को प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। वहीं, 14 और 15 नवंबर को भी एक-दो स्थानों पर मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इसके अलावा अधिकतम तापमान भी 2 से 6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे जा सकता है। ऐसे में सुबह और शाम के समय ठंड अधिक महसूस होगी।



तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस तक आ सकती है गिरावट, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में आंधी-तूफान व बिजली गिरने की चेतावनी

चार जिलों में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की चेतावनी

मौसम विभाग ने गुरुवार को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी-तूफान और बिजली गिरने की आशंका जताई है। 13 नवंबर को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में भी कुछ स्थानों पर ऐसा मौसम रह सकता है। 14 नवंबर को चंबा और कांगड़ा के कुछ इलाकों में आंधी-तूफान की संभावना है। हालांकि, 15 और 16 नवंबर के लिए किसी भी जिले में विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है।

अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारत की धमाकेदार एंट्री, अफगानिस्तान को 8 विकेट से रौंदा

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग की शानदार बल्लेबाजी, अब खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान से होगी भिड़ंत

समाज जागरण

अल अमेरत। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने एसीसी मेंस अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल में शानदार अंदाज में जगह बना ली है। गुरुवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से करारी शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। भारतीय बल्लेबाजों ने जिस आत्मविश्वास और आक्रामक अंदाज में लक्ष्य का पीछा किया, उससे टीम की खिताबी दावेदारी और मजबूत नजर आ रही है। अब भारत का सामना शनिवार, 14 नवंबर को फाइनल में चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

अल अमेरत क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए। अफगानिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही और फरीदुल्लाह एहसास 13 रन तथा आबिदुल्लाह नादरजान 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सुभान जखाइल ने 31 रन की पारी खेलकर पारी को संभालने की कोशिश की।



इसके बाद नोमान सलारजई और शाह फैजल रहीमी ने मोर्चा संभालते हुए शानदार अर्धशतक लगाए। नोमान ने 78 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए, जबकि शाह फैजल ने 72 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। अंतिम ओवरों में कप्तान सोहेल खान ने नाबाद 36 रन बनाकर टीम को 227 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से गेंदबाजी में ईशान सूद सबसे सफल रहे। उन्होंने 9 ओवर में 43 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि आर्यन सावसानी ने 29 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

अब पाकिस्तान से खिताबी जंग

अफगानिस्तान पर शानदार जीत के साथ भारतीय टीम ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अब क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें 14 नवंबर को होने वाले भारत-पाकिस्तान खिताबी मुकाबले पर टिकी हैं। दोनों देशों के बीच होने वाला यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। भारतीय युवा खिलाड़ियों के मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए टीम से खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

लक्ष्य और आर्यवीर की जोड़ी ने जीत की रखी मजबूत नींव

228 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शुरूआत से ही मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग ने पहले विकेट के लिए 117 रन की शानदार साझेदारी कर अफगानिस्तान की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। आर्यवीर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 51 रन बनाए।

आर्यवीर के आउट होने के बाद कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने वीके विनीत के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। लक्ष्य शतक के करीब पहुंचकर चूक गए और 90 गेंदों में 13 चौके तथा एक छक्के की मदद से 93 रन बनाकर आउट हुए।

वीके विनीत ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी करते हुए 62 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। वहीं यशवर्धन चौहान 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारतीय टीम ने महज 36.5 ओवर में दो विकेट खोकर 228 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

एनवीडिया के शेयरों में 13 प्रतिशत की भारी गिरावट, बाजार मूल्य 4 लाख करोड़ डॉलर से नीचे

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एनवीडिया का असर कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी अन्य कंपनियों पर भी पड़ा।



के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनसेन हुआंग के इस्तीफे की खबर के बाद कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी शेयर बाजार खुलते ही कंपनी के शेयर करीब 13 प्रतिशत तक लुढ़क गए। इस गिरावट के चलते एनवीडिया का कुल बाजार मूल्य 4 लाख करोड़ डॉलर से नीचे पहुंच गया। इससे निवेशकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जेनसेन हुआंग की व्यक्तिगत संपत्ति में भी अरबों डॉलर की कमी आने का दावा किया गया है।

एनवीडिया के शेयरों में गिरावट का असर कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी अन्य कंपनियों पर भी पड़ा। कंपनी से आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाली क्लाउड सेवा प्रदाता कंपनी कोरवीव के शेयर 16.6 प्रतिशत और आईआरईएन के शेयर 11 प्रतिशत तक गिर गए। एप्लाइड डिजिटल के शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े बुनियादी ढांचे और संगणना उपकरणों के कारोबार में एनवीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में कंपनी के शेयरों में आई गिरावट का असर पूरे प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर पड़ सकता है।

आजम खान को चार दिन की ईडी हिरासत, दिल्ली मुख्यालय में ही होगी पूछताछ

जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट से जुड़े 426.46 करोड़ रुपये के कथित घोटाले का मामला, गाजियाबाद की विशेष अदालत ने दी हिरासत की अनुमति

समाज जागरण

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट से जुड़े कथित आर्थिक घोटाले और धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आजम खान की चार दिन की हिरासत मिल गई है। गाजियाबाद की विशेष अदालत ने 12 नवंबर को यह आदेश दिया। अब उन्हें लखनऊ ले जाने के बजाय दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में ही रखकर पूछताछ किए जाने की जानकारी सामने आई है।

यह मामला कथित तौर पर 426.46 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन और संपत्तियों के दुरुपयोग से जुड़ा है। जांच एजेंसी को मामले में कई मुखौटा कंपनियों और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के सुराग मिलने का दावा किया गया है।

अदालत में ईडी की ओर से दलील दी गई कि मामले की तह तक पहुंचने के लिए आजम खान से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। एजेंसी के अनुसार, पिछली पूछताछ के दौरान उनके जवाब संतोषजनक नहीं रहे थे। इसी आधार पर चार दिन की हिरासत की मांग की गई, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। पहले आजम खान को दिल्ली से लखनऊ ले जाने की चर्चा थी, लेकिन अब उन्हें दिल्ली में ही रखे जाने की जानकारी सामने आई है। ईडी की पूछताछ में कथित वित्तीय लेन-देन, धन के स्रोत और जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट से जुड़े आर्थिक मामलों की जांच की जाएगी।

प्याज के दाम में 116% से अधिक की सालाना वृद्धि, लहसुन 60.74% महंगा; ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई का ज्यादा असर

महंगाई का बड़ा झटका !

अक्टूबर में खुदरा महंगाई बढ़कर 6.09% पर पहुंची, खाद्य महंगाई 8.94% हुई

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में महंगाई एक बार फिर आम लोगों की चिंता बढ़ाने लगी है। अक्टूबर 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 5.54 प्रतिशत दर्ज की गई थी। यानी एक महीने के भीतर खुदरा महंगाई में 0.55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे भी ज्यादा चिंता खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई तेजी ने बढ़ाई है। अक्टूबर में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.94 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर में 7.74 प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।



मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, महंगाई का असर ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी इलाकों की तुलना में अधिक रहा। अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों की खुदरा महंगाई दर 6.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 5.41 प्रतिशत रही। खाद्य महंगाई के मामले में भी ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति अधिक चिंताजनक रही। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई 9.09 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 8.68 प्रतिशत दर्ज की गई।

प्याज ने बिगाड़ा रसोई का बजट, 116 प्रतिशत से ज्यादा महंगा

अक्टूबर में जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे ज्यादा सालाना वृद्धि दर्ज की गई, उनमें प्याज सबसे आगे रहा। प्याज के दाम में 116.22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा लहसुन 60.74 प्रतिशत, चांदी के आभूषण 52.39 प्रतिशत, अदरक 48.32 प्रतिशत और नींबू 47.30 प्रतिशत महंगे हुए।

दूसरी ओर कुछ सब्जियों की कीमतों में गिरावट भी दर्ज की गई। आलू के दाम में 14.24 प्रतिशत, फूलगोभी में 10.57 प्रतिशत, नारियल में 5.60 प्रतिशत, बैंगन में 3.34 प्रतिशत और पत्तागोभी में 1.92 प्रतिशत की सालाना गिरावट आई।

इन राज्यों में सबसे ज्यादा रही महंगाई

राज्यवार आंकड़ों पर नजर डालें तो अक्टूबर में तमिलनाडु 7.29 प्रतिशत खुदरा महंगाई के साथ सबसे ऊपर रहा। इसके बाद तेलंगाना में 7.26 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 7.25 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 7.19 प्रतिशत और ओडिशा में 7.17 प्रतिशत महंगाई दर्ज की गई।



भैंस के बहाने योगी-अखिलेश की सियासत

स्वदेश कुमार ,लखनऊ वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब केवल तीन महीने बाकी हैं, लेकिन नेताओं की जुबान बता रही है कि 2027 की लड़ाई का दबाव अभी से सिर चढ़कर बोलने लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अखिलेश यादव पर हमला करने के लिए भैंस का सहारा लेना पड़ा और अखिलेश को अपने बचाव में भगवान कृष्ण और गोपालकों को आगे करना पड़ा। विवाद की शुरूआत अखिलेश के उस बयान से हुई, जिसमें उन्होंने उत्तराखंड के लोगों को उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा घुसपैठिया बताया। जवाब में योगी ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी न होती तो अखिलेश सैफई में भैंस चरा रहे होते। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर हमला किया, लेकिन इस तमाशे में सबसे बड़ा सवाल गायब हो गया कि उत्तर प्रदेश की जनता आखिर इन दोनों से अपने भविष्य का हिसाब कब मांगेगी? अखिलेश यादव की राजनीति पीडीए यानी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को एक मंच पर लाने के दावे पर खड़ी है। ऐसे में दूसरे प्रदेश से आकर यूपी में बसे लोगों को घुसपैठिया बताना उनकी राजनीति के लिए खुद अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। क्या देश के भीतर किसी राज्य से दूसरे राज्य में जाकर बसना अपराध है? क्या उत्तराखंड से आया व्यक्ति उत्तर प्रदेश का नागरिक नहीं हो सकता? अखिलेश की टिप्पणी केवल राजनीतिक विरोधियों पर हमला नहीं थी, बल्कि उन हजारों परिवारों की भावनाओं पर चोट थी, जिनकी जड़ें एक प्रदेश में और रोजी-रोटी दूसरे प्रदेश में है। सपा की सफाई अपनी जगह, लेकिन अखिलेश को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। राजनीति में हर विवाद को भाजपा की साजिश बताकर जिम्मेदारी से नहीं बचा जा सकता।

भाजपा ने अखिलेश की इस चूक को तुरंत उत्तराखंड के स्वाभिमान से जोड़ दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामपुर तिराहा कांड की याद दिलाई। दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड की मांग कर रहे आंदोलनकारियों पर मुजफ्फरनगर में पुलिस गोलीबारी हुई थी। सात लोगों की मौत हुई और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों ने इस घटना को उत्तराखंड के इतिहास का गहरा जख्म बना दिया। उस समय मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। उनकी सरकार से जवाब मांगना बिल्कुल जायज है। लेकिन सवाल यह भी है कि भाजपा इस दर्द को केवल अखिलेश को घेरने के लिए क्यों याद करती है? उत्तराखंड की जनता को केवल चुनाव के समय स्वाभिमान याद दिलाने से रोजगार, पलायन और विकास की समस्याएं खत्म नहीं होतीं। इतिहास का सम्मान तभी है, जब वर्तमान की जिम्मेदारी भी उठाई जाए। अब योगी के बयान पर आइए। मुख्यमंत्री का कहना कि उत्तराखंड की बेटी न होती तो अखिलेश भैंस चरा रहे होते, क्या किसी मुख्यमंत्री की गरिमा के अनुकूल है? भैंस चराना कोई शर्मनाक पेशा नहीं है। इसी मेहनत से लाखों परिवारों का घर चलता है। दूध बेचकर बच्चों को पढ़ाने वाले लोग क्या इसलिए कमतर हैं कि उनकी आजीविका पशुपालन है? योगी को अखिलेश पर हमला करना था, लेकिन उन्होंने अनजाने में उस श्रम को ही कटाक्ष का विषय बना दिया, जिसे सम्मान देने की बातें सरकार करती है। सत्ता में बैठा व्यक्ति जब किसी पेशे को अपमान का प्रतीक बनाता है तो उसका संदेश केवल विपक्ष तक सीमित नहीं रहता। मुख्यमंत्री को अपनी भाषा की जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

अखिलेश ने इसे भगवान कृष्ण और गोपालकों का अपमान बताकर धार्मिक रंग दे दिया। लेकिन सवाल है कि क्या गोपालकों की चिंता केवल राजनीतिक विवाद के समय ही याद आती है? उत्तर प्रदेश में लाखों परिवार पशुपालन से जुड़े हैं। 2019 की पशुगणना में प्रदेश में 330.17 लाख भैंसें और 190.20 लाख गोवंश दर्ज किए गए थे। इतनी बड़ी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बावजूद पशुपालक दूध के उचित दाम, महंगे चारे, पशुओं के इलाज और भुगतान में देरी जैसी समस्याओं से जूझते हैं। किसान छुट्टा पशुओं से अपनी फसल बचाने के लिए रातभर खेतों में पहरा देता है। सरकार बताए कि पशु अस्पतालों में डॉक्टर और दवाएं कितनी उपलब्ध हैं। अखिलेश भी बताएं कि उनकी सरकार में पशुपालकों की इन समस्याओं का कितना समाधान हुआ। कृष्ण का नाम लेने से गोपालक की आमदनी नहीं बढ़ती और भैंस का मजाक उड़ाने से किसान की परेशानी कम नहीं होती। इस विवाद के पीछे 2027 का चुनावी गणित भी साफ दिखाई देता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 255 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि सपा 111 सीटों पर सिमटी थी। भाजपा को 41.29 प्रतिशत और सपा को 32.06 प्रतिशत वोट मिले थे। 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर बदली। सपा ने 37 और भाजपा ने 33 सीटें जीतीं। सपा इस नतीजे को अपने पीडीए गठबंधन की सफलता मानती है, जबकि भाजपा अपने सामाजिक आधार को दोबारा मजबूत करने में जुटी है। भाजपा गैर-यादव पिछड़े और दलित मतदाताओं को अपने साथ बनाए रखना चाहती है। सपा मुस्लिम, यादव, पिछड़े और दलित मतदाताओं के समर्थन को विधानसभा तक पहुंचाना चाहती है। ऐसे में उत्तराखंड के लोगों पर अखिलेश की टिप्पणी भाजपा को नया राजनीतिक हथियार दे रही है। मगर 2024 के नतीजे 2027 की गारंटी नहीं हैं। दोनों दलों को जनता के सामने अपना काम रखना होगा।

योगी सरकार को सत्ता संभाले नौ साल से अधिक हो चुके हैं। अब हर समस्या का ठीकरा पिछली सरकारों पर फोड़कर जिम्मेदारी से बचने का समय नहीं है। सरकार 9.5 लाख से अधिक नियुक्तियों का दावा करती है और नियुक्ति पत्र बांटने के समारोह को उपलब्धि बताती है। लेकिन युवाओं का सवाल है कि सरकारी विभागों में कितने पद खाली हैं, कितनी भर्तियां लंबित हैं और कितने चयनित अभ्यर्थियों को नौकरी मिली? निवेश के बड़े दावों के बावजूद जमीन पर कितने कारखाने लगे और कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला? किसान की लागत, महंगाई, सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, अस्पतालों में डॉक्टरों की अनुपलब्धता और महिला सुरक्षा पर सरकार को ठोस आंकड़ों के साथ जवाब देना चाहिए। नौ साल की सत्ता के बाद केवल दावे नहीं, नतीजे दिखाने पड़ेंगे। अखिलेश भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। उनकी पिछली सरकार की कानून-व्यवस्था, बिजली, भर्ती और प्रशासनिक फैसलों पर जनता के सवाल आज भी मौजूद हैं। सत्ता में लौटने की इच्छा रखने वाले नेता को बताना होगा कि पिछली गलतियों से क्या सीखा है। केवल पीडीए का नारा लगाने से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समुदायों की समस्याएं हल नहीं होंगी। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान पर स्पष्ट योजना देनी होगी। वाराणसी में पाल समाज पर लाठीचार्ज और अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा से जुड़े आरोपों पर भी राजनीति के बजाय निष्पक्ष जांच और तथ्य सामने आने चाहिए। दरअसल, भैंस का विवाद योगी और अखिलेश दोनों की राजनीतिक प्राथमिकताओं का आईना है। एक मुख्यमंत्री नौ साल से अधिक शासन के बाद भी विपक्षी नेता को पेशे के नाम पर चिढ़ाने में अपनी ताकत दिखा रहा है, तो विपक्ष का नेता अपने विवादित बयान की जिम्मेदारी लेने के बजाय धार्मिक प्रतीकों में जवाब तलाश रहा है।

बिलॉन्गिंग: प्रेम, पहचान और एक स्त्री की यात्रा

महेन्द्र तिवारी


किसी व्यक्ति का जीवन केवल उसके जन्मस्थान, परिवार, भाषा और नागरिकता से नहीं पहचाना जाता। कई बार जीवन की सबसे बड़ी यात्रा अपनेपन की तलाश होती है। एक ऐसे देश में अपना घर तलाशना, जिसकी भाषा अलग हो, संस्कृति अलग हो और जीवन जीने के तौर-तरीके भी भिन्न हों, आसान नहीं होता। विशेषकर तब, जब वही व्यक्ति आगे चलकर उस देश की राजनीति के सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्वों में शामिल हो जाए। सोनिया गांधी की आत्मकथा 'BeloNgiNg: A JourNey of Love' को इसी दृष्टिकोण से पढ़ना अधिक सार्थक होगा। यह केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व की जीवनगाथा नहीं, बल्कि प्रेम, पहचान, पारिवारिक संबंधों, त्रासदियों और एक नए देश को अपना बनाने की लंबी यात्रा का वृत्तांत भी है।

हार्परकॉलिन्स इंडिया ने इस पुस्तक को प्रकाशित किया है। इससे पहले इसके प्रकाशन की जिम्मेदारी पेंगुइन इंडिया के पास थी, लेकिन संपादकीय मतभेदों के बाद प्रकाशक बदल गया। पुस्तक के प्रकाशन से जुड़ी यह घटना भी बताती है कि सोनिया गांधी का व्यक्तित्व और उनसे जुड़ी सामग्री साहित्यिक दुनिया के साथ-साथ राजनीतिक और सार्वजनिक विमर्श में भी कितनी दिलचस्पी पैदा करती है।

इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता इसका निजी स्वर है। सोनिया गांधी ने स्वीकार किया है कि अपने जीवन के बारे में लिखना उनके लिए सहज नहीं था। वर्षों से मन में संजोकर रखी स्मृतियों, अनुभवों और भावनाओं को सार्वजनिक करना उनके लिए एक कठिन प्रक्रिया रही। दरअसल, सोनिया गांधी दशकों तक भारतीय राजनीति के केंद्र में रहने के बावजूद अपने निजी जीवन को लेकर अपेक्षाकृत मौन रही हैं। उनके बारे में बहुत कुछ लिखा गया, कहा गया और राजनीतिक बहसों में अनेक तरह की धारणाएँ बनाई गईं। लेकिन इस बार उन्होंने अपनी कहानी अपने शब्दों में कहने का प्रयास किया है। यही इस आत्मकथा को विशेष बनाता है।

पुस्तक की शुरूआत युद्ध के बाद के इटली के वेनेटो क्षेत्र में बीते उनके बचपन से होती है। एक सामान्य इतालवी परिवार में पली-बढ़ी सोनिया माइनो की जीवनयात्रा उन्हें कैम्ब्रिज तक ले जाती है। वर्ष 1965 में वहीं उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई। यह मुलाकात धीरे-धीरे प्रेम और फिर विवाह के रिश्ते में बदल गई। एक ऐसे भारतीय युवक से प्रेम, जिसके परिवार का संबंध भारत की राजनीति के सबसे प्रतिष्ठित परिवारों में था, सोनिया के जीवन को एक नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

भारत आना उनके लिए केवल भौगोलिक परिवर्तन नहीं था। यह एक नई भाषा, नई संस्कृति, नए सामाजिक परिवेश और नई पारिवारिक जिम्मेदारियों को स्वीकार करने की शुरूआत थी। इंदिरा गांधी से पहली मुलाकात, हिंदी सीखने के प्रयास, भारतीय परिधान के रूप में साड़ी को अपनाना और भारतीय खानपान तथा जीवनशैली से परिचित होना, ये सभी



प्रसंग एक विदेशी युवती के धीरे-धीरे भारतीय परिवेश में रचने-बसने की कहानी कहते हैं। इन प्रसंगों में केवल एक परिवार की बहू बनने की कहानी नहीं, बल्कि अपनी पुरानी पहचान को साथ लेकर एक नई पहचान गढ़ने की प्रक्रिया दिखाई देती है।

लेकिन जीवन हमेशा प्रेम और अपनत्व की सहज राह पर नहीं चलता। गांधी परिवार को एक के बाद एक ऐसी त्रासदियों का सामना करना पड़ा, जिन्होंने सोनिया गांधी के जीवन को भीतर तक प्रभावित किया। संजय गांधी की विमान दुर्घटना में मृत्यु, वर्ष 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या और फिर 1991 में राजीव गांधी की हत्या, ये घटनाएँ केवल राजनीतिक इतिहास की बड़ी घटनाएँ नहीं थीं। इनके पीछे एक परिवार का असहनीय दुख, एक पत्नी का अकेलापन और एक माँ की पीड़ा भी छिपी थी।

राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया गांधी के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने परिवार को संभालने और निजी जीवन को फिर से व्यवस्थित करने की थी। वे सक्रिय राजनीति से दूर रहना चाहती थीं। लेकिन समय और परिस्थितियों ने उन्हें बार-बार सार्वजनिक जीवन की ओर खींचा। इस आत्मकथा का एक महत्वपूर्ण पक्ष यही है कि राजनीति में उनका प्रवेश किसी पूर्वनिर्धारित महत्वाकांक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि परिस्थितियों, जिम्मेदारियों और पारिवारिक विरासत से जुड़ी घटनाओं की परिणति के रूप में सामने आता है। पुस्तक का सबसे चर्चित प्रसंग वर्ष 2004 में प्रधानमंत्री पद स्वीकार न करने के निर्णय से जुड़ा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन की चुनावी जीत के बाद सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की व्यापक चर्चा थी। लेकिन उन्होंने यह पद स्वीकार नहीं किया। पुस्तक में उनका दावा है कि वे चुनाव से कई महीने पहले ही इस संबंध में अपना निर्णय कर चुकी थीं। इस प्रसंग को कांग्रेस ने त्याग और नैतिक साहस के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि राजनीतिक विरोधियों ने इसे अलग-अलग नजरियों से देखा। किसी ने इसे राजनीतिक रणनीति कहा तो किसी ने परिस्थितियों की उपज माना।

यहाँ पाठक को एक महत्वपूर्ण बात समझनी चाहिए। आत्मकथा इतिहास की निष्पक्ष पाठ्यपुस्तक नहीं होती। यह लेखक की स्मृतियों, अनुभवों, मान्यताओं और दृष्टिकोणों से निर्मित जीवन का वृत्तांत होती है। इसलिए सोनिया गांधी द्वारा प्रस्तुत घटनाओं और उनके निष्कर्षों को उनके व्यक्तिगत पक्ष के रूप में समझना चाहिए, न कि प्रत्येक विवाद का अंतिम ऐतिहासिक निर्णय मान लेना चाहिए।

पुस्तक में वर्ष 1975 की आपातकालीन स्थिति, बाबरी मस्जिद विवाद, 1984 के सिख विरोधी दंगे, मनमोहन सिंह सरकार में उनकी भूमिका, प्रणब मुखर्जी की प्रधानमंत्री बनने की इच्छा, वर्ष 2008 में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ कांग्रेस के समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके संबंधों जैसे विषयों का उल्लेख भी महत्वपूर्ण है। ये प्रसंग आत्मकथा को निजी स्मृतियों से आगे ले जाकर समकालीन भारतीय राजनीति के विमर्श से जोड़ते हैं।

हालाँकि, इन विषयों को पढ़ते समय कुछ प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं। क्या पुस्तक में सभी विवादों पर समान विस्तार और स्पष्टता से बात की गई है? क्या कुछ ऐसे प्रसंग हैं, जिन पर लेखिका ने मौन रहना उचित समझा है? क्या राजनीतिक घटनाओं की व्याख्या में व्यक्तिगत दृष्टिकोण कहीं तथ्यों पर हावी होता है? इन प्रश्नों का उत्तर तलाशने के लिए पाठक को अन्य ऐतिहासिक दस्तावेजों, समकालीन समाचारों और अलग-अलग विचारधाराओं से लिखी गई पुस्तकों का भी सहारा लेना चाहिए। किसी भी आत्मकथा की विश्वसनीयता उसके लेखक की ईमानदारी के साथ-साथ उसके कथन को दूसरे स्रोतों से परखने की हमारी क्षमता पर भी निर्भर करती है।

इस पुस्तक का एक और महत्वपूर्ण पक्ष स्त्री की पहचान और उसके संघर्ष से जुड़ा है। एक इतालवी युवती, जो भारत की भाषा और राजनीतिक संस्कृति से अपरिचित थी, धीरे-धीरे भारतीय समाज का हिस्सा बनी और अंततः देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहने वाली नेताओं में शामिल हुई। यह यात्रा अपने आप में असाधारण है। इसमें एक स्त्री का प्रेम है, परिवार के प्रति समर्पण है, व्यक्तिगत इच्छाओं का त्याग है और परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए सार्वजनिक जीवन में अपनी जगह बनाने का अनुभव भी है।

हालाँकि, इस यात्रा को केवल त्याग और समर्पण के चश्मे से देखना भी उचित नहीं होगा। सोनिया गांधी का राजनीतिक जीवन सत्ता, संगठन, निर्णय और जवाबदेही से भी जुड़ा रहा है। इसलिए उनकी आत्मकथा का मूल्यांकन करते समय निजी संवेदनाओं और सार्वजनिक जिम्मेदारियों, दोनों को ध्यान में रखना आवश्यक है। एक व्यक्ति के निजी दुख के प्रति संवेदनशील होना और उसके राजनीतिक निर्णयों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना, दोनों बातें एक साथ संभव हैं।

मेरे विचार से 'ई'ङ्ख्ल्ल्ल्ल्ल्ल्ल्' को दो समानांतर यात्राओं के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। पहली यात्रा प्रेम और अपनेपन की है, जिसमें सोनिया और राजीव का रिश्ता तथा सोनिया का भारत को अपना घर बनाने का अनुभव शामिल है। दूसरी यात्रा सत्ता और सार्वजनिक जीवन की है, जिसमें एक ऐसी महिला का राजनीतिक केंद्र तक पहुँचना शामिल है, जिसकी शुरूआती इच्छा राजनीति से दूर रहने की थी।

इस पुस्तक को पढ़ते समय न तो श्रद्धा का भाव इतना प्रबल होना चाहिए कि हर बात को निर्विवाद सत्य मान लिया जाए और न ही राजनीतिक विरोध इतना हावी होना चाहिए कि लेखिका के व्यक्तिगत अनुभवों को ही नकार दिया जाए। साहित्य और आत्मकथा का उद्देश्य केवल प्रशंसा या आलोचना करना नहीं, बल्कि मनुष्य और उसके समय को समझने की दृष्टि विकसित करना भी है।

अंततः 'Belonging: A Journey of Love'का महत्व इसी बात में है कि यह हमें एक ऐसे व्यक्तित्व के भीतर झाँकने का अवसर देती है, जिसे हमने अब तक अधिकतर राजनीतिक मंचों, सार्वजनिक वक्तव्यों और सत्ता के गलियारों में देखा है। यह पुस्तक कितनी ऐतिहासिक सच्चाइयों को सामने लाती है और कितने प्रश्नों को अनुत्तरित छोड़ती है, इसका निर्णय पाठक अपने अध्ययन और विवेक से करेगा। लेकिन इतना निश्चित है कि किसी दूसरे देश से आई एक युवती का भारत के साथ भावनात्मक रिश्ता बनाने और फिर इसी देश के राजनीतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने का सफर अपने आप में अध्ययन और विमर्श का विषय है।

किसी देश को अपना मान लेना केवल उसकी नागरिकता स्वीकार कर लेना नहीं होता। उसके सुख-दुख, उसकी भाषा, उसकी स्मृतियों और उसके लोगों से भावनात्मक रिश्ता जोड़ना भी होता है। शायद इसी अर्थ में इस आत्मकथा का शीर्षक 'ई'ङ्ख्ल्ल्ल्ल्ल्ल्ल्' सबसे अधिक अर्थपूर्ण हो उठता है। यह केवल भारत में रहने की कहानी नहीं, बल्कि भारत को अपना मानने और अपनेपन की पहचान खोजने की कहानी है। यही इसकी सबसे बड़ी साहित्यिक और मानवीय उपलब्धि है।

क्या डिजिटल निर्भरता देश की नई कमजोरी बन रही है?

ओवैसी-चंद्रशेखर की दोस्ती से बढ़ी अखिलेश की बेचैनी

संजय सक्सेना,लखनऊ, वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़े और चौंकाने वाले तीसरे मोर्चे की दस्तक हो चुकी है। लखनऊ में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने हाथ मिलाते हुए अपने नए गठबंधन की औपचारिक घोषणा कर दी है। सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के नाम से बने इस नए सियासी समीकरण ने घोषणा की है कि वह प्रदेश की सभी 403 सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगा और इस मोर्चे की ओर से चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में आगे किया गया है। प्रदेश की कुल आबादी के दो सबसे बड़े और निर्णायक वंचित वर्गों यानी दलित और मुस्लिम मतदाताओं को एक ही छतरी के नीचे लाने के दावे के साथ उतरे इस गठबंधन ने लखनऊ से लेकर दिल्ली तक के राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। इस सियासी प्रयोग की सबसे बड़ी बुनियाद उत्तर प्रदेश का वह जातीय और सामाजिक गणित है, जिस पर लंबे समय से क्षेत्रीय दलों की राजनीति टिकी रही है।

उत्तर प्रदेश की जनसांख्यिकी और जातिगत आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह गठबंधन कागजों पर बेहद मजबूत नजर आता है। विभिन्न चुनावी सर्वेक्षणों और सामाजिक आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल आबादी में अनुसूचित जाति यानी दलित मतदाताओं की हिस्सेदारी लगभग 21 प्रतिशत है। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा जाटव बिरादरी का है, जो कुल दलित आबादी का आधे से ज्यादा यानी करीब 11 से 12 प्रतिशत तक मानी जाती है, जबकि शेष 9 से 10 प्रतिशत हिस्सेदारी पासी, धोबी, कोरी, वाल्मीकि और अन्य गैर-जाटव दलित उपजातियों की है। दूसरी तरफ, राज्य में मुस्लिम आबादी करीब 19 से 20 प्रतिशत के आसपास है। इस तरह दलित और मुस्लिम समाज की कुल आबादी मिलकर राज्य के लगभग 40 से 41 प्रतिशत मतदाताओं का निर्माण करती है। राज्य की 403 विधानसभा सीटों में से लगभग 110 से 125 सीटें ऐसी हैं, जहां दलित और मुस्लिम आबादी का संयुक्त आंकड़ा 45 से 55 प्रतिशत से भी अधिक है। चंद्रशेखर और ओवैसी की रणनीति इन्हीं सीटों पर सियासी ध्रुवीकरण करने की



है। इस गठबंधन में एआईएमआईएम के करीब 45 से 50 मुस्लिम बहुल सीटों पर चुनाव लड़ने और बाकी सीटों पर आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार उतारने का फॉर्मूला तय किया गया है, ताकि दोनों वर्गों के वोटों का सीधा ट्रांसफर सुनिश्चित हो सके।

इस नए मोर्चे के मैदान में उतरने से सबसे सीधा और गहरा सियासी खतरा अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के लिए खड़ा होता दिख रहा है। लोकनीति-सीएसडीएस के 2022 के विधानसभा चुनाव बाद के आंकड़ों पर नजर डालें तो समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को राज्य के कुल 79 से 80 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं का एकतरफा समर्थन मिला था। इसी भारी मुस्लिम समर्थन और लगभग 83 प्रतिशत यादव वोटों की बदौलत सपा ने 2022 में 111 सीटें जीती थीं और उसका वोट प्रतिशत 32.06 तक पहुंचा था। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे के साथ सपा ने मुस्लिम और दलित वोटों के एक बड़े हिस्से को अपने पाले में खींचा था। अब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी अगर मुस्लिम बहुल सीटों पर आक्रामक प्रचार करती है और मुस्लिम वोटों में महज 10 से 15 प्रतिशत की भी सेंध लगाने में कामयाब होती है, तो सपा का पूरा चुनावी गणित गड़बड़ा सकता है। यूपी की दर्जनों ऐसी सीटें हैं, जहां हार-जीत का अंतर पांच हजार से पंद्रह हजार वोटों के बीच रहता है। ऐसे में मुस्लिम वोटों का मामूली बिखराव भी सपा के उम्मीदवारों को जीत की दहलीज से पीछे धकेलने के लिए काफी होगा।

दूसरी तरफ, बहुजन समाज पार्टी और मायावती के लिए यह गठबंधन अस्तित्व के संकट को और गहरा करने वाला साबित हो सकता है। बसपा का पारंपरिक आधार हमेशा से जाटव मतदाता रहे हैं। सीएसडीएस के आंकड़ों के मुताबिक 2007 में जब बसपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई थी, तब उसे 86 प्रतिशत जाटव और 54 प्रतिशत गैर-जाटव दलित वोट मिले थे। लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव तक आते-आते बसपा का जाटव वोट घटकर 65 प्रतिशत और गैर-जाटव दलित वोट मात्र 27 प्रतिशत रह गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में नगीना सीट से चंद्रशेखर आजाद की शानदार जीत ने यह साबित कर दिया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का युवा और मुखर जाटव मतदाता अब मायावती के विकल्प के रूप में चंद्रशेखर की ओर देख रहा है। अब ओवैसी के साथ गठबंधन होने से बसपा को दोहरा नुकसान होगा। एक तो मायावती का बचा-खुचा जाटव वोट बैंक चंद्रशेखर के मुख्यमंत्री चेहरा बनने की भावनात्मक अपील पर खिसक सकता है। दूसरा, बसपा हर चुनाव में बड़ी संख्या में मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देकर जो दलित-मुस्लिम समीकरण बनाने की कोशिश करती रही है, वह रास्ता भी इस नए मोर्चे के बनने से लगभग बंद हो जाएगा।

यूपी की राजनीति में इस नए मोर्चे का उदय भारतीय जनता पार्टी के लिए किसी बड़े सियासी वरदान से कम नहीं माना जा रहा है। पिछले एक दशक में भाजपा की जीत का सबसे बड़ा फॉर्मूला गैर-यादव ओबीसी, सवर्ण और गैर-जाटव दलित वोटों की एकजुटता के साथ-साथ विपक्षी वोटों का बिखराव रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 89 प्रतिशत ब्राह्मण, 87 प्रतिशत ठाकुर, 83 प्रतिशत वैश्य, 66 प्रतिशत कुर्मी और 64 प्रतिशत मौर्य-कुशवाहा-सैनी वोट मिले थे। इसके अलावा गैर-जाटव दलितों का 41 प्रतिशत हिस्सा भी भाजपा के साथ गया था। जब विपक्षी खेमे का वोट एकजुट होता है, जैसा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिला था, तब भाजपा को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ता है। लेकिन अब ओवैसी और चंद्रशेखर का गठबंधन मैदान में आने से भाजपा विरोधी वोट सीधे तौर पर तीन हिस्सों यानी सपा, बसपा और इस नए मोर्चे में बंट जाएंगे। ओवैसी की आक्रामक बयानबाजी से ध्रुवीकरण की राजनीति को भी हवा मिलेगी, जिसका सीधा लाभ अक्सर भाजपा को अपने हिंदू वोट बैंक को एकजुट रखने में मिलता है। त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबले में भाजपा का करीब 40 से 42 प्रतिशत का कोर वोट बैंक उसे आसानी से जीत दिलाने की स्थिति में ला सकता है।

भौगोलिक दृष्टि से देखें तो इस नए गठबंधन का सबसे ज्यादा असर और फायदा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और तराई के इलाकों में दिखने की संभावना है। पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बुलंदशहर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और रामपुर जैसे जिलों में दलित और मुस्लिम आबादी का घनत्व सबसे अधिक है। सहारनपुर और बिजनौर चंद्रशेखर आजाद का गृह क्षेत्र और कर्मभूमि हैं, जहां भीम आर्मी का कैडर जमीनी स्तर पर बेहद सक्रिय है। मुरादाबाद, संभल, रामपुर और अमरोहा जैसे जिलों में मुस्लिम आबादी 40 से 50 प्रतिशत के बीच है, जहां ओवैसी की सभाओं में भारी भीड़ जुटती रही है। इसके अलावा पूर्वांचल के आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर जैसे तराई के जिलों में भी यह गठबंधन कई सीटों पर समीकरण बदलने की ताकत रखता है, हालांकि इसका मुख्य गढ़ पश्चिमी यूपी और रुहेलखंड ही रहने वाला है।

ओवैसी की पार्टी का चुनावी इतिहास बताता है कि वह भले ही बड़ी संख्या में सीटें न जीत पाए, लेकिन बड़े क्षेत्रीय दलों का खेल बिगाड़ने में माहिर है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव रहा है। बिहार के मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र की 24 सीटों में से एआईएमआईएम ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था और अमौर, बहादुरगंज, बायसी, जोकीहाट तथा कोचाधामन जैसी 5 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। ओवैसी की पार्टी ने वहां न केवल पांच सीटें जीतीं, बल्कि करीब एक दर्जन अन्य सीटों पर इतने वोट काटे कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाला महागठबंधन बहुमत के आंकड़े से महज कुछ सीटों से चूक गया और सरकार बनाने से वंचित रह गया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

77.66 करोड़ के रेरा बकाये पर अंसल समूह के तीन निदेशक गिरफ्तार

15 दिन तक निरुद्ध रखने का आदेश, जिला प्रशासन ने बकायेदार बिल्डरों के खिलाफ तेज किया वसूली अभियान

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। रेरा की बकाया धनराशि जमा नहीं करना अंसल समूह के तीन निदेशकों को भारी पड़ गया। जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए समूह से जुड़ी कंपनी के तीन निदेशकों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को उप जिलाधिकारी दादरी के समक्ष पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद उन्हें अधिकतम 15 दिन तक निरुद्ध रखने का आदेश जारी किया गया।

उप जिलाधिकारी दादरी अरुण कुमार के अनुसार, मैसर्स अंसल हाईटेक टाउनशिप्स लिमिटेड एवं उत्तम स्टील्स एसोसिएट्स लिमिटेड के विरुद्ध रेरा के वसूली प्रमाण-पत्रों



के तहत कुल 77 करोड़ 66 लाख 80 हजार 434 रुपये तथा ब्याज की धनराशि बकाया है। प्रशासन की ओर से बकाया जमा कराने के लिए मांग-पत्र जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया।

इसके बाद उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया। 11 नवंबर को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए श्रीराम, मोहम्मद अलीम और तस्लीम सिद्दीकी को गिरफ्तार किया। प्रशासन के मुताबिक, संबंधित निदेशकों को बकाया भुगतान अथवा पर्याप्त प्रतिभूति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, लेकिन ऐसा नहीं किए जाने पर निरुद्ध रखने का आदेश पारित किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेरा के बकायेदार बिल्डरों के खिलाफ वसूली अभियान जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर बैंक खाते और चल-अचल संपत्तियां कुर्क करने के साथ उनकी नीलामी की कार्रवाई भी की जाएगी।

जेवर में 1200 करोड़ के निवेश से बनेगा ट्रैक्टर कारखाना

मुख्यमंत्री योगी ने रखी आधारशिला, 100 एकड़ में स्थापित होगी आधुनिक विनिर्माण इकाई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

जेवर। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से जेवर के सेक्टर-8 में सीएनएच के आधुनिक ट्रैक्टर विनिर्माण कारखाने की आधारशिला रखी। लगभग 1200 करोड़ रुपये के निवेश से 100 एकड़ भूमि पर इस परियोजना की स्थापना की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर निवेश के लिए देश के प्रमुख गंतव्यों में शामिल हो चुका है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और यीडा क्षेत्र के विकास से यह इलाका



औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से लगभग 1200 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कृषि एवं कृषि शिक्षा राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह नागर सहित कंपनी के अधिकारी और क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

योगी सरकार की नीतियों से यूपी में निवेश का अनुकूल माहौल बना: नरेंद्र मित्तल

सीएनएच के ट्रैक्टर कारखाने के लिए 1219 करोड़ रुपये का निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार को मिलेगी गति

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित होने वाले सीएनएच के ट्रैक्टर विनिर्माण संयंत्र को लेकर कंपनी के इंडिया रीजन प्रेसिडेंट नरेंद्र मित्तल ने उत्तर प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और प्रदेश सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है।

नरेंद्र मित्तल ने कहा कि यीडा क्षेत्र में लगभग 1219 करोड़ रुपये का निवेश केवल एक कारखाने की स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे प्रदेश के औद्योगिक ढांचे को मजबूती मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रगतिशील नीतियों और उद्योगों को मिल रहे सहयोग के कारण निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने इस परियोजना को उत्तर प्रदेश और देश की आर्थिक प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि कंपनी प्रदेश के औद्योगिक विकास में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पेंशनरों के लिए 16 नवंबर को दादरी तहसील में लगेगा शिविर

दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बनेगा डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र

समाज जागरण/संदीप गर्ग

दादरी। पेंशनरों की सुविधा के लिए आगामी 16 नवंबर को दादरी तहसील परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने बताया कि शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें पेंशनरों को डिजिटल माध्यम से जीवित प्रमाण पत्र जमा कराने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पेंशनर बैंक शाखा अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से घर बैठे भी प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। शिविर में आने वाले पेंशनर अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल फोन अवश्य लेकर आएं।

मतदाता सूची का प्रारूप 17 नवंबर को होगा प्रकाशित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा की, पात्र नागरिकों से नाम जांचने की अपील

गौतमबुद्धनगर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में मतदाता सूची, मतदान केंद्रों, निर्वाचन कार्मिकों और आवेदनों के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 17 नवंबर को प्रारूप



मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक सूची में अपना और परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। नाम दर्ज नहीं होने पर फार्म-6 तथा नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन के लिए फार्म-8 भर सकते हैं।

जनपद में कुल 15,27,428 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 8,34,652 पुरुष, 6,92,729 महिला और 47 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिले में 766 मतदान केंद्र और 1,926 मतदेय स्थल निर्धारित हैं।

ग्रैप-3 के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन कराने के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रैप-3 के प्रावधानों का पालन कराने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कार्यों पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए।



बैठक में जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और परिवहन विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने और ग्रैप-3 के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को कैबिनेट की मंजूरी, डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन ने जताई खुशी

सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक बिछेगी 8.449 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन, पांच नए स्टेशन बनने से लाखों लोगों को मिलेगी राहत

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सेक्टर-51 नोएडा से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 तक एक्वा लाइन मेट्रो के विस्तार को कैबिनेट की मंजूरी मिलने पर डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस निर्णय का स्वागत किया है। फेडरेशन का कहना है कि यह परियोजना लंबे समय से क्षेत्र के निवासियों की प्रमुख मांग रही है और इसके पूरा होने से लाखों लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

प्रस्तावित मेट्रो विस्तार की कुल लंबाई 8.449 किलोमीटर होगी। इस मार्ग पर पांच नए मेट्रो स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच आवागमन का एक और सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होगा। विशेष रूप से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और प्रतिदिन यात्रा करने वाले आम नागरिकों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।

डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष एन.पी. सिंह ने कहा कि एक्वा लाइन मेट्रो का विस्तार क्षेत्र की पुरानी और महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। फेडरेशन लगातार इस मांग को संबंधित अधिकारियों और सरकार के समक्ष उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से न केवल यात्रा आसान होगी, बल्कि सड़कों पर निजी वाहनों का दबाव भी कम होगा। इससे यातायात व्यवस्था को सुधारने और वायु प्रदूषण कम करने में भी सहायता मिल सकती है।

फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि यह निर्णय सुनियोजित शहरी विकास और जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में स्वागत योग्य कदम है। मेट्रो विस्तार से लोगों के समय और यात्रा खर्च में कमी आने के साथ आसपास के आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इस परियोजना से सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों का दबाव कम करने में मदद मिल सकती है। वर्तमान में यहां यातायात जाम, अवैध टैक्सी स्टैंड और अनधिकृत वेंडरों के अतिक्रमण जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। मेट्रो विस्तार से इन समस्याओं के समाधान की उम्मीद है। फेडरेशन ने सरकार और संबंधित प्राधिकरणों से आग्रह किया है कि परियोजना की शेष औपचारिकताएं शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में शुरू और पूरा कराया जाए, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को इसका लाभ जल्द मिल सके। डीडीआरडब्ल्यूए फेडरेशन ने उम्मीद जताई कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार की जनहितकारी परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

फेलिक्स अस्पताल में पहली बार रोबोटिक तकनीक से हुआ दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण

सात साल से गंभीर दर्द झेल रही 72 वर्षीय महिला को मिली राहत, आधुनिक तकनीक से की गई सर्जरी

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। लंबे समय तक घुटनों के दर्द से परेशान रहने वाले मरीजों के लिए आधुनिक चिकित्सा तकनीक उम्मीद की नई राह खोल रही है। नोएडा स्थित फेलिक्स अस्पताल में पहली बार रोबोटिक तकनीक की सहायता से एक 72 वर्षीय महिला के दोनों घुटनों का प्रत्यारोपण किया गया। महिला पिछले सात वर्षों से ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या से जूझ रही थीं। बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य रूप से चलना-फिरना, सीढ़ियां चढ़ना और रोजमर्रा के काम करना भी मुश्किल हो गया था। अस्पताल के अनुसार, महिला के दोनों घुटनों में लगातार दर्द और अकड़न की शिकायत थी। समय के साथ समस्या बढ़ती गई और उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित होने लगी। परिजन उन्हें उपचार के लिए फेलिक्स अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के बाद दोनों घुटनों में ऑस्टियोआर्थराइटिस की गंभीर समस्या सामने आई।

मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद अस्पताल के निदेशक, अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं मुख्य जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. अंचित उप्पल ने दोनों घुटनों के प्रत्यारोपण की सलाह दी। इसके बाद रोबोटिक तकनीक की सहायता से दोनों घुटनों की सर्जरी की गई।



डॉ. अंचित उप्पल ने बताया कि रोबोटिक तकनीक की मदद से मरीज के घुटनों की बनावट और शारीरिक संरचना के अनुसार सर्जरी की योजना तैयार करने में सहायता मिलती है। इससे प्रत्यारोपण के दौरान अधिक सटीकता हासिल करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि इस सर्जरी में बाहरी टांकों के बिना उपचार किया गया और रक्तस्राव भी बेहद कम रहा। सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह रोकने वाली टॉर्निकेट मशीन का भी इस्तेमाल नहीं किया गया।

सर्जरी के बाद महिला की स्थिति में सुधार हुआ है और वह दोबारा चलने-फिरने में सक्षम हो रही हैं। लंबे समय से उनकी परेशानी देख रहे परिजनों ने उपचार के बाद राहत मिलने पर चिकित्सकों और पूरी चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मरीज को फिलहाल चिकित्सकीय निगरानी



में रखा गया है। चिकित्सकों ने सर्जरी के बाद आवश्यक सावधानियों और नियमित देखभाल की सलाह दी है। हालांकि, चिकित्सकों का कहना है कि रोबोटिक तकनीक के परिणाम प्रत्येक मरीज की शारीरिक स्थिति और बीमारी की गंभीरता के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

छठ पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट, सेंट्रल नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

डीसीपी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ की बैठक, घाटों पर सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए गौतमबुद्धनगर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में सेंट्रल नोएडा जोन के अधिकारियों ने पूजा स्थलों और घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

इस संबंध में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह और



अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा स्वतंत्र कुमार सिंह ने जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्तों और थाना प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में छठ पूजा के दौरान सुरक्षा प्रबंधन, पूजा स्थलों और घाटों की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में छठ पूजा स्थलों और घाटों का पहले से निरीक्षण करें। वहां उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और संभावित भीड़ के मद्देनजर आवश्यक इंतजामों का आकलन किया जाए। पूजा समितियों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कराई जाएं।

पुलिस अधिकारियों ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, नियमित गश्त बढ़ाने और प्रमुख स्थानों पर प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पहले से तैयारी रखी जाए। असामाजिक और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आपसी समन्वय, सतर्कता और प्रभावी पुलिस व्यवस्था के माध्यम से छठ पूजा को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च महत्व देने की बात कही है।

नोएडा में पहली बार सजेगी 'अपने-अपने राम' की भव्य रामकथा, डॉ. कुमार विश्वास करेंगे तीन दिवसीय प्रस्तुति

13 से 15 नवंबर तक वल्र्ड्स ऑफ वंडर में होगा आयोजन, राम जन्मोत्सव से लेकर रामराज्याभिषेक तक के प्रसंगों से रूबरू होंगे श्रोता

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन, आदर्शों और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नोएडा में पहली बार तीन दिवसीय ह्यअपने-अपने रामह्ल कार्यक्रम का भव्य आयोजन होने जा रहा है। विश्वविख्यात कवि और प्रख्यात रामकथा मर्मज्ञ डॉ. कुमार विश्वास अपनी विशिष्ट काव्यात्मक शैली में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों की प्रस्तुति देंगे। 13 से 15 नवंबर तक वल्र्ड्स ऑफ वंडर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं उद्यमी मुकेश शर्मा के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7:30 बजे तक रामकथा का आयोजन होगा। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को भावपूर्ण और काव्यात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा।

आयोजन के पहले दिन श्रीराम जन्मोत्सव का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। दूसरे दिन सीताराम विवाह और तीसरे दिन श्रीराम के राजतिलक की कथा सुनाई जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, मयार्दा, संस्कार और भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ना भी है।

आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है, लेकिन इसमें शामिल होने के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य होगा। आयोजन में परिवारों, युवाओं और शहर के संस्कृति प्रेमियों की भागीदारी की अपेक्षा की जा रही है।



शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं मुकेश शर्मा

इस आयोजन के सौजन्यकर्ता मुकेश शर्मा ने नोएडा को अपनी कर्मभूमि बनाकर उद्यमिता, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। एक उद्यमी के रूप में उन्होंने हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान दिया है। प्रोमेथियस स्कूल के माध्यम से उनका प्रयास बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ खेल, नेतृत्व क्षमता, उद्यमशीलता और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना है। उनका मानना है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बननी चाहिए।

मुकेश शर्मा ने कहा कि नोएडा ने उन्हें आगे बढ़ने और समाज के लिए कार्य करने के अनेक अवसर दिए हैं। ह्यअपने-अपने रामह्ल का आयोजन इसी शहर के प्रति आभार व्यक्त करने और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन परिवारों और युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे स्वयंसेवकों और हनुमंत परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास, सेवाभाव और समर्पण से ही इतने बड़े आयोजन को साकार किया जा रहा है।

तीन दिनों तक चलने वाला यह आयोजन नोएडा के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण में एक विशेष अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

लायंस क्लब ने लगाया निशुल्क नेत्र जांच शिविर, 84 मरीजों की जांच

समाज जागरण

अग्रवाल मंडी टटीरी। लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सी-2 की ओर से एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्लब के सचिव लायन दीपक गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अंधत्व निवारण में सहयोग करने का आह्वान किया।शिविर में डॉक्टर सुशांत उपाध्याय ने 84 नेत्र रोगियों की आधुनिक मशीनों से जांच की। जांच में 4 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, जिन्हें लायंस नेत्र हॉस्पिटल फ्रेंड्स कॉलोनी नई दिल्ली भेजा गया। वहीं 36 लोगों को जांच के बाद चश्मे के नंबर दिए गए और चश्मे वितरित किए गए।शिविर के मुख्य संयोजक एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता रहे। इस दौरान कोषाध्यक्ष लायन आशुतोष मित्तल, उप सचिव डॉक्टर मयंक गोयल, लायन विभोर जिंदल, लायन मनोज मित्तल, लायन डॉक्टर रामलाल, लायन डॉक्टर योगेश चौधरी, कुमारी सोनम चौहान, कुमारी प्रियांशी आदि ने सहयोग किया।



बड़ागांव जैन मंदिर में 17 नवंबर से होगा सिद्धचक्र महामंडल विधान

समाज जागरण

बागपत। पारस प्रभु के अतिशय क्षेत्र बड़ागांव स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आगामी 17 नवंबर से भव्य सिद्धचक्र महामंडल विधान का



आयोजन होगा। आठ दिन तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर मंदिर कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोजन में बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। बड़ागांव स्थित पारस प्रभु का अतिशय क्षेत्र जैन धर्मावलंबियों की गहरी आस्था का केंद्र है। यहां पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़े मंदिर में पारस प्रभु की चमत्कारी प्रतिमा विराजमान है। मंदिर परिसर में 17 नवंबर से सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ होगा, जो 24 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। मंदिर कमेटी के सुभाष जैन ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान में बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी शामिल होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू करा दी गई हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था भी मंदिर परिसर में ही की जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।

अवैध मिट्टी खनन पर एसडीएम का छापा, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी सीज

बड़ागांव मार्ग के जंगल में की गई छापेमारी, खनन माफियाओं में मचा हड़कंप
एसडीएम ने दी चेतावनी, रात में भी होगी अधिकारियों की गश्त

समाज जागरण

बागपत। खेकड़ा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। एसडीएम दीप शिखा सिंह ने बृहस्पतिवार को बड़ागांव मार्ग स्थित जंगल में छापेमारी कर अवैध खनन में लगे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और



एक जेसीबी मशीन को जब्त कर सीज कर दिया। प्रशासन की अचानक हुई कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। एसडीएम दीप शिखा सिंह ने अधिकारियों के साथ बड़ागांव मार्ग के जंगल में छापेमारी की। इस दौरान मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन पकड़ी गई। प्रशासन ने तीनों वाहनों को जब्त कर सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद एसडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध मिट्टी खनन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए दिन के साथ रात में भी अधिकारियों की गश्त कराई जाएगी। कहीं भी अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी। प्रशासन की इस सख्ती से मिट्टी खनन में संलिप्त लोगों में खलबली मची हुई है।

सृजन सम्मान दिवंगत साहित्यकार धीरेंद्र वर्मा को समर्पित

समाज जागरण

लखनऊ। यूपी प्रेस क्लब व यूपी साहित्य सभा द्वारा आयोजित 174वां सृजन सम्मान आज का दिन गुरुवार को दिवंगत हुए वरिष्ठ साहित्यकार श्री धीरेंद्र वर्मा को समर्पित कर सम्मान का नाम धीरेंद्र वर्मा स्मृति सृजन सम्मान कर दिया गया। गुरुवार को 174वां धीरेंद्र वर्मा सृजन सम्मान वरिष्ठ शायरा भावना श्रीवास्तव को तथा धीरेंद्र वर्मा प्रेरणा सम्मान दिहाड़ी किचन के संस्थापक



सोमनाथ कश्यप को हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना, महेंद्र भीष्म व शिव शरण सिंह ने दिया। मधु पाठक मांझी के संयोजन और भ्रमर बैसवारी की अध्यक्षता में हुए इस सम्मान समारोह में योगी योगेश शुक्ल, महेश चंद्र महेश, प्रमोद श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सच्चिदानंद शलभ, राम दीक्षित, पंकज दिनकर, कौसर रिजवी, डॉ. सुभाष चंद्र गुरुदेव, महेश अस्थाना मधुर, संजय शर्मा रुद्र, विभा त्रिपाठी, नीलम दीक्षित, अरुणिमा जोशी, विमला त्रिवेदी, पं. बे अदब लखनवी, अच्युतानंद जायसवाल, हैदर जाफरी, अजय तोमर, खालिद लखनवी, रूबी राज सिन्हा आदि उपस्थित थे। शोकसभा के साथ कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

पीपीपी मॉडल से होगा खेकड़ा खेल स्टेडियम का कायाकल्प, खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

डीएम ने स्टेडियम का निरीक्षण कर अधिकारियों को आधुनिकीकरण की कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

शूटिंग रेंज, रनिंग ट्रैक और क्रिकेट पिच का होगा निर्माण, हर खेल के लिए तैनात होंगे प्रशिक्षक

समाज जागरण

बागपत। वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे खेकड़ा खेल स्टेडियम के दिन अब बहुरने वाले हैं। शासन-प्रशासन ने स्टेडियम की तस्वीर बदलने की तैयारी शुरू कर दी है। अब इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसके तहत स्टेडियम का आधुनिक सुविधाओं से लैस खेल परिसर के रूप में कायाकल्प होगा। इस पहल से क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल प्रतिभा निखारने के अवसर मिल सकेंगे। जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल ने गुरुवार को खेकड़ा-मवीकलां के जंगल में स्थित खेल स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की मौजूदा स्थिति और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को इसके



विकास की प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पीपीपी मॉडल के तहत स्टेडियम का सुनियोजित ढंग से आधुनिकीकरण किया जाएगा। यहां खिलाड़ियों को एक ही परिसर में खेलों से जुड़ी सभी आवश्यक मूलभूत और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। स्टेडियम में शूटिंग रेंज, आधुनिक रनिंग ट्रैक और क्रिकेट पिच सहित विभिन्न खेलों के लिए जरूरी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग खेलों के प्रशिक्षकों की समुचित व्यवस्था भी की जाएगी। खेल संसाधनों का विस्तार कर स्टेडियम को क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। स्टेडियम के आधुनिकीकरण की पहल से खेकड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में नई उम्मीद जगी है। उन्हें अब अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम दीप शिखा सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार और क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

योगेश टुंडा व दीपक तितर की कैराना कोर्ट में नहीं हो सकी पेशी

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है दोनों कुख्यात शूटर, हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या की साजिश में शामिल होने का है आरोप

समाज जागरण

कैराना। हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड की साजिश में आरोपी बनाए गए तिहाड़ जेल में बंद योगेश टुंडा और दीपक डबास उर्फ तितर की गुरुवार को कैराना कोर्ट में पेशी नहीं हो सकी। अब कोर्ट ने अगली पेशी के लिए 16 नवंबर की तारीख नियत की है। विगत 26 अगस्त को हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की शामली में आर्यपुरी नाला पटरी पर स्थित जिम से निकलते समय गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज में चार शूटरों के द्वारा गोलियां बरसाकर हत्या किया जाना सामने आया था। इनमें से दो शूटरों सुमित और मोहित को 31 अगस्त को शामली में कैराना रोड पर हुई मुठभेड़ में पुलिस ने मार गिराया था, जबकि दो अन्य शूटर सत्यम और आर्यन को पुलिस अभी तक भी नहीं पकड़ पायी है। इसी बीच जांच पड़ताल में अंकित की हत्या के तार दूर तक जुड़ते चले गए। पुलिस के अनुसार गोगी गैंग के सरगना भोलू शाहपुरिया इस हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता रहे है। इसके अलावा, जेल में बंद भोलू शाहपुरिया के गुर्गे भी हत्याकांड की साजिश में शामिल है। ऐसे ही दो साजिशकर्ता योगेश टुंडा और दीपक डबास उर्फ तितर का नाम भी पुलिस जांच में सामने आया है। वर्तमान में दोनों आरोपी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। दोनों ही लॉरेंस बिश्नोई और गोगी गैंग से जुड़े बताए जा रहे है। पुलिस ने दोनों को अंकित बालियान की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोपी बनाया है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दोनों की कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली की अदालत में पेशी कराई गई थी। उस दौरान शामली पुलिस ने दोनों आरोपियों का रिमांड हासिल कर उन्हें मुकदमे में आरोपी बनाया था। विगत 03 नवंबर को दोनों आरोपियों ने दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में प्रार्थना-पत्र देकर शामली पुलिस द्वारा उन्हें फर्जी एनकाउंटर में मार गिराने की आशंका जताई थी। दोनों ने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनाकर व हाथों-पैरों में बेड़ियां डालकर कोर्ट ले जाने की गुहार लगाई थी। वहीं, हत्याकांड की विवेचना कर रहे सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार का कहना है कि गुरुवार को दोनों आरोपियों की कोर्ट में पेशी होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से दिल्ली पुलिस उन्हें तिहाड़ जेल से कैराना कोर्ट नहीं ला सकी है। अगली पेशी के लिए कोर्ट ने 16 नवंबर की तारीख नियत की है।

जगनपुर तौल केंद्र पर गन्ना लेकर पहुंचने लगे किसान

दीपावली के त्योहार के चलते तौल केंद्र पर अपेक्षाकृत कम रही गन्ने की आवक, तीन दिनों में कुल 370 कुंतल गन्ना लेकर पहुंचे किसान

समाज जागरण

कैराना। गुरुवार को त्रिवेणी इंजीनियरिंग एवं इंडस्ट्रीज लिमिटेड की शामली शुगर मिल के 2026-27 के पेराई सत्र के शुभारंभ के साथ ही जगनपुर तौल केंद्र पर भी क्षेत्र के किसान गन्ना लेकर पहुंचना शुरू हो गए है। हालांकि शुगर मिल की ओर से इंडेट जारी होने के चलते विगत मंगलवार से ही किसानों ने तौल केंद्र पर गन्ना डालना शुरू कर दिया था। फिलहाल शुगर मिल की ओर से जगनपुर तौल केंद्र के लिए 1800 कुंतल का इंडेट जारी किया गया है, जिसे फैक्ट्री की रफ्तार के साथ ही बढ़ाए जाने की उम्मीद है। पिछले तीन दिनों में तौल केंद्र पर कुल 370



कुंतल गन्ना पहुंचा है, जिसमें 150 कुंतल अकेले गुरुवार को डाला गया है। अभी तक किसान दीपावली का त्योहार मनाने में व्यस्त थे, जिस कारण तौल केंद्र पर अपेक्षाकृत कम मात्रा में गन्ना पहुंचा है। इस दौरान गन्ना तौल केंद्र पर लिपिक विपुल चौहान व जगनपुर के पर्यवेक्षक योगेंद्र सिंह मौजूद रहे। वहीं, सहायक महाप्रबंधक गन्ना सुशील पंवार ने बताया कि किसानों की सुविधा के दृष्टिगत इस बार तीन प्रकार की पर्चियों की व्यवस्था की गई है, जिसके तहत किसान अपने सप्लाई मोड़(हाडे) को 09, 18 अथवा 27 कुंतल में से किसी एक में करा सकते है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था तौल केंद्रों पर गन्ने के वाहनों की संख्या को नियंत्रित करने के साथ ही किसानों के लिए भी सुविधाजनक रहेगी। सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि जगनपुर गन्ना तौल केंद्र शामली शुगर मिल का सबसे बड़ा सेंटर है। विगत पेराई सत्र में यहां पर कण्डेला, हिंगोखेड़ी जगनपुर व शेखूपुरा के किसानों के द्वारा 2.59 लाख कुंतल गन्ना डाला गया था।

सिंगरौली के पांच आरोपी गिरफ्तार, 70 लीटर डीजल बरामद एनसीएल बीना क्षेत्र में डीजल चोरी करते समय पकड़े गये

समाज जागरण

सिंगरौली(विनय कुमार):-शक्तिनगर पुलिस और एनसीएल सुरक्षा टीम की संयुक्त कार्रवाई, बोलेरो कैंपर और डीजल निकालने के उपकरण भी जब्त एनसीएल क्षेत्र में डीजल चोरी के मामले में शक्तिनगर पुलिस और एनसीएल की सुरक्षा टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सिंगरौली जिले के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 70 लीटर चोरी का डीजल, एक बोलेरो कैंपर और डीजल निकालने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण व पाइप बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) और क्षेत्राधिकारी पिपरी के निर्देशन में शक्तिनगर पुलिस तथा एनसीएल सुरक्षा अधिकारी-कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रितेश कुमार (35), निवासी ग्राम पोखरा, थाना बरगवां; राजेश यादव (24), निवासी ग्राम धवई, थाना चितरंगी;



मारतन सिंह (23), निवासी ग्राम चमरखोंड गोरवी, थाना सिंगरौली; रामगोबिन्द यादव (25), निवासी ग्राम जीर, थाना माड़ा और राजेन्द्र कुशवाहा (32), निवासी ग्राम परीली कला, थाना नवानगर, जिला सिंगरौली के रूप में हुई है। बोलेरो कैंपर और चोरी के उपकरण जब्त पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 70 लीटर डीजल, एमपी-66-जेडसी-9366 नंबर की बोलेरो कैंपर और डीजल निकालने के उपकरण व पाइप बरामद किए हैं। इस मामले में थाना शक्तिनगर में अपराध क्रमांक 195/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317(2) और 3(5) में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस और एनसीएल सुरक्षा टीम की भूमिका कार्रवाई में शक्तिनगर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, बीना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम तिवारी, आरक्षक सत्यम सरोज तथा एनसीएल के सुरक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम शामिल रही।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सनातन की आस्था में बनी प्रेरक : राजेन्द्र अग्रवाल

समाज जागरण

बागपत। श्री अग्रसेन धाम कुंडली के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने श्री अग्रसेन धाम कुंडली में निरंतर 7 दिनों तक चल रही भगवान श्री गोवर्धन पूजा में विशेष रूप से पधारकर भगवान गोवर्धन जी को विधिवत पूजा करके विराजमान करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। श्री अग्रवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का सनातन संस्कृति के प्रति भरपूर आस्था व सम्मान भगवान श्री गोवर्धन की महानता के अनुरूप है जो भारत की राजधानी दिल्ली की मुख्यमंत्री के सर्वोच्च पद पर विद्यमान होने के पश्चात भी उन्होंने सनातन की जागृति के लिए पूरी सहजता एवं सरलता के साथ भगवान गोवर्धन की विराट प्रतिमा की महिमा को सुनकर स्वयं श्री अग्रसेन धाम कुंडली में 7100 किलो गाय के शुद्ध गोबर से तैयार 41 फीट की भगवान गोवर्धन जी की पूजा की और साथ में 108 पग की परिक्रमा भी की। इसके साथ गौ माता को गुड़ चारा खिला कर सभी को गौ



रक्षा व गौ पालन का संदेश उनकी इस प्रकार से धर्म व हिंदू परम्परा को प्राथमिकता एवं आस्था सर्व समाज के लिए सनातन के प्रति प्रेरक बनकर एक महान संदेश के रूप में विख्यात हो रही है। संस्था के सेठ भामाशाह व श्री गिरिराज जी के भक्त सुरेश गर्ग ने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष में इस प्रकार से भगवान गोवर्धन जी की छवि श्री गिरिराज जी के रूप में विद्यमान करके विराट रूप से पूजा श्री अग्रसेन धाम में ही की जाती है और धाम में लगातार 7 दिन पूजा करने के पीछे भगवान श्री कृष्ण द्वारा जब गोकुल और बरसाना वासियों की इंद्र देवता के प्रकोप से रक्षा के लिए उन्होंने अपनी सबसे छोटी उंगली पर श्री गोवर्धन पर्वत को विराजमान किया, जिनकी छत्रछाया में सभी गोकुल बरसाना वासियों की रक्षा सुरक्षा हो सकी। गुरुवार को श्री अग्रसेन धाम में नरेला से माता मनसा देवी संकीर्तन मंडल द्वारा भारी संख्या में भगवान गोवर्धन जी की परिक्रमा की व लगातार कई घंटें संकीर्तन करके प्रसाद अर्पण किया।

इस अवसर पर श्री भगवान गोयल ,संतोष गोयल , माता मनसा देवी सेवा ट्रस्ट नरेला के अध्यक्ष कुलदीप आर्य, पुजारी प्रशांत जी, नरेश गर्ग, रश्मि सिंघल, अनु अग्रवाल, मीतू बंसल, ज्योति, ऋषभ अग्रवाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति शमिल रहे।

ईपीई पर खड़े ट्रक में घुसा कैंटर, चालक समेत तीन घायल

बड़ागांव के पास चालक को आई नींद की झपकी, कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त

दो घायलों के पैरों में फ्रैक्चर, प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर

समाज जागरण

बागपत। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात नींद की झपकी आने से एक कैंटर चालक नियंत्रण खो बैठा और कैंटर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसा। हादसे में चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हरियाणा के हिसार निवासी मनदीप कैंटर चलाता है। बुधवार को वह कैंटर में हिसार से माल लेकर गाजियाबाद के डासना गया था। रात में वह अपने साथी सोनू और अरुण



के साथ वापस लौट रहा था। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ागांव के पास पहुंचने पर चालक मनदीप को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे कैंटर अनियंत्रित होकर वहां खड़े एक ट्रक से जा टकराया।

हादसे में मनदीप, सोनू और अरुण घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए खेकड़ा अस्पताल पहुंचाया। चिकि त्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि मनदीप और सोनू के पैरों में फ्रैक्चर हुआ है। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से चला गया। कोतवाली प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि हादसे के संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

युवती का नंबर मांगने वाले फेरीवाले को परिजनों ने बुलाकर पीटा, पुलिस को सौंपा

कपड़े दिखाने के दौरान युवती से मांगा था मोबाइल नंबर, भाई का नंबर देने पर भी किया फोन

परिजनों ने बातचीत की रिकॉर्डिंग कर युवक को मिलने के बहाने बुलाया

समाज जागरण

खेकड़ा। एक मोहल्ले में युवती से मोबाइल नंबर मांगना कपड़ा बेचने वाले फेरीवाले को भारी पड़ गया। आरोप है कि युवती से नंबर मांगने और बाद में फोन करने पर परिजनों ने उसे मिलने के बहाने बुला लिया। वहां पहुंचते ही उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद परिजनों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। रटौल निवासी एक युवक फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करता है। गुरुवार को वह खेकड़ा के एक मोहल्ले में कपड़े दिखाने पहुंचा था।



इसी दौरान उसने एक युवती से मोबाइल नंबर मांगा। युवती ने अपना नंबर देने के बजाय उसे अपने भाई का मोबाइल नंबर दे दिया। आरोप है कि इसके बाद फेरीवाले ने उसी नंबर पर फोन किया और युवती से बात करने की कोशिश की। इसकी जानकारी होने पर युवती के परिजनों ने उसे सबक सिखाने की योजना बनाई। उन्होंने चालाकी से युवती की युवक से फोन पर बातचीत कराई और उसकी रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद युवक को मिलने के बहाने बुला लिया। जैसे ही युवक वहां पहुंचा, परिजनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मामले को लेकर कस्बे में चर्चा बनी रही।

नगराम पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार बुजुर्ग को वापस कराए 14,516 रुपये

समाज जागरण

नगराम।लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को पुलिस ने राहत दिलाते हुए 14,516.34 रुपये वापस करा दिए। साइबर ठगों ने पेंशन चालू कराने का झांसा देकर पीड़ित के मोबाइल से सिम निकाल ली थी और यूपीआई आईडी बनाकर उसके खाते से 1,43,354 रुपये अलग-अलग स्थानों पर ट्रांसफर कर लिए थे।पुलिस के मुताबिक पाटवाखेड़ा मजरा समेसी निवासी परीदीन पुत्र मैकू ने बीते 5 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उसके घर पहुंचा और खुद को ब्लॉक का कर्मचारी बताते हुए पेंशन चालू कराने के लिए मोबाइल और आधार कार्ड मांगा। इस दौरान पीड़ित मोबाइल देकर आधार कार्ड लेने घर के अंदर चला



गया। तभी आरोपी ने धोखे से मोबाइल से सिम निकाल ली और आधार कार्ड व बैंक पासबुक की जानकारी भी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित के सिम नंबर से अपने मोबाइल में यूपीआई आईडी बनाकर कुल 1,43,354 रुपये की ठगी कर ली।ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल एनसीआरपी पोर्टल पर तीन शिकायतें दर्ज कराईं। पुलिस की साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग खातों में 20,785.45 रुपये, 78,079.77 रुपये और 22,667.79 रुपये होल्ड कराए। इनमें से 14,516.34 रुपये की रिफंड रिक्वेस्ट प्राप्त होने पर साइबर टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बीते 11 नवंबर 2026 को यह धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी।पुलिस के अनुसार, शेष होल्ड धनराशि की वापसी के लिए संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में साइबर क्राइम टीम की महिला उपनिरीक्षक अल्पा कटियार और महिला कांस्टेबल रश्मि देवी शामिल रहीं।

नगराम में मारपीट और धमकी के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई

समाज जागरण

नगराम।लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, हरदोईया निवासी पियारा पत्नी शिवपरसन ने गांव के ही पलटू पुत्र स्वर्गीय भाईलाल के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र दिया था। पीड़िता की शिकायत के आधार पर नगराम पुलिस ने बुधवार को आरोपी पलटू के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था।मामले की विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक ऋषभ पाण्डेय ने गुरुवार को आरोपी के विरुद्ध बीएनएसएस की धाराओं के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

कालांवाली यूथ मैराथन की तैयारियों को लेकर एडीसी अर्पित संगल ने किया निरीक्षण, अधिकारियों के साथ की बैठक

- मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि, ११ नवंबर को प्रातः 6 बजे नई अनाज मंडी से शुरू होगी मैराथन; २१, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ में युवा दिखाएंगे दमखम

समाज जागरण

कालांवाली 12 नवंबर (सुरेश जोरा सिया) कालांवाली में 22 नवंबर को आयोजित होने वाली यूथ मैराथन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने आयोजन स्थल नई अनाज मंडी कालांवाली तथा मैराथन के निर्धारित मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उस रूट का भी दौरा किया, जहां से मैराथन में भाग लेने वाले युवा दौड़ लगाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात, पेयजल, साफ-सफाई सहित आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत कालांवाली एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मैराथन के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी अर्पित संगल ने अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने और आयोजन में भाग लेने वाले युवाओं एवं अतिथियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान में एसडीएम मोहित कुमार, भाजपा डबवाली जिला अध्यक्ष रेनू शर्मा, पूर्व सांसद चरण सिंह रोड़ी, डा. संजीव शर्मा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष सतपाल शर्मा, हरविंद्र सिंह, मेजर सिंह, मंडल अध्यक्ष लवली गर्ग तथा डीएसपी ललित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति का संदेश देना मैराथन का मुख्य उद्देश्य : रेनू शर्मा

भाजपा डबवाली जिला अध्यक्ष रेनू



शर्मा ने कहा कि इस यूथ मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना है। नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती है और इसे समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गंभीर हैं। मुख्यमंत्री का संकल्प है कि हरियाणा को नशामुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जोडकर नशे से दूर रखने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आमजन और युवाओं से मैराथन में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया।

तीन श्रेणियों में होगी मैराथन

यूथ मैराथन का आयोजन 22 नवंबर 2026 को प्रातः 6 बजे नई अनाज मंडी, कालांवाली से किया जाएगा। इसमें 21 किलोमीटर, 10 किलो मीटर और 5 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में दौड़ आयोजित होगी। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

जिला प्रशासन सिरसा द्वारा नशा मुक्त हरियाणा के संदेश के साथ आयोजित इस मैराथन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

भिवानी जिले के विभिन्न गांवों में 14 व 15 नवंबर को फ्लैग मार्च निकालकर किसानों को पराली नही जलाने बारे किया जाएगा जागरूक

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 12 नवंबर। फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए डीसी साहिल गुप्ता के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न गांवों में 14 व 15 नवंबर को फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। फ्लैग मार्च निकाल कर किसानों को पराली नही जलाने के बारे जागरूक किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने ये जानकारी देते हुए बताया कि फसल अवशेषों में आग लगाने की घटनाएं पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। कृषि विभाग किसानों को जागरूक करने के लिए लगातार प्रयासरत है। विभाग की टीमें गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद कर रही हैं ताकि वे पराली न जलाएं। किसानों को पराली जलाने पर की जाने वाली सख्त कार्रवाई के बारे में चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जागरूकता को लेकर ही विभाग एक फिर से फ्लैग मार्च निकालकर किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक करेगा। - इन गांवों में निकाला जाएगा फ्लैग मार्च 14 नवंबर को गांव बामला, खरक, कलिंगा, सैय, चांग, बडेसरा, धनाना, जताई, सुखपुरा, मुंढाल, तालू, तिगड़ाना, घुसकानी, मिताथल, गुजरानी और कालूवास में फ्लैग मार्च निकालकर किसानों को जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार से 15 नवंबर को गांव जाटू लोहारी, बवानी खेड़ा, पुर, सिवाड़ा, कुंगड़, सिवाना, बड़सी, मिलकपुर, पपोसा, जमा लपुर, सिपर, बोहल, रोहनात, रतेरा, बलियाली और सुई गांवों में फ्लैग मार्च निकाल कर किसानों को पराली न जलाने के बारे में जागरूक किया जाएगा।

फैमिली आईडी की त्रुटियां दूर करने के साथ ही नागरिकों की अन्य समस्याओं के स्थायी समाधान करें अधिकारी

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 12 नवंबर। वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित हुआ। समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं का स्थायी समाधान करें ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार अपनी समस्या को लेकर ना आना पड़े। समाधान शिविर में वार्ड नंबर दो से एमसी संदीप ने पेयजल लाइन को दुरुस्त करवाने, स्थानीय निवासी दिनोद गेट अश्वनी गोयल ने प्रॉपर्टी आईडी दुरूस्त करवाने, गांव नरहेड़ा निवासी मदन सिंह और गांव केहरपुरा निवासी अनिल ने इंतकाल करवाने से संबंधित समस्या डीडीपीओ के समक्ष रखी। इसी प्रकार से गांव बजीणा निवासी सुरेश देवी, स्थानीय जीतू वाला जोहड़ निवासी रेखा, लाजपत नगर निवासी सुमन, गांव तालू निवासी विक्की शर्मा, पुलिस लाइन निवासी मेहर सिंह, वार्ड नंबर-16 निवासी संजय, गांव चांग निवासी आशीष वर्मा ने फैमिली आईडी में त्रुटियां दुरुस्त करवाने की समस्या रखी।

डीडीपीओ ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक मामले की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य रामकिशन हलवासिया, सुनील वर्मा नंबरदार, अजीत शेखावत और केके ग्रोवर मौजूद रहे।

युवा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं: एसडीएम महेश कुमार

- आईटीआई में विकसित भारत यंग डायलॉग के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का पीपीटी राउंड हुआ आयोजित

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 12 नवंबर। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई में विकसित भारत यंग डायलॉग के अंतर्गत स्टेज-तृतीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का पीपीटी राउंड आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम महेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से विकसित भारत के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार, सुझाव एवं दृष्टिकोण प्रस्तुत किए। एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि युवाओं के विचार, नवाचार, रचनात्मक सोच एवं सक्रिय सहभागिता से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मंच युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, सम-सामयिक विषयों को समझने और देश के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।





जिला युवा अधिकारी मानसा ने माय भारत कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवा संवाद एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी को विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के प्रधानाचार्य जयदीप कादयान ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए

प्रेरित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल चौ. बंसीलाल विश्व विद्यालय से डॉ. मनोज कुमार तेवतिया एवं डॉ. विपिन जैन तथा राजीव गांधी महिला महाविद्यालय से डॉ रेनू बाला ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का विषय की समझ, विचारों की मौलिकता, प्रस्तुतीकरण शैली, नवाचार एवं विषय से संबंधित

मानवता और सेवा भावना का परिचय देते हुए 5 रक्तदाताओं ने समय पर पहुंचाई मदद, आपात स्थिति में किया रक्तदान

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

भिवानी, 12 नवंबर : यहां एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन एक मरीज को तत्काल ए पॉजिटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता होने की सूचना मिलने पर पांच रक्तदाताओं ने आगे आकर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। मरीज की जरूरत को देखते हुए आनंद सोनी, अशोक, सुरेंद्र जैन, मनोज नेगी और विकास ने प्लेटलेट्स दान कर जरूरतमंद की मदद के लिए सराहनीय योगदान दिया। इस पुनीत कार्य के लिए शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने सभी पांचों रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान और प्लेटलेट्स दान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति की जरूरत के समय आगे आकर उसकी मदद करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि रक्त की



आवश्यकता कभी भी किसी को पड़ सकती है, इसलिए समाज के प्रत्येक स्वस्थ एवं योग्य व्यक्ति को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पांचों रक्तदाताओं ने जरूरत के समय आगे आकर समाज के सामने सेवा और समर्पण की अच्छी मिसाल पेश की है। ऐसे सेवाभावी लोगों के कारण ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल पाती है। राजेश डुडेजा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान एवं प्लेटलेट्स दान के लिए आगे आएं और जरूरतमंदों की सहायता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। पांचों रक्तदाताओं की इस पहल ने यह संदेश दिया कि किसी जरूरतमंद की सहायता के लिए उठाया गया एक छोटा सा कदम भी किसी परिवार के लिए बड़ी उम्मीद बन सकता है।

लाडावास के टिबड़ी धाम में 19 नवंबर को 11वां श्री हनुमान जी वार्षिक महोत्सव, विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन

रात 9:15 बजे से प्रभु इच्छा तक सजेगी भजन संध्या, हरियाणा व राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

सोमबीर भगत होंगे मुख्य अतिथि, टिबड़ी धाम सेवा समिति और ग्रामवासियों ने शुरू की तैयारियां

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

बहल। क्षेत्र के गांव लाडावास स्थित टिबड़ी धाम में 19 नवंबर 2026, गुरुवार को 11वां श्री हनुमान जी वार्षिक महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशाल जागरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्री टिबड़ी धाम सेवा समिति और ग्रामवासियों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजकों के अनुसार जागरण का शुभारंभ रात्रि 9:15 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। इसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

प्रसिद्ध कलाकार देंगे भजनों की प्रस्तुतियां जागरण में अनीता भिवानी, विजय धूसकानी, रमेश चहड़िया और कुलदीप शर्मा ढाब-ढाणी अपनी भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। वहीं दादा शंकर साउंड, नवीन म्यूजिकल ग्रुप और सोनू आर्ट ग्रुप की ओर से संगीत की व्यवस्था की जाएगी। महोत्सव में भव्य श्रृंगार, अलौकिक दरबार, इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, छप्पन भोग और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण रहेंगी। सोमबीर भगत होंगे मुख्य अतिथि महोत्सव में कलवाणा धाम, लोहारू के महंत सोमबीर भगत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

वहीं टिबड़ी धाम लाडावास के पुजारी अनूप भगत के सानिध्य में धार्मिक आयोजन संपन्न होगा।श्री टिबड़ी धाम सेवा समिति, भक्तजनों एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को जागरण और भंडारे में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। समिति प्रधान राधवेंद्र (बिल्लू) ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने और धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की जर्सियां

जरूरतमंदों और असहाय लोगों की मदद करना प्रभु भक्ति से कम नहीं : महावीर मंढान

जनहित में मंच द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रशंसनीय : राम मेहर शर्मा आचार्य

समाज जागरण अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, 12 नवम्बर । जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) हरियाणा की ओर से स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से 100 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जोगना रियल एस्टेट के कारोबारी एवं समाजसेवी महावीर मंढान ने शिरकत की, जबकि थानेसर ब्लॉक समिति के चेयरमैन पतिनिधि एवं समाजसेवी राम मेहर शर्मा आचार्य ने कार्यक्रम की



अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि महावीर मंढान ने अपने संबोधन में कहा कि जरूरतमंदों और असहाय लोगों की सहायता करना प्रभु भक्ति से कम नहीं है। जो व्यक्ति समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करता है, वह वास्तव में मानवता की सच्ची सेवा करता है। जन कल्याण मंच द्वारा विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित करने जैसे पुनीत कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने संस्था के पदाधिकारियों की सेवा भावना और सामाजिक समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम मेहर शर्मा आचार्य ने कहा कि जन कल्याण मंच द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रशंसनीय हैं। संस्था जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी सराहनीय प्रयास कर रही है। समाज में ऐसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो निस्वार्थ भाव से सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती हैं। संस्था के अध्यक्ष दलबीर सिंह मलिक ने वर्षभर में मंच द्वारा किए गए सामाजिक एवं जनहित के कार्यों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना है। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश दत्त शर्मा ने शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के क्षेत्र में मंच द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महेंद्र शर्मा ने संस्था को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहेंगे, ताकि मंच के जनहितकारी कार्य निरंतर आगे बढ़ते रहें। डॉ. आशीष अनेजा ने उपस्थित पदाधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों का मंच के महासचिव सरपंच बलदेव सिंह सैनी व प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने जोरदार स्वागत किया। मंच संचालन संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनिल कपूर ने किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने स्थापना दिवस पर समाजसेवा के संकल्प को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में संस्था के महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन कल्याण मंच भविष्य में भी पूर्ण समर्पण और सेवा भावना के साथ जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। इस अवसर पर संस्था के उपप्रधान जगमोहन बंसल, रामपाल सरोहा, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगनाखेड़ा, हेमंत यदव, तरुण वधवा, शिव किरमच, स्वतंत्र शर्मा, के.सी. वर्मा, संजय शर्मा, शैलेश वत्स ,राजिन्द्र सिंह , सुभाष सिद्ध, सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

नलवा विधायक रणधीर पनिहार की बुआ के निधन पर शोकसभा आयोजित, गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

6 नवंबर को हुआ था मर्मन (कोहली) का आकस्मिक निधन, पनिहार फार्म पर रखी गई शोक बैठक

आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को संबल देने की प्रार्थना की

दैनिक समाज जागरण,
[[महेन्द्र जावला बहल]]

सिवानी। नलवा विधायक रणधीर पनिहार की बुआ मर्मन (कोहली) के आकस्मिक निधन पर पनिहार फार्म में शोकसभा आयोजित की गई। उनका निधन 6 नवंबर 2026 को हो गया था। दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए 12



नवम्बर को आसपास के क्षेत्रों से अनेक गणमान्य व्यक्ति और परिचित शोक बैठक में पहुंचे।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

शोकसभा में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।

कुरुक्षेत्र में संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की 756वीं जयंती पर 32वां वार्षिक महोत्सव 15 नवंबर को होगा आयोजित

अश्विनी वालिया
धर्मनगरी कुरुक्षेत्रः

संत शिरोमणि नामदेव छिम्बा समाज सभा (रजि.), कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में संत नामदेव मंदिर में 32वां वार्षिक महोत्सव रविवार, 15 नवम्बर 2026 को पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यह भव्य धार्मिक आयोजन भक्ति-लहर के अग्रदूत, बिठ्ठल भक्त संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की 756वीं जयंती तथा परम आदरणीय संत ह.भ.प. डॉ. श्री रामकृष्ण बगाड़े जी महाराज (महाराष्ट्र) के 100वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सभा के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिव्य उत्सव में महाराष्ट्र से पधारे बगाड़े जी महाराज के साथ-साथ समाज की गणमान्य विभूतियां, समाजसेवी और विभिन्न राज्यों से स्वजातीय संस्थाओं के प्रमुख प्रतिनिधि भाग लेंगे। दिनभर आयोजित होंगे धार्मिक अनुष्ठान महोत्सव के तहत 15 नवंबर को दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं



आध्यात्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगेः प्रातः 8:00 बजेः हवन एवं पूजन प्रातः 9:30 बजेः जलपान प्रातः 10:00 बजेः ध्वजारोहण प्रातः 10:30 बजेः ज्योति प्रज्वलन प्रातः 10:35 बजेः सुशील एण्ड पार्टी (मुलाना) द्वारा संत नामदेव जी के भजनों का संकीर्तन प्रातः 11:00 बजेः संतों के अमृतमयी प्रवचन दोपहर 12:00 बजेः पधारे हुए अतिथिगणों का सम्मान समारोह दोपहर 2:00 बजे सेः विशाल भंडारा (प्रसाद वितरण) वरिष्ठ विभूतियों की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति इस धार्मिक समागम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अशोक कुमार तोकी (कुरुक्षेत्र) बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संत नामदेव मन्दिर, भगवानपुर (उत्तराखण्ड) के प्रधान चन्द्र पाल नामदेव करेंगे।

इनके अतिरिक्त दिल्ली,राजस्थान, महाराष्ट्र , गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल और हरियाणा की नामदेव समाज सभाओं के प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहेंगे।

सभा के संरक्षक बाल कृष्ण (ठोल), चेयरमैन पृथपाल नीरज, प्रधान राम नाथ (लाडवा), महासचिव विनोद कुमार, वरिष्ठ उप-प्रधान राजिन्द्र पाल तोकी और मैनेजर अशोक चहल ने सभी श्रद्धालुओं व समाज बंधुओं से सपरिवार पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने और संत नामदेव जी व बिट्ठल भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी से जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने की शिष्टाचार भेंट, दीपावली एवं अन्य पर्वों की दी शुभकामनाएँ

समाज जागरण अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी के कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष श्री रमेश सैनी जी ने हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के चंडीगढ़ स्थित सरकारी आवास संत कबीर कुटीर पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें



दीपावली, विश्वकर्मा जयंती एवं भैया दूज के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमेश सैनी जी ने मुख्यमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने सभी का आत्मीयता से स्वागत किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्री देवी दयाल शर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष श्री संजीव सीकरी जी एवं जिला मीडिया प्रभारी श्री नरेंद्र पांचाल जी भी उपस्थित रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक-युवती गंभीर घायल, युवक का कटा पैर, मची अफरा-तफरी

समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद के ओबरा थाना क्षेत्र के भलुआ टोला स्थित डायमंड होटल अंधेरी पुल के समीप रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में युवक का एक पैर कट गया, जबकि युवती के सिर में चोट आई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रेलवे पोल संख्या 135/18 अ के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद के लिए प्रयास शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि घटना के करीब एक घंटे बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस पहुंचने में हुई देरी को लेकर मौके पर मौजूद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना था कि गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के मामले में एंबुलेंस की त्वरित उपलब्धता बेहद जरूरी है। सूचना मिलने पर ओबरा थाना प्रभारी और डायल 112 पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए सीधे जिला अस्पताल भेजनें की चर्चा रही। घायल युवक कोन थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, जबकि युवती जुगैल थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर दोनों के बीच प्रेम संबंध होने और अगले माह उनकी शादी होने की चर्चा भी सामने आ रही है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई पुख्ता जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी।

वही घटना की सूचना मिलने पर जल पुरुष के नाम से विख्यात समाजसेवी रमेश सिंह यादव अपनी पत्नी दुर्गावती देवी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों की स्थिति की जानकारी ली और उनके उपचार में हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। फिलहाल युवक और युवती ट्रेन की चपेट में किन परिस्थितियों में आए, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

धर्मशाला चौराहे तक ई-रिक्शा संचालन पर रोक से भड़का आक्रोश, सैकड़ों चालकों ने भरी हुंकार

पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा के नेतृत्व में चुर्क रामलीला मैदान से पुलिस लाइन तक निकला जुलूस , एसपी को सौंपा ज्ञापन, लगाई गुहार

चालकों ने उठाया दोहरे किराए और भेदभाव का मुद्दा, बोले- ई-रिक्शा ही परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। धर्मशाला चौराहे तक ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाए जाने से नाराज चालकों का आक्रोश गुरुवार को सड़कों पर दिखाई दिया। पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों ई-रिक्शा चालक चुर्क रामलीला मैदान से जुलूस निकालते हुए पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पूर्व की भांति धर्मशाला चौराहे तक ई-रिक्शा संचालन की अनुमति देने की जोरदार मांग उठाई। चालकों ने अपनी पीड़ा



बयां करते हुए कहा कि ई-रिक्शा उनके परिवार की रोजी-रोटी का प्रमुख साधन है। अधिकांश चालकों ने बैंक से कर्ज लेकर ई-रिक्शा खरीदा है। प्रतिदिन की कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण करने के साथ बैंक की किस्तें भी जमा करते हैं। ऐसे में संचालन का दायरा सीमित किए जाने से उनके सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है।

रोजगार पर चोट के साथ आम जनता की जेब पर भी पड़ रही दोहरी मार

पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि ई-रिक्शा को रॉबर्ट्सगंज से आगे जाने से रोके जाने के कारण चालकों की आजीविका प्रभावित हो रही है। इसका खामियाजा आम जनता को भी भुगतना पड़ रहा है। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वाहन बदलना पड़ता है, जिससे उन्हें दोहरा किराया देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चालकों की आर्थिक स्थिति और आम नागरिकों की आवागमन संबंधी परेशानियों को गंभीरता से समझना चाहिए। चालकों ने बताया कि पहले ई-रिक्शा धर्मशाला चौराहे तक सवारियां लेकर जाते थे, जिससे मरीजों, महिलाओं, बुजुर्गों और आम यात्रियों को काफी सहूलियत मिलती थी। लेकिन अब रास्ते में रोक दिए जाने से यात्रियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

एक ही मार्ग पर अलग-अलग नियम क्यों ?

पूर्व चेयरमैन चुर्क सईद कुरैशी ने सवाल उठाते हुए कहा कि संबंधित मार्ग पर बड़े वाहन और निजी बसें भी संचालित होती हैं। सड़क किनारे बसें खड़ी कर सवारियां बैठाए जाने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का असर मुख्य रूप से ई-रिक्शा चालकों पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसे चालकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार बताते हुए प्रशासन से समान नियम लागू करने की मांग की।ज्ञापन के माध्यम से ई-रिक्शा चालकों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि उनकी आजीविका और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति धर्मशाला चौराहे तक संचालन की अनुमति दी जाए। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के वाहनों पर निष्पक्ष एवं समान नियम लागू किए जाएं।

अब देखना यह है कि प्रशासन ई-रिक्शा चालकों की इस समस्या पर क्या निर्णय लेता है। फिलहाल चालकों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

हार्टफुलनेस का एकात्म अभियान, हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान: गोपाल

- छपका स्थित वृद्ध आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान योग शिविर का हुआ आयोजन

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। छपका स्थित वृद्ध आश्रम में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की पहल पर हार्टफुलनेस ऑर्गनाइजेशन की सोनभद्र हार्टफुलनेस टीम द्वारा तीन दिवसीय ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया।हार्टफुलनेस वॉलिंटियर्स डॉक्टर वैभव शर्मा, आचार्य नीलेश शर्मा, जगदीश बाबू, श्वेता वर्मा, सविता देवी एवं कंचन लता द्वारा प्रतिभागियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई।



हार्टफुलनेस डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं ट्रेनर गोपाल द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि हम अपने हृदय पर ध्यान करके हर पल सजग एवं जागरूक रह सकते हैं हर पल सतर्क रहना हमारा परम धर्म है। श्रीमद् भागवत गीता के श्लोक 61 अध्याय 18 और श्लोक 15 अध्याय 15 में भगवान श्री कृष्ण ने अपना लोकेशन साझा करते हुए कहा है कि मैं हर एक प्राणी के हृदय में निवास करता हूं। हम ईश्वर को अंतयार्मी भी कहते हैं अर्थात जो हमारे अंदर विराजमान है। जब स्वयं भगवान अपना लोकेशन हमें स्पष्ट रूप से बता रहे हैं तो हम उन्हें वहीं खोजें वही अनुभव करें। हम महाभारत के एक प्रसंग में यक्ष द्वारा जब धर्मराज युधिष्ठिर से प्रश्न किया जाता है कि धर्म क्या है तो इसके उत्तर में युधिष्ठिर ने कहा कि अप्रमाद । अप्रमाद का अर्थ होता है सावधानी, सतर्कता, या जागरूकता। सरल शब्दों में कहें तो, अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह सजग रहना और कोई लापरवाही न करना ही अप्रमाद है। शिविर के दूसरे सत्र में प्रतिभागियों को आंतरिक शुद्धिकरण या नवीनीकरण की प्रक्रिया सिखाई गई और अंतिम सत्र में प्रतिभागियों को अपने आंतरिक स्व से हार्टफुलनेस प्रार्थना के माध्यम से जुड़ना सिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के संबंध में अपना अनुभव साझा किया और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मनुष्य के स्वभाव की दो ही श्रेणियां-दैवीय और आसुरी, कर्मों से होती है पहचान : अरुण चौबे

शांति-प्रेम कुटीर में यथार्थ गीता पर हुई आध्यात्मिक परिचर्चा, काम, क्रोध और लोभ को बताया नरक का मूल द्वार

गीता के संदेशों को आत्मसात कर दैवीय गुणों को जीवन में उतारने का किया आह्वान

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। मनुष्य की पहचान उसकी जाति, धर्म, देश अथवा जन्मस्थान से नहीं, बल्कि उसके आचरण, विचार और कर्मों से होती है। संसार में मनुष्यों के स्वभाव की मूलतः दो श्रेणियां हैं–दैवीय और आसुरी। जब मनुष्य के हृदय में दैवीय संपदा का प्रभाव होता है तो उसके आचरण में देवत्व झलकता है, वहीं आसुरी संपदा की प्रधानता उसे पतन की ओर ले जाती है। यह आध्यात्मिक विचार

घोरावल तहसील क्षेत्र के धनावल गांव स्थित शांति-प्रेम कुटीर में गुरुवार को आयोजित यथार्थ गीता परिचर्चा के दौरान सामने आया। परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज द्वारा रचित गीता भाष्य यथार्थ गीता पर आयोजित परिचर्चा का शुभारंभ करते हुए स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के भक्त एवं गीता जयंती समारोह सोनभद्र के स्वागत सचिव अरुण चौबे ने गीता के श्लोकों का संदर्भ देते हुए कहा कि जब हृदय में दैवीय संपदा कार्यरूप में परिणत हो जाती है तो मनुष्य का जीवन देवत्व की ओर अग्रसर होता है। इसके विपरीत जब आसुरी संपदा का बाहुल्य हो जाता है तो मनुष्य स्वयं अपने आचरण से आसुरी प्रवृत्तियों को धारण कर लेता है।उन्होंने कहा



कि श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार सृष्टि में स्वभाव की दृष्टि से यही दो प्रवृत्तियां प्रमुख हैं। व्यक्ति चाहे अरब में पैदा हुआ हो या ऑस्ट्रेलिया में, उसका वास्तविक स्वरूप उसके गुणों और कर्मों से निर्धारित होता है। गीता में आसुरी प्रवृत्ति वाले मनुष्यों के लक्षणों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि अनेक प्रकार के भ्रमों में उलझा हुआ, मोहजाल में फंसा और विषय-भोगों में अत्यधिक आसक्त मनुष्य अंततः पतन की ओर चला जाता है। काम, क्रोध और लोभ ही नरक के तीन मूल द्वार परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए विकास चौबे ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में काम, क्रोध और लोभ को नरक के तीन प्रमुख द्वार बताया गया है। ये तीनों प्रवृत्तियां मनुष्य के विवेक को नष्ट कर उसे अधोगति की ओर ले जाती हैं। इसलिए आत्मकल्याण और परम कल्याण के इच्छुक व्यक्ति को इन तीनों विकारों का त्याग करना चाहिए।उन्होंने कहा कि मनुष्य जब काम, क्रोध और लोभ जैसी आसुरी प्रवृत्तियों से स्वयं को मुक्त करता है, तभी वह अपने नियत कर्मों का सही ढंग से निर्वहन कर पाता है। यही आध्यात्मिक उन्नति और परम कल्याण का मार्ग है।परिचर्चा के दौरान उपस्थित लोगों ने यथार्थ गीता के आध्यात्मिक संदेशों पर विचार-विमर्श किया तथा जीवन में सदाचार, संयम, सद्भाव और आत्मानुशासन अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में लल्लू यादव, बच्चा सहित अन्य लोगों ने भी सहभागिता करते हुए अपने विचार रखे। संदेश स्पष्ट है– मनुष्य का वास्तविक उत्थान बाहरी पहचान से नहीं, बल्कि उसके भीतर मौजूद दैवीय गुणों और श्रेष्ठ कर्मों से होता है।

साहित्यिक जगत में सोनभद्र का बढ़ा मान, कवि प्रद्युम्न त्रिपाठी का 11 हजार रुपये व अंगवस्त्र देकर हुआ भव्य सारस्वत अभिनंदन

सोनभद्र के साहित्यिक गौरव को मिला राष्ट्रीय मंच पर सम्मान

भदोही में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के दौरान मिला सम्मान, साहित्यकारों एवं अधिवक्ताओं में खुशी की लहर

समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के साहित्यिक एवं बौद्धिक जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। शहीद स्थल करारी के प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिवक्ता-कवि प्रद्युम्न त्रिपाठी का भदोही जनपद में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के दौरान भव्य सारस्वत अभिनंदन किया गया। उन्हें 11 हजार रुपये की नकद



सम्मान राशि, अंगवस्त्र, लेखनी, पुस्तिका एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर को भदोही जनपद के सुरियावां में बाबू दूरी सिंह की सरजमीं पर राजा वेणीमाधव बख्श सिंह एवं वीरा पासी की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसी साहित्यिक समारोह में संगम साहित्य संस्थान, निगोह जौनपुर एवं भदोही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रद्युम्न त्रिपाठी को यह सम्मान प्रदान किया गया।समारोह में ओज कवि संदीप कुमार बालाजी, प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह पंकज सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के करकमलों से उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर उपस्थित साहित्यप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया। कवि प्रद्युम्न त्रिपाठी को मिले इस सम्मान से जनपद सोनभद्र के साहित्यकारों, अधिवक्ताओं एवं बुद्धिजीवियों में खुशी की लहर है। लोगों ने इसे जनपद के साहित्यिक गौरव और रचनात्मक प्रतिभा का सम्मान बताते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पुनर्वास के दुद्धईया मंदिर छठ घाट पर तैयारियां शुरू, ग्रामीणों ने संभाली मरम्मत और साफ सफाई की जिम्मेदारी

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बीजपुर/ सोनभद्र। बीजपुर के पुनर्वास स्थित दुद्धईया मंदिर परिसर में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में छठ घाट के पुनर्निर्माण, मरम्मत और साफ सफाई का कार्य ग्रामीणों के सहयोग से शुरू कराया गया। आने वाले दिनों में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए ग्रामीण स्वयं आगे आकर घाट को व्यवस्थित करने में जुटे हैं। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और श्रमदान के माध्यम से घाट की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की पहल की है। छठ महापर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दुद्धईया मंदिर घाट पर



पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में समय रहते घाट की व्यवस्था बेहतर बनाना जरूरी है। इस दौरान संतोष कुमार, अजीत कुमार, देव कुमार एवं मुखदेव यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर छठ घाट को बेहतर और सुविधाजनक बनाने में सहयोग किया। ग्रामीणों की इस पहल से छठ महापर्व की तैयारियों को गति मिली है। साथ ही सामूहिक सहयोग और सामाजिक एकजुटता की मिसाल भी देखने को मिली।

छठ पूजा को लेकर कोटा कनहर नदी घाट का निरीक्षण, महादेव सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायजा

समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर कोटा स्थित कनहर नदी छठ घाट पर तैयारियों को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में महादेव सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्भय चौधरी एवं छठ पूजा सेवा समिति कोटा के अध्यक्ष अमरेश उपाध्याय ने शुक्रवार को कनहर नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की स्थिति का जायजा लेते हुए पूजा आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान समिति के गोविंद दुबे, अनिल जायसवाल, लवकेश प्रजापति, लकी उपाध्याय और वरुण शर्मा भी मौजूद रहे। सभी ने कनहर नदी के तट पर पहुंचकर घाट का भ्रमण किया और छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया। बताया जाता है कि कोटा स्थित कनहर नदी छठ घाट पर कई वर्षों से छठ पूजा का आयोजन पारंपरिक तरीके से होता आ रहा है। इस आयोजन में कोटा सहित आसपास के कई गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या



में शामिल होते हैं। अनुमान के मुताबिक प्रत्येक वर्ष करीब दो हजार लोग यहां पहुंचकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। वर्षों पुरानी इस परंपरा के कारण घाट का क्षेत्र में विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व है। महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए घाट की साफ-सफाई, आवागमन, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन को व्यवस्थित बनाने और व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बेहतर इंतजाम करने पर जोर दिया।

महादेव सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्भय चौधरी और समिति अध्यक्ष अमरेश उपाध्याय ने छठ पूजा के सफल आयोजन के लिए सभी से सहयोग की अपील की। निरीक्षण के दौरान मौजूद पदा धिकारियों ने भी आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

समृद्धि जन कल्याण संस्थान के केंद्र पर बच्चों के साथ उत्कर्ष द्विवेदी ने मनाया जन्मदिन, शैक्षणिक सामग्री का किया वितरण

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बीजपुर/ सोनभद्र। समृद्धि जन कल्याण संस्थान के पुनर्वास स्थित केंद्र पर उत्कर्ष द्विवेदी ने अपना जन्मदिन जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों के बीच खुशियां बांटकर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबर और कटर सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इसके साथ ही बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक उत्कर्ष द्विवेदी को केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उत्कर्ष द्विवेदी ने बच्चों से बातचीत करते हुए उन्हें नियमित रूप से केंद्र पर आकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में आगे बढ़ने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और बेहतर भविष्य



के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। जरूरतमंद बच्चों के बीच जन्मदिन मनाने और उन्हें शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने की इस पहल की सराहना की गई। इस तरह के आयोजन बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर जयदीप, धीरज और पंकज भी मौजूद रहे। वहीं संस्थान के अध्यक्ष सिद्धार्थ गुप्ता, उपाध्यक्ष जावेद अहमद, महामंत्री महावीर सिंह गोंड, अमित कुमार, विजय कुमार एवं अजीत कुमार की उपस्थिति रही।

संस्थान परिवार ने उत्कर्ष द्विवेदी एवं उनके साथियों की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि समाज के सक्षम लोगों को जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए।

कोयले लदे टेलर की चपेट में आने से गाभिन भैंस की मौत, दूसरी घायल

समाज जागरण/ अकबर अली

अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा थाना क्षेत्र के औड़ी-सिंगरौली मुख्य मार्ग पर एमटीसी कंपनी के समीप गुरुवार को कोयले लदे टेलर की चपेट में आने से एक गर्भवती भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, औड़ी स्थित आरपीएल पेट्रोल पंप के समीप निवासी राम प्रकाश वैश्य (55) अपनी भैंसों को चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एमटीसी कंपनी के समीप मुख्य मार्ग पार कर रही उनकी दो भैंसें कोयले से लदे टेलर की चपेट में आ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक गर्भवती भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी घायल हो गई। घटना के बाद टेलर चालक वाहन लेकर भागने लगा।इस पर भैंस स्वामी के परिजनों और आसपास के लोगों ने उसका पीछा किया। लोगों को पीछा करते देख चालक औड़ी मोड़ के पास टेलर खड़ा कर मौके से फरार हो गया। हादसे से आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए और विरोध जताने लगे। सूचना पर पहुंची अनपरा पुलिस ने टेलर को कब्जे में लेकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। पीड़ित राम प्रकाश वैश्य ने बताया कि वह भैंसों से दूध का कारोबार कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। ऐसे में गर्भवती भैंस की मौत से उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ ही परिवार की आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है।

एसपी अभिषेक वर्मा ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई एवं जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखा धड़ी, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी मामलों की शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकताओं की बात सुनकर संबंधित क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत की जांच गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और तथ्यों के आधार पर की जानी चाहिए। शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और पीड़ितों को की गई कार्रवाई की जानकारी समय से



उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मामलों में तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है, उनमें बिना विलंब किए विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनावश्यक विलंब या पीड़ितों के उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को शिकायतों की नियमित समीक्षा करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य करने को कहा। एसपी अभिषेक वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 से जुड़े अधिकारियों के स्थानांतरण पर रोक

17 नवंबर से 4 जनवरी तक बिना आयोग की अनुमति नहीं होगा स्थानांतरण

समाज जागरण/मनोज कुमार चौबे

सोनभद्र। अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत 17 नवंबर, 2026 से 4 जनवरी, 2027 तक पुनरीक्षण कार्य से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के स्थानांतरण पर रोक रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार आलेख्य निर्वाचक नामावली के प्रकाशन से अंतिम प्रकाशन तक संबंधित अधिकारियों का स्थानांतरण आयोग की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की ओर से भी निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने को कहा। इसका उद्देश्य पुनरीक्षण कार्य की निरंतरता, प्रभावी निगरानी और निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार मतदाता सूची का कार्य पूरा कराना है।

CSC आईडी के दुरुपयोग से लाखों की साइबर ठगी का पदार्फाश, दो गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

समाज जागरण

सोनभद्र। जनपद में उरउ आईडी का दुरुपयोग कर साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का साइबर क्राइम पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है। जांच में अब तक पांच ऐसे लोगों की जानकारी सामने आई है, जिनकी निष्क्रिय CSC आईडी का इस्तेमाल साइबर अपराध में किया जा रहा था। इस मामले में तीन लिंक्ड एफआईआर दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना सोनभद्र ने यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि जनसेवा केंद्रों की Inactive CSC ID को दोबारा एक्टिव कराने के नाम पर संचालकों से यूजर आईडी और पासवर्ड हासिल किए जाते थे। इसके बाद पासवर्ड बदलकर इन आईडी को साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया जाता था। इनसे जुड़े बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम प्राप्त करने और उसके लेनदेन में किया जाता था। इसके अलावा दूसरे व्यक्तियों के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी CSC आईडी बनाई जाती थी। उनका फर्जी भौतिक सत्यापन कराकर आईडी सक्रिय की जाती थी और फिर साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराई जाती थी। जांच में सुकृत निवासी विशाल पटेल, सुशील कुमार, ओबरा क्षेत्र के कन्हरा निवासी रमेश कुमार गुर्जर और सविता के जनसेवा केंद्रों से जुड़ी आईडी के दुरुपयोग की जानकारी सामने आई। विशाल पटेल ने पुलिस को बताया कि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बनाई गई CSC आईडी के



गलत इस्तेमाल के कारण गुजरात पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। बाद में उन्हें जमानत करानी पड़ी। पुलिस ने आशीष कुमार पाण्डेय निवासी चुनार, मिजार्पुर और अभय कुमार गौंड निवासी सारनाथ, वाराणसी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। एएसपी (मुख्यालय) मेवीस टॉक ने बताया कि मामले में अब तक तीन लिंक्ड एफआईआर दर्ज हैं और पांच लोगों की निष्क्रिय CSC आईडी के दुरुपयोग की जानकारी मिली है। बैंक खातों में भारी धनराशि का लेनदेन पाया गया है। एक आरोपी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। पुलिस बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि कितने लोग साइबर ठगी के शिकार हुए और लेनदेन से किन लोगों को लाभ पहुंचा। किसी संगठित गिरोह या अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

गौरेला नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 03 में निमार्णाधीन पानी टंकी के कार्य में लापरवाही के गंभीर आरोप, आखिर किसकी निगरानी में हो रहा निर्माण ?

न जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी नजर आ रही, न इंजीनियर की सक्रियता और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम! ठेकेदार की मनमानी के बीच निर्माण की गुणवत्ता और श्रमिकों की सुरक्षा पर उठ रहे गंभीर सवाल।

समाज जागरण विजय तिवारी



गौरेला। नगर पालिका परिषद गौरेला के वार्ड क्रमांक 03 में निमार्णाधीन पानी टंकी के कार्य को लेकर कई गंभीर सवाल सामने आ रहे हैं। शहर की पेयजल व्यवस्था से जुड़े इतने महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में जिस प्रकार की लापरवाही और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली दिखाई दे रही है, वह नगर पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। निर्माण स्थल की स्थिति देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस कार्य की नियमित निगरानी कौन कर रहा है? संबंधित जिम्मेदार अधिकारी और इंजीनियर की भूमिका क्या है? क्या निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है या फिर ठेकेदार अपनी मनमर्जी से काम कर रहा है? सबसे चिंताजनक पहलू निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का है। इतनी ऊंचाई पर चल रहे निर्माण कार्य में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां और सुरक्षा उपकरण बेहद जरूरी हैं। लेकिन निर्माण स्थल पर सुरक्षा इंतजामों की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल दिखाई दे रहे हैं। किसी भी संभावित दुर्घटना की जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी? पानी की टंकी कोई सामान्य निर्माण कार्य नहीं है। यह सीधे तौर पर आम नागरिकों के स्वास्थ्य, पेयजल सुविधा और सार्वजनिक धन से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। ऐसे निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता भविष्य में गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। इस पूरे मामले ने जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। जिले के कलेक्टर एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में इस प्रकार के मामले आना आवश्यक है, क्योंकि विकास कार्यों की सफलता केवल निर्माण पूरा होने से नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता, मजबूती, सुरक्षा और जवाबदेही से सुनिश्चित होती है। जनता के पैसों से होने वाले विकास कार्यों में ठेकेदार की मनमानी नहीं, बल्कि निर्धारित नियमों, तकनीकी गुणवत्ता और प्रशासनिक जवाबदेही का पालन होना चाहिए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन, कलेक्टर एवं नगरीय प्रशासन इस गंभीर विषय को कितनी गंभीरता से लेते हैं और गौरेला की जनता से जुड़े इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कैसी कार्रवाई होती है। विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकती। जनता को केवल निर्माण नहीं, बल्कि मजबूत, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण विकास चाहिए।

जनजातीय नायकों के शौर्य, बलिदान और गौरवशाली इतिहास को जन - जन तक पहुंचाएगी भाजपा : शिवनारायण सिंह

11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में होंगे विविध आयोजन

समाज जागरण



उमरिया, 12 नवंबर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक शिवनारायण सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 से 18 नवंबर तक पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान पार्टी संगठन, प्रदेश सरकार और जनजातीय समाज की सहभागिता से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जनजातीय महापुरुषों के शौर्य, संघर्ष, त्याग, बलिदान और गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की ऐतिहासिक पहल की। इस निर्णय ने देश के जनजातीय नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान और पहचान दिलाने का काम किया है। भगवान बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में देश, समाज और जनजातीय अधिकारों की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर जनजातीय समाज में स्वाभिमान, स्वतंत्रता और अधिकारों के प्रति जागरूकता की नई चेतना जगाई। वे केवल महान क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि समाज सुधारक भी थे। जल, जंगल और जमीन पर जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता केवल विचारों और भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि संगठन की कार्यप्रणाली, राजनीतिक भागीदारी और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर जनजातीय समाज की बेटी महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना इस समाज के सम्मान, सामर्थ्य और बढ़ती भागीदारी का ऐतिहासिक उदाहरण है। आज केंद्र एवं प्रदेश सरकार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थाओं में जनजातीय समाज के प्रतिनिधि महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 14 नवंबर को जबलपुर, 15 नवंबर को धार तथा 16 नवंबर को खण्डवा में बड़े स्तर पर आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, गौरवशाली इतिहास और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया जाएगा। उमरिया जिले में 15 नवंबर को ग्राम डगडौआ में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने बताया कि जनजातीय गौरव सप्ताह के दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं छात्रावासों में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई जाएगी। विद्यार्थियों को जनजातीय महापुरुषों के शौर्य, संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से परिचित कराया जाएगा। वहीं 16 एवं 17 नवंबर को जनजातीय छात्रावासों में युवाओं के साथ सीधा संवाद एवं संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 18 से 20 नवंबर तक प्रदेश के जनजातीय विकास खंडों के चयनित ग्रामों में जनजातीय गौरव चौपाल आयोजित कर समाज के लोगों से संवाद किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनजातीय गौरव सप्ताह मनाने का उद्देश्य इसे महज औपचारिक आयोजन तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि जनजातीय समाज की अस्मिता, स्वाभिमान, गौरवशाली संस्कृति, लोककला, परंपराओं और अधिकारों के प्रति व्यापक जन जागरण करना है। इस अवसर पर एसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश सिंह ने जिले में ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए जनजातीय समाज की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। पत्रकार वार्ता के अंत में जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने उपस्थित पत्रकारों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

"छठ महापर्व : सूर्य उपासना और लोक आस्था से ही बनेगा सशक्त भारत: जिम्मी मिश्रा

समाज जागरण



बैंकॉक हिन्दू स्वयंसेवक संघ थाईलैंड के प्रचार प्रमुख जिम्मी मिश्रा ने लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक शुभ कामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि छठ सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम, शुद्धता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। 36 घंटे का निर्जला व्रत हमें सिखाता है कि सेवा और समर्पण से ही समाज मजबूत होता है।उन्होंने कहा कि थाईलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय भी डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर, छठी मैया के गीतों के साथ इस महापर्व को पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास से मना रहे हैं। यह पर्व हमें अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति और अपने संस्कारों से जोड़ता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे छठ के मूल्यों - स्वच्छता, एकता और परिवार के प्रति समर्पण को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। "सूर्य की उपासना में, छठी मैया की साधना में" लोक आस्था के महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए हम सब मिलकर सेवा, शुद्धता और अनुशासन का संकल्प लें और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान दें।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटन नियमों की अनदेखी! निर्धारित मार्ग छोड़ जंगल में पहुंचा पर्यटक वाहन, चालक और गाइड को नोटिस

पनपथा बफर जोन में निरीक्षण के दौरान पकड़ी गई लापरवाही, पर्यटन अधिकारी ने 24 घंटे में मांगा स्पष्टीकरण संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर होगी एकपक्षीय कार्रवाई, पार्क प्रबंधन की सख्ती से पर्यटन क्षेत्र में मचा हड़कंप

समाज जागरण उमरिया**

विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा और पर्यटन व्यवस्था के लिए निर्धारित नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। पनपथा बफर जोन में पर्यटन के दौरान निर्धारित मार्ग से हटकर जंगल क्षेत्र में पर्यटक वाहन पहुंचने पर पार्क प्रबंधन ने वाहन चालक और गाइड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पर्यटन अधिकारी, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व द्वारा 10 नवंबर 2026 को जारी पत्र में संबंधितों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण में सामने आई नियमों के उल्लंघन की बात

जारी नोटिस के अनुसार 9 नवंबर 2026 को शाम की पारी में पर्यटकों को लेकर पनपथा बफर जोन में पार्क भ्रमण के लिए गए वाहन के संबंध में शिकायत एवं निरीक्षण के दौरान अनियमितता सामने आई। सहायक संचालक, ताला द्वारा की गई गश्ती एवं निरीक्षण के दौरान संबंधित पर्यटक वाहन निर्धारित पर्यटन मार्ग से हटकर वनक्षेत्र में पाया गया। इसे पर्यटन नियमों एवं पार्क प्रबंधन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन माना गया है। *चालक सुयश केशरी और गाइड निखिल सिंह से जवाब तलब* पर्यटन अधिकारी द्वारा जारी पत्र में वाहन चालक सुयश केशरी (वाहन क्रमांक MP04ZX8243) तथा गाइड निखिल सिंह को संबोधित करते हुए घटना के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि में जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा प्रस्तुत स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में पर्यटन नियमों के अनुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन जरूरी

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक रहवास और सुरक्षित विचरण को देखते हुए पर्यटन वाहनों के लिए निर्धारित मार्ग एवं नियम बनाए गए हैं। ऐसे में निर्धारित मार्ग से हटकर वनक्षेत्र में वाहन ले जाना गंभीर लापरवाही मानी जा सकती है।

अब देखना होगा कि संबंधितों की ओर से क्या स्पष्टीकरण दिया जाता है और पार्क प्रबंधन आगे क्या कार्रवाई करता है।

दीपावली की रौनक के बीच 52 पत्तों का कथित खेल, दो राज्यों की पुलिस पर उठे सवाल

अनूपपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के सीमावर्ती इलाकों में लाखों के दांव की चर्चा, सात नाम सामने आने से बढ़ी हलचल

समाज जागरण

अनूपपुर। दीपावली के त्योहार के बीच मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में कथित जुए के फड़ों की सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय सूचनाओं के अनुसार पेंड्रा, गौरेला, कोतमा और अनूपपुर सहित आसपास के इलाकों में लाखों रुपये के दांव लगाए जाने की चचाएँ हैं। इससे दोनों राज्यों की पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर सात लोगों के नाम चर्चा में हैं, जिनमें सदा (पंतगवा), शुभम (गौरेला), इरफान (पेंड्रा), बाबू, रवि, मिंटा (कोतमा) और मोनू (अनूपपुर) शामिल हैं। हालांकि, इनकी कथित संलिप्तता की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

सवाल यह है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जुए की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। यदि शिकायतों में सच्चाई है, तो केवल खिलाड़ियों ही नहीं, बल्कि कथित फड़ संचालकों और उनके नेटवर्क की भी जांच होनी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने अनूपपुर और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही पुलिस से संयुक्त निगरानी, निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

कोयला मजदूरों के हक और अधिकारों को लेकर एचएमएस का हुंकार, एसईसीएल मुख्यालय पर होगा आंदोलन

जेबीसीसीआई-12 का तत्काल गठन, मेडिकल अनफिट सुविधा बहाल करने और ठेका श्रमिकों को एचपीसी दर से भुगतान सहित कई मांगों पर बनी आंदोलन की रणनीति

समाज जागरण



शहडोल। कोयला मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों, अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) का प्रतिनिधि सम्मेलन 11 नवंबर को एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में संपन्न हुआ। सम्मेलन में कोल इंडिया एवं एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रमिक नेताओं और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सम्मेलन में मांगों को लेकर एसईसीएल मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने तथा इसके बाद चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने की रूपरेखा तैयार की गई।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के अध्यक्ष श्री रेशम लाल यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन संगठन के उपाध्यक्ष श्री किशोरी मोहन सिंह ने किया। सम्मेलन को महामंत्री श्री विनय सिंह, उपमहामंत्री एवं कोल इंडिया सेफ्टी कमेटी के सदस्य श्री जावेद अख्तर उस्मानी, हसदेव क्षेत्र के श्री सुनील पांडे, कोरबा क्षेत्र के श्री ए. विश्वास एवं श्री गजेंद्र सिंह तवर, श्री एस.सी. मंसूरी, गेवरा क्षेत्र के श्री अनिरुद्ध सिंह, श्री संजय सिंह, दीपिका क्षेत्र के श्री एस.डी. त्रिपाठी, कुसमुंडा क्षेत्र के श्री बसंत कुमार, चिरमिरी क्षेत्र के श्री कमलेश सिंह, सोहागपुर क्षेत्र के श्री शिवनारायण मिश्र, श्री डॉ. एन.एल. पटेल, जोहिला क्षेत्र के श्री विजय पटेल सहित अन्य प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। मजदूरों की समस्याओं पर जावेद अख्तर उस्मानी ने रखे विचार सम्मेलन में श्री जावेद अख्तर उस्मानी ने कोयला मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को विस्तार से उठाया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की लंबित मांगों का निराकरण आवश्यक है। सम्मेलन में प्रमुख रूप से निम्न मांगें उठाई गईं–

1. जेबीसीसीआई की 12वीं बैठक का तत्काल गठन किया जाए।
2. पूर्व की भांति मेडिकल अनफिट की सुविधा जारी रखी जाए।
3. खदानों में उत्पादन कार्य चालू रहने की स्थिति में सभी कामगारों को संडे, पीएचडी एवं संबंधित ड्यूटी का लाभ दिया जाए।
4. कोल इंडिया की निर्धारित स्थानांतरण नीति के तहत ही एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए।
5. ठेका श्रमिकों को एचपीसी दर के अनुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए। 6. सभी ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान किया जाए।
7. भू-विस्थापितों के वर्षों से लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। मांगें पूरी नहीं हुईं तो चरणबद्ध आंदोलन सम्मेलन में विभिन्न एसईसीएल क्षेत्रों से जुड़े अन्य ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रमिकों की मांगों को लेकर एसईसीएल मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इसके बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। सम्मेलन में श्रमिक हितों की रक्षा, ठेका कामगारों को उचित पारिश्रमिक, कर्मचारियों की सुविधाओं और भू-विस्थापितों के अधिकारों को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया।

जनजातीय गौरव सप्ताह को लेकर भाजपा ने की पत्रकार वार्ता

भाजपा सरकार जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील : सांसद हिमाद्री सिंह

समाज जागरण

शहडोल। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा 11 से 18 नवंबर तक प्रदेशभर में जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी को लेकर गुरुवार को अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता सांसद हिमाद्री सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रमों की जानकारी दी। सांसद ने बताया कि वर्ष 2021 से 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय नायकों के शौर्य, संघर्ष, बलिदान और संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक जुलूस, रैली, स्वच्छता अभियान और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। साथ ही जनजातीय युवाओं एवं छात्रों से संवाद किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार जनजातीय समाज के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर समाज में स्वाभिमान और स्वतंत्रता की भावना जगाई। पत्रकार वार्ता में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ मेडिकल स्टोर संचालक को पुलिस ने किया छापा मारने के दरमियां किया गिरफ्तार

समाज जागरण



सिगरौली (विनय कुमार):-बैढ़न कोतवाली पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काली मंदिर रोड स्थित श्री साईं मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में नशीली गोलियां और इंजेक्शन बरामद किए हैं। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक अशोक सिंह चौहान (52) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि काली मंदिर रोड स्थित श्री साईं मेडिकल स्टोर में शासन द्वारा प्रतिबंधित नशीली गोलियों और इंजेक्शन का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर बैढ़न पुलिस ने टीम गठित कर स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में मेडिकल स्टोर पर दबिश दी। दुकान संचालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अशोक सिंह चौहान बताया। तलाशी के दौरान दुकान और काउंटर से प्रतिबंधित एवं नशीली दवाइयां और इंजेक्शन बरामद किए गए। 419 टैबलेट और 19 इंजेक्शन जब्त पुलिस ने मेडिकल स्टोर से चार प्रकार की दवाइयां जब्त कीं। इनमें प्रतिबंधित ट्रामाडोल युक्त 32 PYEEVON SPAS PLUS टैबलेट और 320 PROXYCO SPAS टैबलेट, अल्प्राजोलम युक्त 67 ALPR AZO टैबलेट तथा पेंटाजोसिन युक्त 19 PAINTAMN इंजेक्शन शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, जब्त दवाओं और इंजेक्शन की अनुमानित कीमत करीब 4,476 रुपये है। पुलिस ने आरोपी से जब्त दवाओं के संबंध में वैध लाइसेंस मांगा, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आरोपी अशोक सिंह चौहान, निवासी गनियारी, थाना बैढ़न के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 तथा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 5/13 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई पुलिस अधीक्षक षियाज के. एम. के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा और नगर पुलिस अधीक्षक हेमंत कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बैढ़न निरीक्षक अभिमन्यु द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में निरीक्षक अभिमन्यु द्विवेदी, उप निरीक्षक आर.डी. बंसल, सहायक उपनिरीक्षक पप्पू सिंह और सहायक उपनिरीक्षक अरविंद द्विवेदी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

महापौर रानी अग्रवाल ने गनियारी छठ घाट का किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

समाज जागरण

सिंगरौली (विनय कुमार):-छठ महापर्व के मद्देनजर नगर निगम महापौर रानी अग्रवाल ने वार्ड- 1 5 क्रमांक- 41 गनियारी स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं, ताकि व्रतधारियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान महापौर ने घाटों और उनके आसपास नियमित सफाई कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं, इसलिए स्वच्छता और



अन्य जरूरी व्यवस्थाओं में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि घाटों की साफ-सफाई लगातार जारी रखी जाए। महापौर ने वार्डवासियों से भी अपील की कि वे छठ महापर्व के दौरान घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पर्व को स्वच्छ और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन के साथ नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 41 की पार्षद गौरी अर्जुन दास गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि अंश कुमार गुप्ता, संदीप सिंह, संजय केसरी, स्वच्छता उप पर्यवेक्षक अशोक त्रिपाठी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

45 वर्षों की उपलब्धियों के साथ एनटीपीसी विंध्याचल ने मनाया स्थापना दिवस, 20 छात्राओं को मिली साइकिल की सौगात

समाज जागरण



सिंगरौली (विनय कुमार):-सिंगरौली कस्तूरबा कन्या छात्रावास गनियारी की छात्राओं को साइकिल वितरित, सुरक्षा और गुणवत्ता की शपथ के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां देश के विशालतम विद्युत संयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल का 45वां स्थापना दिवस 12 नवंबर 2026 को प्रशासनिक भवन परिसर में हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर किया। इसके बाद एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता ने परियोजना की विकास यात्रा में योगदान देने वाले सभी विभागों और हितधारकों की सराहना की। उन्होंने विभिन्न पुरस्कारों और सम्मानों के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कर्मचारियों, संविदाकारों, विक्रेताओं, आपूर्तिकताओं और मीडिया के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान सुरक्षा एवं गुणवत्ता की शपथ दिलाई गई। केक काटकर और गुब्बारे छोड़कर स्थापना दिवस की खुशियां साझा की गईं। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने कस्तूरबा कन्या छात्रावास, गनियारी बैढ़न की 20 छात्राओं को साइकिल वितरित की। वहीं ब्रिक्स सस्टेनेबिलिटी अभियान के अंतर्गत ईएमजी विभाग की चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में एम. सुरेश, मनीष कुमार राय, डॉ. बी.के. भराली, निर्मल कुमार सिंह, सी.बी. ओझा और टी. एन. सीतारामन सहित विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि, सुहासिनी संघ की सदस्य, कर्मचारी, उनके परिजन और सीआईएसएफ के अधिकारी-जवान मौजूद रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में ए.के. श्रीवास्तव ने कविता पाठ 45 वां एनटीपीसी किया। सौरभ बनौधा और उनके पुत्र ओंकार ने बांसुरी वादन से युगल प्रस्तुति दी, जबकि रविन्द्र कुमार मिश्रा ने संगीत के माध्यम से समारोह में सांस्कृतिक रंग भरे। कार्यक्रम का संचालन अनम खान और भरत तवानीया ने किया। मानव संसाधन, नगर अनुरक्षण और आईटी विभाग के सहयोग से आयोजित समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक छायाचित्र के साथ हुआ।

संभल तीर्थ परिक्रमा (फेरी) - अनादि परंपरा का पुनर्जागरण

समाज जागरण, पंकज राघव/हेमंत चौहान

संभल। संभल तीर्थ परिक्रमा (फेरी) सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। हालांकि, विभिन्न कारणों से वर्ष 1976 से 2005 तक लगभग 30 वर्षों के दौरान यह परंपरा विलुप्तप्राय हो गई थी। परिक्रमा मार्ग खेतों और मेड़ों से होकर गुजरने के कारण फसलों को नुकसान पहुंचने तथा विवाद होने की शिकायतें सामने आती थीं। इसके चलते पदयात्रा बंद हो गई थी। वर्ष 2006 में हिंदू जागृति मंच ने गांव-गांव जनसंपर्क और प्रचार अभियान चलाकर 24 कोसीय संभल तीर्थ परिक्रमा को पुनर्जीवित किया। मंच के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के अनुसार, शुरूआत में केवल 17 लोगों ने इसमें भाग लिया था, लेकिन वर्ष 2013 तक यात्रियों की संख्या लगभग 50 हजार पहुंच गई।

राजनीति से दूर रखी गई परिक्रमा



अजय कुमार शर्मा ने बताया कि परिक्रमा को किसी राजनीतिक दल का आयोजन नहीं बनने दिया गया। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा सहित सभी दलों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता था। संतों के आशीर्वाद और सामाजिक संगठनों के सहयोग से आयोजन को व्यापक स्वरूप मिला।

20 रुपये में होता था पंजीकरण

मंच के सदस्य गांव-गांव जाकर ग्राम प्रधानों के माध्यम से मात्र 20 रुपये में यात्रियों का पंजीकरण करते थे। यात्रियों के लिए वाहन, भोजन, जलपान और ठहरने की व्यवस्था की जाती थी। यात्रा के बाद डीवीडी और सम्मान-पत्र के माध्यम से गांवों में सम्मान समारोह आयोजित किए जाते थे। वर्ष 2013 में कुछ लोगों द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद अजय कुमार शर्मा ने परिक्रमा की जिम्मेदारी छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि मंच ने प्रशासन और सरकार से संभल को पर्यटन स्थल घोषित करने तथा परिक्रमा मार्गों के विकास की मांग भी लगातार उठाई है। आज परिक्रमा मार्गों के विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों को मंच अपनी वर्षों की मेहनत का सुखद परिणाम मानता है।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, संगठन मजबूती पर जोर

क्षेत्रीय संगठक अभय कुमार गिरी ने जिला और महानगर पदाधिकारियों के साथ बनाई आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी की जिला और महानगर इकाई की संयुक्त संगठनात्मक बैठक बृहस्पतिवार को मोड़ा कनेटा स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठक अभय कुमार गिरी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रभारियों से संगठन की आगामी कार्ययोजना पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय रहना होगा। जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। साथ



ही कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय और संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई।
बैठक में जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।
इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गिर्राज सिंह कुशवाहा, महानगर प्रभारी डॉ. विवेक सारस्वत, विधायक मनीष असीजा, विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुग्रीव सिंह चौहान, डॉ. अमित गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, पूर्व विधायक हरिओम यादव, दीपक गुप्ता कालू, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र प्रताप सिंह लोधी, नानक चंद्र अग्रवाल, वृंदावन लाल गुप्ता, रामगोपाल पप्पू लोधी, मोहनदेव शंखवार, ओमप्रकाश वर्मा, बीएल वर्मा, कन्हैयालाल गुप्ता, राकेश शंखवार, सुनील टंडन, सुमन चतुर्वेदी, रामनरेश कटारा, भंवर सिंह ठेकेदार और सुशील चक सहित जिला व महानगर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी मौजूद रहे। संचालन आकाश शर्मा और आनंद अग्रवाल ने किया।

जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में सेवा कर बांटी खुशियां, जरूरतमंदों के बीच मनाया उत्सव

धीरज गुप्ता, अलका गुप्ता, समृद्धि गुप्ता और नीरज गुप्ता ने अपना घर आश्रम में एक दिन सेवा कर दिया मानवता का संदेश

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए लोग तरह-तरह से आयोजन करते हैं, लेकिन कुछ लोग अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटकर इसे समाजसेवा का माध्यम बना देते हैं। इसी भावना के साथ धीरज गुप्ता, उनकी पत्नी अलका गुप्ता, सुश्री समृद्धि गुप्ता और नीरज गुप्ता ने परिवार एवं मित्रों के साथ अपना जन्मदिन मानव सेवा के रूप में मनाया। इस अवसर पर परिवार ने जलेसर रोड स्थित शिव शक्ति वृद्धाश्रम समिति द्वारा संचालित अपना घर आश्रम में एक दिन सेवा कार्य के लिए समर्पित किया। यहां रह रहे असहाय, निराश्रित और जरूरतमंद लोगों के बीच समय बिताकर उन्हें स्नेह और अपनत्व का एहसास कराया। परिवार के सदस्यों ने कहा कि जन्मदिन की वास्तविक खुशी दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने में है। जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटने से बड़ा कोई उत्सव नहीं हो सकता। उनके इस सेवा कार्य ने समाज को मानवता और परोपकार का संदेश दिया।





दस लाख तक के बकाये पर पूरा ब्याज और अर्थदंड होगा माफ

15 जनवरी 2027 तक उठा सकेंगे योजना का लाभ, बड़े बकायेदारों को भी मिलेगी ब्याज में छूट

समाज जागरण

फिरोजाबाद। राज्य कर विभाग की ब्याज माफी योजना के तहत दस लाख रुपये तक के मूल बकाये पर व्यापारियों को पूरा ब्याज और अर्थदंड माफ करने की सुविधा मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए व्यापारियों को 15 जनवरी 2027 तक आवेदन कर मूल बकाया धनराशि जमा करनी होगी। दबरई स्थित राज्य कर विभाग कार्यालय में आयोजित बैठक में उपायुक्त असित कुमार सिंह ने व्यापारियों को योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार कारोबारियों को बकाये के बोझ से राहत देने और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह योजना चला रही है। इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक सृजित बकाये पर छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बिक्री कर, केंद्रीय बिक्री कर,



व्यापार कर, प्रवेश कर और वैट सहित विभिन्न अधिनियमों के तहत बकाया कर पर लगे ब्याज और अर्थदंड में छूट मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए मूल बकाया राशि जमा करना अनिवार्य है।
योजना के तहत दस लाख रुपये तक के मूल बकाये पर पूरा ब्याज माफ होगा। दस लाख से एक करोड़ रुपये तक के बकाये पर 10 प्रतिशत ब्याज जमा करना होगा, जबकि 90 प्रतिशत माफ होगा। एक से पांच करोड़ रुपये तक के बकाये पर 25 प्रतिशत ब्याज जमा करना होगा और 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी।
वहीं, पांच करोड़ रुपये से अधिक के बकाये पर 50 प्रतिशत ब्याज जमा करना होगा।
बैठक में सहायक आयुक्त राधा स्वामी, उपायुक्त शिकोहाबाद शेखर चौरसिया, राज्य कर अधिकारी अजय बहादुर कायस्थ, पुनीत कुमार द्विवेदी, व्यापार संगठन के पदाधिकारी धीरज अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

खैरगढ़ में किसानों का विद्युत उपकेंद्र पर अनिश्चितकालीन धरना, बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के बैनर तले किसानों का जोरदार प्रदर्शन, विद्युत समस्याओं के समाधान की मांग पर अड़े किसान

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

खैरगढ़ (फिरोजाबाद)। किसानों की विद्युत समस्याओं को लेकर खैरगढ़ कस्बे में किसान आंदोलन तेज हो गया है। कस्बा स्थित विद्युत उपकेंद्र पर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के बैनर तले किसानों ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है। धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि बिजली से जुड़ी समस्याओं के कारण किसानों को खेती-किसानी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। इसी के चलते किसानों



ने विद्युत उपकेंद्र पर एकजुट होकर धरना शुरू किया है। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान कराने और विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।
धरने में शामिल किसानों की संख्या, प्रमुख मांगें और किसान नेताओं के नाम मिलने पर खबर को और प्रभावशाली फ्रंट पेज लीड बनाया जा सकता है।

गाजे-बाजे के साथ निकाली श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। नगर में श्रीमद्भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ गोपाल आश्रम से निकाली गई। कलश यात्रा में मातृशक्ति पीत्र वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही। कलश यात्रा गोपाल आश्रम से प्रारम्भ हुई, जो कि विभिन्न मार्गों होती फिरोजाबाद क्लब में



पहुंचकर सम्पन्न हुई। कलश यात्रा में सैकडो महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चल रही थी। फिरोजाबाद क्लब स्थित कथा पंडाल में कथा वाचक महामृत्युंजय पीठाधीश्वर महाकाल लोक उज्जैन प्रणवपुरी महाराज ने मंगल कलशों को विधिवत स्थापना कराई। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के स्मरण मात्र से ही प्राणियों के सभी पापों का नष्ट हो जाता है। कलश यात्रा में, हनुमान प्रसाद गर्ग, जानकी प्रसाद गर्ग, जितेंद्र कुमार गर्ग, रवींद्र कुमार गर्ग, राकेश कुमार गर्ग, सुरेंद्र कुमार बंसल, हेमंत गर्ग, अनुराग गर्ग, अर्पित गर्ग, गगन गर्ग, अमन गर्ग, डॉ मिली गर्ग, डॉ उपेंद्र गर्ग, मोनिका, मनीष गर्ग, प्रियंका, सतेंद्र गर्ग, कंचन, पराग गर्ग, त्रृषभ गर्ग, अग्रज, राधिका, रोनित, अशांक, अर्पण, गोमित, समक्ष, स्पर्श, अनिका, तेजस, आरोही, अश्विक, कृतिका, देवाशां, शौर्य, ईवांश आदि मौजूद रहे।

नजीबाबाद में खुर्शीद मंसूरी ने फूंका मिशन 2027 का बिगुल, चार जोन में बांटी विधानसभा ; 50 हजार वोटों से जीत का दावा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नजीबाबाद विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के भावी प्रत्याशी एवं नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को नजीबाबाद स्थित उनके कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों एवं पार्टी कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में मिशन 2027 को लेकर रणनीति तैयार करते हुए चुनाव प्रचार को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।
बैठक में नजीबाबाद विधानसभा को चार प्रमुख जोन में विभाजित किया गया, जिसमें भागूवाला, नांगल, जोगीरमपुरा और हुसैनपुर क्षेत्र शामिल हैं। प्रत्येक जोन में कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए नियमित बैठकें आयोजित करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। *26 नवंबर की लखनऊ रैली में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी* खुर्शीद मंसूरी ने कार्यकताओं से 26 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित रैली में नजीबाबाद विधानसभा से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुट जाएं और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस लें। *ओवैसी-



आजाद गठबंधन पर खुशी, सामाजिक परिवर्तन की उम्मीद* बैठक में असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के बीच गठबंधन की घोषणा पर खुशी जाहिर करते हुए एक-दूसरे को मुबारकबाद दी गई। वक्ताओं ने इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। बैठक को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला गुलजार ने बड़ा राज नीतिक दावा करते हुए कहा कि नजीबाबाद विधानसभा में खुर्शीद मंसूरी 50 हजार से अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम, दलित और पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर बदलाव के लिए आगे आ रहा है। *'हमारा सीधा मुकाबला भाजपा से, सपा की जमानत जब्त होगी'* खुर्शीद मंसूरी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा चुनावी मुकाबला भाजपा से है और नजीबाबाद की जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की नजीबाबाद में जमानत जब्त होगी। उन्होंने कार्यकताओं से आपसी तालमेल और एकजुटता के साथ चुनावी मैदान में उतरने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता हाजी गफ्फार कुरैशी ने की तथा संचालन मुफ्ती उवैस ने किया। इस अवसर पर मुस्तफा प्रधान, सरदार जगमीत चहल, पूर्व प्रधान अब्दुल हई, अब्दुल्ला प्रधान सबलपुर बीतरा, एडवोकेट इमरान, एडवोकेट जोली, एडवोकेट नवाब, एडवोकेट लतीफ, जैनुल, दानिश, अशरफ, सलीम अंसारी, अल्ताफ, कफील अंसारी, कादिर, अनस, अशरफ, शाहिद, अकबर, कासिम, नौशाद सरवरी, नदीम राईन, रवीश, समीर शेख सहित भारी संख्या में क्षेत्र के जिम्मेदार लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। *बैठक के जरिए खुर्शीद मंसूरी ने साफ संकेत दे दिया कि नजीबाबाद विधानसभा में मिशन 2027 की चुनावी गतिविधियां अब और तेज होने जा रही हैं।

युवा मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराएं-जिलाधिकारी

मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से स्कूल-कॉलेजों में चलाया जाए विशेष अभियान

21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवसों पर पात्र युवाओं, महिलाओं आदि का कराया जाएगा पंजीकरण

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर 12 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर 2026 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस भी आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में विभिन्न विद्यालयों में नामित समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवाओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में शतप्रतिशत दर्ज कराया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर पात्र छात्र-छात्राओं के मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। इसके अतिरिक्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आदि शैक्षणिक संस्थानों में भी जो युवा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं उन सभी का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए उनका फॉर्म 6 भरा जाए। साथ ही 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर को निर्धारित विशेष अभियान दिवसों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके लिए सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, सोशल मीडिया सहित प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, एनवीएसपी पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन पर भी मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात एवं मतदाता-जनसंख्या अनुपात (ईपी रेशियो) कम है, वहां विशेष ध्यान देते हुए अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची में अर्ह छूटे हुए तथा युवा, महिला आदि सभी पात्र नागरिकों के साथ-साथ युवाओं एवं महिलाओं का भी पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छूटे हुए क्षेत्रों को भी अभियान में सम्मिलित करते हुए पात्र मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित विभिन्न विद्यालयों के नामित समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

फॉर्म-6 भरते समय निर्धारित दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से करें पालन -निर्वाचन विभाग

सीएससी संचालक आवेदन भरते समय रखें विशेष सावधानी, डुप्लीकेट आवेदन एवं गलत मोबाइल नंबर दर्ज करने से बचे

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर

बिजनौर, 12 नवंबर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अंतर्गत मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम सम्मिलित कराने के लिए फॉर्म-6 भरते समय कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालकों को निर्धारित दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह द्वारा सभी सीएससी संचालकों को आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने तथा आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है।

निदेर्शों के अनुसार सीएससी संचालक एक ही व्यक्ति के लिए बार-बार फॉर्म-6 जमा न करें। आवेदन जमा करने के बाद एसएमएस प्राप्त नहीं होने का अर्थ यह नहीं है कि आवेदन जमा नहीं हुआ है। इसलिए नया आवेदन भरने



से पहले पोर्टल पर पूर्व में जमा आवेदन की स्थिति (एप्लीकेशन स्टेटस) अवश्य जांच लें। यदि आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो चुका है तो दोबारा फॉर्म भरने से बचें। आवेदन में वास्तविक, सही एवं सक्रिय मोबाइल नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। प्राथमिकता के आधार पर आवेदक का स्वयं का मोबाइल नंबर दर्ज किया जाए। यदि निर्धारित फॉर्म में अनुमति हो तो संबंधित परिजन का मोबाइल नंबर उनकी सहमति से दर्ज किया जा सकता है। सीएससी संचालक अपना मोबाइल नंबर अथवा कोई काल्पनिक या गलत मोबाइल नंबर आवेदक के स्थान पर दर्ज न करें। मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद आवेदक से उसकी पुष्टि भी अवश्य कराएं। निदेर्शों में कहा गया है कि ओटीपी प्राप्त होने में विलंब होने पर कुछ समय प्रतीक्षा करें तथा मोबाइल नेटवर्क, एसएमएस इनबॉक्स और दर्ज किए गए मोबाइल नंबर की जांच करें। आवश्यकता पड़ने पर पोर्टल पर उपलब्ध रिसेंड ओटीपी विकल्प का निर्धारित अंतराल के बाद ही उपयोग करें। बार-बार ओटीपी जनरेट करने अथवा बिना सत्यापन के दोबारा आवेदन भरने से बचें। ओटीपी को गोपनीय रखते हुए उसका उपयोग केवल आवेदक की जानकारी एवं सहमति से ही किया जाए।

आवेदन जमा करने के बाद प्राप्त एक्नॉलेजमेंट एवं रेफरेंस नंबर सुरक्षित रखना भी अनिवार्य है। यदि आवेदन संबंधी एसएमएस प्राप्त नहीं होता है तो रेफरेंस नंबर के माध्यम से पोर्टल पर आवेदन की स्थिति जांची जाए। आवेदन की स्थिति स्पष्ट न होने पर संबंधित तकनीकी सहायता केंद्र अथवा हेल्पलाइन नंबर 1950 से संपर्क किया जाए। पूर्व में जमा आवेदन की स्थिति की पुष्टि किए बिना नया आवेदन जमा न किया जाए।

फॉर्म-6 में आवेदक का नाम, पिता-माता अथवा पति का नाम, जन्मतिथि, पता एवं अन्य विवरण संबंधित दस्तावेजों के अनुसार सही-सही दर्ज किए जाएं। मतदाता का डाक पता एवं पिन कोड विशेष सावधानी और पूर्ण शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि ईपीआईसी कार्ड संबंधित मतदाता को डाक के माध्यम से समयबद्ध एवं सुचारु रूप से प्राप्त हो सके। हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में नाम की वर्तनी की जांच की जाए तथा निर्धारित दस्तावेजों एवं फोटो को स्पष्ट और सही प्रारूप में अपलोड किया जाए।

अंतिम रूप से आवेदन सबमिट करने से पूर्व सभी विवरण आवेदक को दिखाकर उनकी पुष्टि अवश्य कराई जाए। सबमिट बटन पर एक बार क्लिक करने के बाद पोर्टल की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करें। पोर्टल धीमा होने अथवा प्रतिक्रिया में विलंब होने पर लगातार सबमिट बटन न दबाएं। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद उसका रेफरेंस नंबर आवेदक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी, सीएससी मैनेजर व संचालक आदि मौजूद रहे।

STEM लैब से विद्यार्थियों में विकसित होगी वैज्ञानिक सोच और नवाचार की क्षमता

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने किया शुभारंभ, जनपद के 100 सरकारी विद्यालयों तक पहुंचेगी आधुनिक तकनीकी शिक्षा

समाज जागरण

मीरजापुर। सिटी ब्लॉक स्थित कंपोजिट विद्यालय मुकुचवा में STEM लैब एवं STEM मोबाइल वैन का उद्घाटन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने लैब और मोबाइल वैन का निरीक्षण कर उपलब्ध आधुनिक उपकरणों तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नमिता सिंह ने बताया कि ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा ओरेकल के सहयोग से संचालित यह पहल बच्चों को प्रयोग और तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर देगी। संस्था के सूर्य प्रताप मिश्रा ने



बताया कि जनपद के 100 सरकारी विद्यालयों में STEM शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें 16 विद्यालयों में लैब स्थापित की गई हैं, जबकि अन्य विद्यालयों तक मोबाइल वैन के माध्यम से विज्ञान, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की जानकारी पहुंचाई जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए जिज्ञासा, रचनात्मकता और नए प्रयोगों की भावना जरूरी है। शिक्षा केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को स्वतंत्र रूप से सोचने तथा नई परिकल्पनाओं पर काम करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।
उन्होंने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, संस्था की टीम और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

अभियान के तहत संगठन को किया जाएगा मजबूतः डॉ सुनील पटेल

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के निदेर्शानुसार हर घर झंडा एवं नेम प्लेट अभियान के तहत आज रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के बखरिया में सक्रिय सदस्य सुरेश पाल, मालता पाल व बबलू प्रजापति के आवास पर पार्टी का झंडा एवं नेम प्लेट लगाया गया।इस अवसर पर रोहनिया के विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष



अपना दल (एस) डॉ. सुनील पटेल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन में पहचान देना तथा जन-जन तक पार्टी की विचारधारा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) सामाजिक न्याय, वंचितों के अधिकारों की रक्षा, व्यवस्था परिवर्तन तथा शोषित, पिछड़े, मजदूर और किसान वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर संघर्षरत है।विधायक ने स्व.डॉ. सोनेलाल पटेल के विचारों एवं संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराते हुए अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष व ग्राम प्रधान अलाऊद्दीनपुर बसंत लाल पटेल, कार्यालय प्रभारी राजकुमार कश्यप, जिला अध्यक्ष युवा मंच मानस सिंह, दीपक पटेल,गुड्डू सिंह प्रधान, विजय जायसवाल प्रधान,श्यामबली , विनोद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छठ पूजा को लेकर घाट पर तैयारियां शुरू

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। दीपावली और भाई दूज का पर्व संपन्न होने के बाद अब लोक आस्था के महापर्व सूर्यषष्ठी (छठ पूजा) की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सेवापुरी क्षेत्र के रामेश्वर स्थित वरुणा घाट पर छठ पूजा को लेकर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। न्याय पंचायत बरेमा के लगभग १५ सफाईकर्मियों ने घाट पर जमी मिट्टी और गंदगी हटाकर सफाई की। वहीं, व्रती महिलाओं और उनके परिजनों ने पूजा के लिए वेदी बनाने का काम शुरू कर दिया है। छठ पर्व को लेकर ग्रामीण बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। महिलाएं पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की खरीदारी में जुट गई हैं। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए



जाने वाले इस पर्व में भगवान सूर्य और छठी मइया की विधि-विधान से पूजा की जाती है। रामेश्वर वरुणा घाट पर बरेमा, रसूलपुर, चक्का, रामेश्वर, भोपतपुर और इंदरपुर समेत आसपास के गांवों की महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना करती हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कुछ महिलाएं रामेश्वर के न्यू घाट और परसीपुर में भी पूजा करने की तैयारी कर रही हैं। बताया गया कि 15 नवंबर को व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। इसके लिए घाटों पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर नगर निगम मुस्तैद

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी । छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। गुरुवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने अस्सी घाट, नया अस्सी घाट, रविदास घाट, सामने घाट से लेकर विश्व सुंदरी पुल और रामनगर स्थित बलुआ घाट (कच्चा व पक्का घाट) तक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े तमाम इंतजामों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने अस्सी घाट पर स्मार्ट सिटी द्वारा जेटी लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्सी घाट पर छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, जिसे देखते हुए पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम का निर्माण तत्काल कराया जाए। नमो घाट से लेकर सामने घाट और रामनगर बलुआ घाट तक घाटों पर निरंतर उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अस्सी घाट, नया अस्सी घाट व अन्य कच्चे घाटों पर मिट्टी की लेवलिंग और ड्रेसिंग कराने पर जोर दिया गया, ताकि श्रद्धालु सुचारू रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। इसके साथ ही, कच्चे घाटों पर दलदल वाले स्थानों पर सूखी मिट्टी और बालू की बोरियां डालकर मार्ग को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए, जिससे किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। पर्व के दौरान सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए नगर आयुक्त ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। गंगा में स्नान और पूजन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत फ्लोटिंग बैरिकेडिंग का कार्य तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, घाटों पर जुटने वाली भारी भीड़ के बीच वाराणसी की भव्य और सुंदर छवि को प्रदर्शित करने के लिए नगर निगम की ओर से स्वच्छ काशी-सुंदर काशी और छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाओं वाले सेल्फी पॉइंट बनाए जाएंगे। नया अस्सी घाट पर घाट की सुंदरता को और अधिक निखारने के लिए हॉर्टिकल्चर के विशेष कार्य कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह बात भी सामने आई कि घाटों के किनारे कुछ स्थानों पर पशु घूम रहे थे। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि छठ महापर्व के मद्देनजर घाटों पर लगातार पशु वाहन तैनात किए जाएं, जो छुट्टा पशुओं को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई चूक न हो। इसके अलावा, अस्सी घाट से लेकर नया अस्सी घाट तक पाथवे पर लोहे और लकड़ी की गुमटियों के जरिए किए गए अतिक्रमण का कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्होंने इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए, ताकि महापर्व का आयोजन सुचारू और निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

कार्यकताओं का सम्मान संगठन की मजबूती और कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने का सशक्त माध्यम : त्रिभुवन राम विधायक

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ। वाराणसी विधानसभा क्षेत्र अजगरा के ग्राम टिकरी खुर्द में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के नवनियुक्त जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के सम्मान में आयोजित समारोह में विधायक त्रिभुवन राम मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं सम्मान के साथ बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक टी0 राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकताओं के अथक परिश्रम, समर्पण और सामूहिक सहभागिता के आधार पर निरंतर मजबूत हुआ है। संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है। नए दायित्वों के साथ कार्यकताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ती है। ऐसे में सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएं तथा पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। विधायक ने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान, संगठन की मजबूती और समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की रोशनी पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नए पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करते हुए संगठन को नई ऊर्जा और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष रामशकल पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा शैलेश राम, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा सुरेंद्र गौतम, जिला महामंत्री संजीव सिंह गौतम, विनय सिंह'हिटलर', अजय मिश्रा, मोहन बाबू, मनोज मानव, पंकज तिवारी सहित अनुसूचित मोर्चा के जिला एवं मंडल स्तर के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण एवं संगठनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

सहकारिता ने बनाया किसानों का जीवन बेहतर :सोमी सिंह

समाज जागरण
रंजीत तिवारी वाराणसी।

संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता वाराणसी मडल वाराणसी सोमी सिंह ने बताया कि 22 अक्टूबर से बीपैक्स सचिवों की एक सप्ताह की प्रदेशव्यापी हड़ताल के बावजूद किसानों को उर्वरक की उपलब्धता मे कोई कठिनाई नहीं आने दी गई। सोमी सिंह ने बताया कि उनके कार्यकाल में जनपद वाराणसी में सहकारिता विभाग मे अनेक गतिविधियों को संचालित किया गया है, जिससे जनपद में सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार एवं व्यवसाय में वृद्धि आई है। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि वाराणसी जनपद में 13 नए एम-पैक्स का गठन किया गया है , जिसमें मुख्य रूप सेअहरक, अमौत, परसरा, पिंडरा, कुरुहुआ, बबियांव, गौरा उपवार, इसरवार, कोटवां, तिलवार, बीकापुर, बेनीपुर और रायसी रामपुर - का गठन किया गया है इसी प्रकार वाराणसी जनपद में एक डेयरी सोसायटी का भी गठन किया गया है।वाराणसी जनपद में एक गंगा नाविक समिति का भी गठन किया गया है, जिसे पूरे प्रदेश में पहली नाविक समिति होने का गौरव प्राप्त है। वाराणसी जनपद में लगभग दो दशक से बंद दो बी पैक्स को पुनः सक्रिय किया गया है। एम-पैक्स पुरारघुनाथपुर और दांदूपुर, जो लगभग 20 वर्षों से निष्क्रिय थे, उन्हें पुनः सक्रिय करके वहां से उर्वरक वितरण का काम शुरू करा दिया गया है।पुरारघुनाथपुर सहकारी समिति में किसानों के लिए पहला वातानुकूलित कमरा बनाया गया है जो प्रदेश में किसी समिति का पहला वातानुकूलित कक्ष है। सोमी सिंह ने बताया कि जनपद वाराणसी मे 16 बी-पैक्स में सोलर रूफटॉप लगाए गए हैं। सभी स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम चालू हालत में हैं। वाराणसी जनपद में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत, 2025-26 के दौरान 836 लाभार्थियों को कुल 862.90 लाख रुपए के ऋण वितरित किए गए। वर्ष 2026-27 के दौरान अब तक कुल 720.00 लाख रुपए से अधिक के ऋण वितरित किए जा चुके हैं। न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत जनपद वाराणसी में खरीद वर्ष 2025-26 के दौरान, 2,594 लाभार्थियों से 11,277.94 मीट्रिक



टन धान की खरीद की गई, जिसके लिए 269,423.49 लाख रुपए का भुगतान किया गया। खरीद वर्ष 2026-27 के दौरान, 1,024 लाभार्थियों से 3,984.90 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई, जिसके लिए 1,038.04 लाख रुपए का भुगतान किया गया। वाराणसी जिले के 73 बी-पैक्स में सीएससी स्थापित किए जा चुके हैं। 5 और सी0एस0सी0 के स्थापना की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक 110 लाख रुपये के लेनदेन किए जा चुके हैं, जो समूचे पूर्वांचल में सबसे अधिक है।वाराणसी जिले में 6 बी पैक्स में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापित किया गया है। जनपद में दो और प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है। वाराणसी जिले के सभी 93 बी-पैक्स ने भारतीय बीज सहकारी समिति की सदस्यता प्राप्त कर ली है। 10 बी-पैक्स ने नेशनल को ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड की सदस्यता प्राप्त कर ली है और 7 बी पैक्स ने नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक लिमिटेड की सदस्यता प्राप्त कर ली है। वाराणसी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में गोदामों के निर्माण और मरम्मत के क्षेत्र में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 100 और 250 मीट्रिक टन क्षमता वाले नए गोदामों का निर्माण किया जा रहा है, जबकि भंडारण योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के गोदामों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि आरकेवीवाई योजना के तहत, वर्ष 2023-24 में वाराणसी जिले में 250 मीट्रिक टन क्षमता वाले 3 गोदामों (भवानीपुर, हरहुआ और करसाडा) का निर्माण किया गया है।वर्ष 2025-26 में 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले दो गोदामों का निर्माण कार्य चल रहा है एवं 12 बी-पैक्स के मरम्मत का काम चल रहा है।वर्ष 2026-27 में बी-पैक्स चिताउनी और मुदार्हा में 2 गोदामों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत 2500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम के निर्माण के लिए भूमि की पहचान की गई है।वाराणसी जनपद में कायाकल्प योजना के तहत, वित्तीय वर्ष 2025-2026 के दौरान 26 बी पैक्स के जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। वाराणसी जनपद में मेगा सदस्यता अभियान 2023 में कुल 37,193 सदस्य नामांकित हुए, जिसके परिणामस्वरूप शेयर पूंजी में 82.19 लाख रुपए की वृद्धि हुई। इसी प्रकार सदस्यता अभियान 2025 में कुल 21,418 सदस्य नामांकित हुए, जिसके परिणाम स्वरूप शेयर पूंजी में 35.44 लाख रुपए की वृद्धि हुई। सोमी सिंह ने कहा कि सहकारिता ने किसानों का जीवन सहज, सुंदर और सरल बनाया है. वाराणसी मंडल में सहकारिता विभाग ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं.. बीपैक्स सचिवों और विभागीय अधिकारियों के सहयोग से विभाग सदैव आगे बढ़ने के लिए कृतसंकल्प है।

आंखों की रोशनी जाने के बाद भी कृषि अनुसंधान में रचा इतिहास

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। टड़िया, जखिनी निवासी प्रगतिशील किसान एवं कृषि शोधकर्ता श्री प्रकाश सिंह रघुवंशी ने महज 15 वर्ष की उम्र में ही अपनी आंखों की रोशनी खोनी शुरू कर दी थी। आज उनकी आंखों में मात्र 20 प्रतिशत रोशनी शेष है, लेकिन इसके बावजूद उनका हौसला कभी कमजोर नहीं पड़ा।

उन्होंने अपने पिता शीतला प्रसाद सिंह ,और 1982 मैं काशी हिंदू विश्वविद्यालय कृषि विभाग के निदेशक महतीम सिंह एवं कृषि वैज्ञानिक उदय प्रताप सिंह से बीज उन्नत करने सीखकर खेती-किसानी की बारीकियां सीखीं और अपना पूरा जीवन कृषि क्षेत्र में नए प्रयोगों, अनुसंधान और किसानों के लिए बेहतर बीज विकसित करने में समर्पित कर दिया।

तीन बार राष्ट्रपति से सम्मानित और चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों से सम्मान प्राप्त कर चुके श्री रघुवंशी ने सीमित संसाधनों और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके द्वारा विकसित गेहूं की प्रमुख किस्मों में गेहूं कुदरत, गेहूं कुदरत नाइन, अन्नपूर्णा, विश्वनाथ रघुवंशी-8, रघुवंशी-10 और सूर्या-555 शामिल हैं। उनके अनुसार, ये किस्में भारत सरकार के पादप किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (PPV&FRA) में उनके नाम से पंजीकृत हैं।

श्री रघुवंशी का कहना है कि उन्होंने इन किस्मों को विकसित करने के लिए वर्षों तक मेहनत की और अपनी जमा-पूंजी के साथ कर्ज लेकर भी अनुसंधान जारी रखा। इसके बावजूद आज उन्हें अपने ही अनुसंधान और बीजों के अधिकार को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है। उनकी शिकायत है कि कुछ कंपनियां कथित तौर पर उनके द्वारा विकसित बीजों को अलग-अलग नामों और ब्रांडिंग के साथ बाजार में बेचकर लाभ कमा रही हैं। उनका आरोप है कि इस तरह उनके शोध और मेहनत



का लाभ दूसरे लोग उठा रहे हैं, जबकि उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

शिकायत में बापना सीड्स प्राइवेट लिमिटेड और बालाजी कृषि सेवा केंद्र सहित कुछ नामों का उल्लेख किया गया है। इसमें बापना-44, बापना-वर्दान और बापना-11 जैसे नामों को लेकर भी आपत्ति जताई गई है। श्री रघुवंशी ने इस पूरे मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से करते हुए अपने अनुसंधान, बीजों और अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है।

उनका कहना है कि बड़े बीज कारोबारियों और कंपनियों के पास अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, जबकि सीमित पूंजी के कारण वे अपने विकसित बीजों का व्यापक स्तर पर विपणन नहीं कर पा रहे हैं। अनुसंधान के लिए लिए गए कर्ज की किस्तें चुकाने के बीच यह स्थिति उनके लिए और कठिन हो गई है।

आंखों की रोशनी लगातार कम होने और इलाज के बावजूद कोई राहत न मिलने जैसी चुनौतियों के बीच भी श्री रघुवंशी कृषि अनुसंधान का काम जारी रखे हुए हैं। वे युवाओं और किसानों को खेती की नई तकनीकों तथा बीजों के बारे में प्रशिक्षण भी देते हैं। अब उनका सवाल है कि जब किसी किसान और शोधकर्ता की वर्षों की मेहनत से बीज की नई किस्में विकसित होती हैं और वे सरकारी स्तर पर उसके नाम से पंजीकृत भी हैं, तो कथित रूप से उनका नाम बदलकर बाजार में बेचने के आरोपों की निष्पक्ष जांच क्यों नहीं होनी चाहिए? उन्होंने शासन-प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और अपने अनुसंधान एवं अधिकारों की सुरक्षा की मांग की है।

औरा अमृत सरोवर पर छठ पर्व में सुरक्षा को मजबूत बनाने को लगा सीसीटीवी कैमरा।

***सम्भावित खतरों की होगी मजबूत निगहबानी,अवांछनीय तत्वों पर होगी शीघ्र कार्यवाही।**

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी छठ पूजा को देखते हुए ग्राम पंचायत औरां स्थित अमृत सरोवर पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आज ग्राम प्रधान श्रीमती विद्योत्मा देवी की पहल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं गये।ग्राम प्रधान की इस पहल का ग्राम पंचायत के नागरीको एवं क्षेत्र के अन्य सम्भांत लोगों ने सराहना की।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत के लोगों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा प्रमुख उद्देश्य है।सीसीटीवी कैमरे की स्थापना से छठ पूजा के दौरान अमृत सरोवर पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं निगरानी में मदद मिलेगी। साथ ही साथ भविष्य में सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में इन कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सीसीटीवी लग जाने से जहाँ अवांछनीय तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी वहीं तत्कालिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

प्रधान के इस पहल पर गांव के रवि कुमार,शिवजतन प्रसाद, बालगोविंद पाल, भगवानदास पाल, विजय राजभर,सोहन गुप्ता विजेन्द्र कुमार, रणजीत कुमार,सुनील कुमार, प्रकाश प्रजापति,दीपक राजभर एवं अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान के प्रयासों की काफी प्रसंशा की। औरा ग्राम ग्राम पंचायत में उपलब्ध संसाधनों और कार्यो को देख अन्य ग्राम पंचायतों को प्रेरणा मिल रही है।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर जर्जर भवन को ध्वस्त कराने को लेकर एबीएसए से मिला प्रतिनिधि मण्डल

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी। दिनांक 12 नवंबर 2026 को विकासखंड पिण्डरा, जनपद वाराणसी के खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय से मुलाकात कर गंगापुर प्राथमिक विद्यालय के अत्यंत जर्जर भवन की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत मासूम बच्चों की जान-माल की सुरक्षा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

गंगापुर कम्पोजिट मंगारी प्राथमिक विद्यालय का भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। भवन की मौजूदा हालत को देखते हुए कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी हुई है। ऐसे असुरक्षित भवन में बच्चों का अध्ययन करना उनकी जान को जोखिम में डालने जैसा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्रक सौंपकर जर्जर भवन को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त कराने तथा बच्चों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।

साथ ही प्रशासन को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि यदि समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण एवं क्षेत्रवासी बच्चों की सुरक्षा और जनहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर संबंधित विभाग एवं शासन-प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से समाजसेवी प्रमोद पाण्डेय, व्यापार मंडल मंगारी के अध्यक्ष पप्पू सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

गंभीर जनहित के मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित अनंत देव शर्मा के पत्नी का निधन

समाज जागरण रंजीत तिवारी



रामेश्वर वाराणसी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे अनंत देव शर्मा की पत्नी सविता सिंह का निधन 99 वर्ष की उम्र में उनके आवास जक्खिनी में बृहस्पतिवार की दोपहर हो गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अनंत देव शर्मा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के छात्र यूनियन के पदाधिकारी रहे तथा पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी के भी करीबी रहे थे। उनकी धर्मपत्नी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित सविता सिंह के निधन की सूचना पर क्षेत्रीय लोग भारी संख्या में उनके आवास पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। सरिता सिंह का अंतिम संस्कार हरिश्चंद्र घाट पर वाराणसी में किया गया। उन्हें दो बेटे प्रमोद सिंह और अजय सिंह है।अजय सिंह ने मुखाग्नि दी। उनके निधन पर अमरेश्वर नारायण सिंह,हरिप्रसाद सिंह, वहिद खाँ, शीतला सिंह, सुरेश शर्मा,महेंद्र सिंह, विनय शर्मा, भूपेंद्र सिंह द्रोणवार, सहित बहुत से लोगों ने शोक व्यक्त किया और श्रद्धांजलि दी।

उदयपुर पूजा स्थल पर महिलाओं ने काली पट्टी बांध जताया विरोध।

समाज जागरण अनिल कुमार



हरहुआ वाराणसी ।चोलापुर थाना अंतर्गत उदयपुर गांव में छठ पूजा स्थल को लेकर चल रहे विवाद के बीच गुरुवार को महिलाओं ने काली पट्टी बांध विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि वर्षों से जिस स्थान पर छठ पूजा होती आ रही है, उसी स्थान पर इस बार भी पूजा संपन्न कराई जाएगी। वे किसी भी परिस्थिति में पूजा स्थल बदलने को तैयार नहीं हैं। महिलाओं को समझाने और उनकी समस्याएं सुनने के लिए एसीपी सारनाथ विनय कुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे। उनके साथ थाना प्रभारी निरीक्षक चोलापुर सधुवन राम और चौकी प्रभारी चंदापुर अवनीश कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

अधिकारियों ने महिलाओं से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली और उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। महिलाओं ने अधिकारियों को बताया कि जिस स्थान पर वर्षों से छठ पूजा होती आ रही है, वह सरकारी बंजर भूमि है। इस भूमि पर लंबे समय से गांव की महिलाएं छठ पूजा करती चली आ रही हैं। महिलाओं का कहना है कि वे अपनी मांग और समस्या से पहले ही लिखित रूप से प्रशासन को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।महिलाओं ने दो टूक कहा कि उनकी धार्मिक आस्था और वर्षों पुरानी परंपरा को देखते हुए उसी स्थान पर छठ पूजा करने की अनुमति दी जाए। पूजा स्थल बदलने का निर्णय उन्हें स्वीकार नहीं है।

पुरस्कारों की श्रेणी बदलने से नहीं सुधरेगी गंगा की दशा : अजय राय

समाज जागरण रंजीत तिवारी



वाराणसी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में वाराणसी को बेस्ट रिवर फ्रंट टाउन श्रेणी में तीसरा स्थान मिलने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय राय ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मां गंगा के नाम पर राजनीति करने और पुरस्कारों का प्रचार करने से उनकी वास्तविक स्थिति नहीं बदलने वाली है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी में ही गंगा की दुर्दशा सरकार के स्वच्छता संबंधी दावों की हकीकत बयां कर रही है। अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने राजनीतिक सफर को मां गंगा से भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए कहा था कि उन्हें मां गंगा ने बुलाया है। इसके बावजूद आज काशी में गंगा की स्थिति चिंताजनक है। वर्षों तक गंगा की स्वच्छता के नाम पर गंगा टाउन अवार्ड दिया जाता रहा, लेकिन इस बार पुरस्कार की श्रेणी बदलकर बेस्ट रिवर फ्रंट टाउन कर दी गई। सवाल है कि पुरस्कार का नाम और श्रेणी बदलने की जरूरत क्यों पड़ी? पहले काशी को प्रथम और द्वितीय स्थान मिलता रहा, लेकिन अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। सरकार को जश्न मनाने के बजाय आत्म मंथन करना चाहिए

उन्होंने आरोप लगाया कि काशी के घाटों पर आज भी गंगा में गिरने वाले नालों और अशोधित सीवेज की समस्या बनी हुई है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में प्रस्तुत सरकारी रिपोर्टों में भी नालों की टैपिंग और घरों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने में कमियों का मामला सामने आया है। उनके अनुसार, कई नाले आंशिक रूप से टैप हैं या पूरी तरह टैप नहीं हुए हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

6.63 करोड़ के पुल निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप, वैज्ञानिक जांच की मांग

स्वीकृत योजना, निर्माण स्थल और गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल, स्वतंत्र जांच की मांग को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को भेजी शिकायत

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।



किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड में मजगमा पंचायत अंतर्गत झांटीबाड़ी-परिहालपुर में करीब 6.63 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आरसीसी पुल के निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण में कथित तौर पर घटिया सामग्री के इस्तेमाल, गुणवत्ता मानकों की अनदेखी और योजना स्थल में विसंगति का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान ने ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को शिकायत भेजकर उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच की मांग की है। वहीं, निर्माण स्थल पर गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों ने विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

शिकायत के अनुसार, मस्तान चौक से बस्ताकोला होते हुए काशीबाड़ी से बुआदह तक पुल निर्माण योजना के तहत 77.480 मीटर लंबे आरसीसी पुल और 280 मीटर एप्रोच रोड का निर्माण कराया जा रहा है। योजना की प्राक्कलित राशि 662.659 लाख रुपये यानी करीब 6.63 करोड़ रुपये है। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संवेदक दयानंद कुमार को सौंपी गई है। कार्य प्रारंभ करने की तिथि 29 नवंबर 2025 तथा पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 28 नवंबर 2027 बताई गई है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि निर्माण कार्य में स्थानीय बालू के इस्तेमाल को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रमीज रजा ने भी निर्माण स्थल पर पहुंचकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर आपत्ति जताई थी और जांच की मांग करते हुए काम रुकवाया था। इस मामले को लेकर पूर्व में समाचार पत्रों में भी खबर प्रकाशित हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों का ठोस जवाब सामने नहीं आने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

शिकायत में योजना बोर्ड पर दर्ज निर्माण कार्य के नाम और वास्तविक निर्माण स्थल के बीच विसंगति का मुद्दा भी उठाया गया है। शिकायतकर्ता ने स्वीकृत डीपीआर, नक्शा, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति और वास्तविक निर्माण स्थल का मिलान कराने की मांग की है। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण कार्य स्वीकृत अलाइनमेंट के अनुरूप कराया जा रहा है या नहीं।

हसीबुर रहमान ने मांग की है कि पुल निर्माण में इस्तेमाल की जा रही बालू, गिट्टी, सीमेंट, सरिया और कंक्रीट का अधिकृत प्रयोगशाला से वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाए। साथ ही पुल की नींव, पिलर, गर्डर, स्लैब और सरिया की मात्रा की स्वतंत्र तकनीकी जांच हो। निर्माण कार्य की माप पुस्तिका, गुणवत्ता जांच रिपोर्ट और अब तक किए गए भुगतान का भी सत्यापन कराया जाए।

शिकायत में यह भी मांग की गई है कि जांच पूरी होने और निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक पाए जाने तक लंबित भुगतान पर रोक लगाई जाए। यदि जांच में अनियमितता प्रमाणित होती है तो संबंधित संवेदक और दोषी विभागीय पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और ग्रामीण कार्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। करीब 6.63 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस पुल की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बीच अब विभाग की जवाबदेही अहम हो गई है। आखिर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की निगरानी कौन कर रहा है और यदि सामग्री मानक के अनुरूप है तो उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है? इन सवालों का जवाब स्वतंत्र वैज्ञानिक जांच से ही सामने आ सकता है।

हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले में संवेदक दयानंद कुमार से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

19 नवंबर को मारवाड़ी कॉलेज में लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार जिला नियोजनालय किशनगंज की ओर से 19 नवंबर 2026 को मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज के मैदान में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा।

इस मेले में स्थानीय नियोजकों के अलावा राज्य के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से करीब 20 से 25 नियोजकों के भाग लेने की संभावना है। मेले के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

जिला नियोजनालय ने स्थानीय नियोजकों से भी मेले में भाग लेने की अपील की है। इच्छुक नियोजक अपनी रिक्तियों से संबंधित जानकारी रोजगार सेतु पोर्टल पर दर्ज करवा सकते हैं। मेले में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों को भी अपने-अपने स्टॉल लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है। इन स्टॉलों के माध्यम से युवाओं को बिहार सरकार की ओर से संचालित विभिन्न रोजगारपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला नियोजनालय की ओर से मेले में आने वाले बेरोजगार युवक-युवतियों का एनसीएस पोर्टल एवं रोजगार सेतु पर ऑनलाइन निबंधन भी कराया जाएगा।

महानंदा नदी के बगलवारी छठ घाट का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।



छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन के समीप मस्तान चौक के पास कोचाधामन प्रखंड की बगलवारी पंचायत स्थित महानंदा नदी के छठ घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने घाट पर श्रद्धालुओं के आवागमन, पूजा-अर्चना और अर्घ्य अर्पित करने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रकाश व्यवस्था, बिजली की उपलब्धता और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संध्याकालीन और प्रातःकालीन अर्घ्य के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए घाट पर पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित बिजली व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने घाट पर भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया।

प्रशासन का उद्देश्य छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी किशनगंज, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी सह ओएसडी, जिला दिव्यांगजन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कोचाधामन, मुखिया प्रतिनिधि शकील अहमद सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

छठ महापर्व को लेकर डीएम और एसपी ने की ब्रीफिंग, घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।



छठ महापर्व 2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जिला पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के महत्वपूर्ण छठ घाटों का स्वयं निरीक्षण कर लें। घाटों पर पानी की गहराई का आकलन कर आवश्यकतानुसार सुरक्षित बैरिकेडिंग कराई जाए। इसके अलावा घाटों पर पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया।

डीएम ने प्रत्येक महत्वपूर्ण छठ घाट पर छोटा कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया, जहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तत्काल एसडीएम, एसडीपीओ अथवा जिला पदाधिकारी को सूचना देने को कहा गया, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने घाटों पर आवश्यकता के अनुसार एनडीआरएफ की तैनाती, गोताखोरों की उपलब्धता और उनके संपर्क नंबर संबंधित पदाधिकारियों के बीच साझा करने का निर्देश दिया। साथ ही पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट उपलब्ध रखने तथा अधिक गहराई वाले और संवेदनशील घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

वहीं, एसपी संतोष कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों को तेज रफ्तार बाइक एवं अन्य वाहनों पर विशेष निगरानी रखने तथा यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। संध्या अर्घ्य के बाद भी पुलिस पदाधिकारी एवं जवान तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर डटे रहेंगे, जब तक सभी श्रद्धालु सुरक्षित रूप से घाट परिसर से वापस नहीं लौट जाते।

एसपी ने अधिक गहराई वाले एवं दुर्घटना की आशंका वाले खतरनाक घाटों पर नावों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने को कहा।

डीएम एवं एसपी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे सुरक्षा मानकों एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से छठ महापर्व मनाएं।

ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण), अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

टंडवा बाजार से 150 लीटर देसी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार
संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा बाजार में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 150 लीटर देसी शराब बरामद की है। इस दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार भी किया गया है।

गिरफ्तार तस्कर की पहचान उदय कुमार, पिता अनारिक राम ग्राम, सुजा कर्म गांव,टोला आजाद बीघा, जिला - औरंगाबाद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि टंडवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टंडवा बाजार में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान शराब बरामद हुई और तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

2.86 करोड़ की लागत से बनी सड़क पांच साल भी नहीं टिकी, जगह-जगह उखड़ी गिट्टियां और जानलेवा गड्ढे

गाछपाड़ा-नूनिया टोली सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान, 22.78 लाख रुपये रखरखाव के लिए थे निर्धारित

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।



ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच गाछपाड़ा से नूनिया टोली जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। करीब 2.700 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 2.86 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इसके बावजूद सड़क जगह-जगह उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है।

जानकारी के अनुसार, मार्च 2021 में सड़क निर्माण कार्य पूरा हुआ था। निर्माण से जुड़े प्रावधानों के तहत पांच वर्षों तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार अंजार आलम की थी। इसके लिए 22.78 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई थी। इस अवधि के अनुसार मार्च 2026 तक सड़क का रखरखाव किया जाना था। इसके बावजूद सड़क की वर्तमान स्थिति काफी खराब बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क का निर्माण कराया गया, लेकिन कुछ ही वर्षों में इसकी गिट्टियां उखड़ने लगीं। अब जगह-जगह गड्ढे बन जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है। वहीं, क्षमता से अधिक भार वाले भारी वाहनों के लगातार परिचालन से सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है। ऐसे वाहनों के दबाव से सड़क की स्थिति और बिगड़ने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत कराने के साथ ही भारी वाहनों के परिचालन पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि सड़क की निर्धारित भार क्षमता के अनुसार ही वाहनों को चलने की अनुमति दी जाए तथा ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए, ताकि सड़क को बार-बार क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शिवसागर पुलिस की कार्रवाई, गुम हुआ मोबाइल बरामद कर मालिक को लौटाया।

समाज जागरण संवाददाता।
पारसनाथ दुबे। डेहरी। रोहतास



शिवसागर (रोहतास): शिवसागर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक और सफलता हासिल की है।

शिवसागर थाना सनहा संख्या-113/26, दिनांक- 03/08/26 के अंतर्गत गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सुपुर्द किया।

थाना परिसर में पुलिस अधिकारी ने सत्यापन के बाद मोबाइल धारक को सौंपा। मोबाइल वापस पाकर धारक के चेहरे पर खुशी झलक उठी।

ऑपरेशन मुस्कानः शिवसागर पुलिस ने गुम मोबाइल बरामद कर मालिक को लौटाया

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे डेहरी रोहतास।

* शिवसागर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक और गुम मोबाइल को बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सुपुर्द किया।

शिवसागर थाना सनहा संख्या- 61/26, दिनांक- 02/06/26 के अंतर्गत गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने खोजकर बरामद किया था। थाना परिसर में सत्यापन के बाद पुलिस अधिकारी ने मोबाइल धारक को सौंपा। अपना मोबाइल वापस पाकर धारक ने शिवसागर पुलिस को धन्यवाद दिया।

पटना के पालीगंज के लोक गायक राजा बाबू को बलिया में मिला 'भोजपुरी विकल गौरव सम्मान'

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ भोजपुरी कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए पालीगंज प्रखंड के रामपुर नगवां निवासी लोकप्रिय लोक गायक एवं अभिनेता राजा बाबू को 'भोजपुरी विकल गौरव सम्मान' से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इसारी सलेमपुर में आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी सह सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान प्रदान किया गया। प्रख्यात साहित्यकार राम सेवक विकल की पुण्यतिथि के अवसर पर 'डॉ. राम सेवक विकल कला संगम ट्रस्ट' की ओर से इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य भोजपुरी लोकगीत, भाषा, कला और संस्कृति के संवर्धन में समर्पित कलाकारों को प्रोत्साहित करना और उन्हें सम्मानित करना था। यह सम्मान प्राप्त करने के बाद लोक गायक राजा बाबू ने अपनी इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने चाहने वाले श्रोताओं, शुभचिंतकों के साथ-साथ मंच से जुड़े तमाम साहित्यकारों और वरिष्ठ कलाकारों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। इससे उन्हें भोजपुरी लोकगीत और संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन तथा इसके प्रचार-प्रसार के लिए और अधिक लगन से कार्य करने की ऊर्जा मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता संतोष ओझा ने की। इस गरिमामयी आयोजन में कई नामचीन हस्तियां और साहित्यकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. आदित्य कुमार अंशु, जयनगर कॉलेज के वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर शैलेश प्रताप सिंह सौर्य, और गुड्डू गुलशन सहित समिति के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित अन्य कलाकारों, बुद्धिजीवियों और दर्शकों ने लोक गायक राजा बाबू को यह गौरवशाली सम्मान मिलने पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके द्वारा भोजपुरी संस्कृति के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस उपलब्धि से पूरे पालीगंज क्षेत्र और उनके पैतृक गांव रामपुर नगवां में खुशी का माहौल है।

फैशन के दौर में सुंदर दिखने की होड़, चुनाभटा रोड में खुला 'लोक चेंजर सैलून', युवाओं में दिखा उत्साह।

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे। डेहरी। रोहतास।



डेहरी ऑन-सोन (रोहतास): आज का दौर फैशन का दौर है। डिजिटल इंडिया के सपनों को साकार करते हुए आज का नौजवान एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगा है। हर कोई चाहता है कि वो सबसे सुंदर, सबसे स्मार्ट और सबसे स्टाइलिश दिखे। इसी क्रम में चुनाभटा रोड में आज दिनांक 12 नवंबर को लोक चेंजर सैलून का उद्घाटन हुआ। सैलून के प्रोपराइटर सुबोध तिवारी ने बताया कि इस बेरोजगारी के दौर में नवयुवकों की मांग पर सैलून खोला गया है। उद्घाटन डेहरी अनुमंडल के वरीय अधिवक्ता उमा शंकर पांडे उर्फ मुटूर पांडे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवयुवकों की काफी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक पाठक, संजय तिवारी, रामा सिंह, नीरज चतुर्वेदी, ललित सिन्हा उपस्थित थे। पहले जहां बाल कटिंग सिर्फ एक जरूरत थी, आज वो स्टाइल और पहचान बन गई है। नौजवान अब छोटे-मोटे नाई की दुकान पर नहीं, बल्कि अच्छे से अच्छे सैलून में जाकर महंगी से महंगी हेयर कटिंग करा रहे हैं।


- फेड कट, टेपर कट, मुलेट, कोरियन कट जैसे नए-नए स्टाइल
- बालों में कलर, स्पा और केराटिन
- दाढ़ी की सेटिंग और फेशियल के लिए भी सैलून जाना
- रील्स और इंस्टाग्राम पर स्टाइल दिखाने का क्रेज

गांव से लेकर शहर तक, हर जगह सैलून खुल रहे हैं और युवाओं की भीड़ उमड़ रही है। मोबाइल में रील देखकर युवा उसी स्टाइल की फोटो दिखाकर कटिंग करा रहे हैं।

एक तरफ ये फैशन युवाओं को आत्मविश्वास दे रहा है, तो दूसरी तरफ खर्च भी बढ़ा रहा है। लेकिन इतना तय है कि आज का नौजवान सिर्फ पढ़ाई-नौकरी में ही नहीं, सुंदर दिखने की दौड़ में भी सबसे आगे रहना चाहता है।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत शिवसागर पुलिस की कार्रवाई, गुम मोबाइल बरामद कर युवक को लौटाया।

समाज जागरण संवाददाता। पारस नाथ दुबे। डेहरी रोहतास।



* शिवसागर थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सुपुर्द किया।

शिवसागर थाना सनहा संख्या-967/26, दिनांक- 27/06/26 के अंतर्गत गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने बरामद किया था।

थाना परिसर में सत्यापन के बाद पुलिस अधिकारी ने मोबाइल धारक को सौंपा। मोबाइल वापस पाकर युवक के चेहरे पर खुशी झलक उठी।

पटना के मसौढ़ी में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कार से 74.625 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी में शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नदौल ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से शराब तस्कर को भी धर दबोचा। पुलिस ने शराब के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। बरामद की गई विदेशी शराब की कुल मात्रा 74.625 लीटर बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के तकियापर बिजपुरा गांव निवासी कपिल भगत के पुत्र मंटू कुमार मालाकार के रूप में हुई है। नदौल ओपी पुलिस के अनुसार, इस मामले में आरोपी के खिलाफ नदौल ओपी थाना कांड संख्या 1111/26 दर्ज की गई है। आरोपी मंटू कुमार मालाकार के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धारा 30(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे मसौढ़ी के किस इलाके में खपाने की योजना थी। इस अवैध धंधे में संलिप्त अन्य लोगों के बारे में भी पुलिस गहराई से छानबीन कर रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

पटना में फर्जी जमीन और जाली दस्तावेज दिखाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला
संवाददाताः- वेद प्रकाश



पटना/ जिला के बेऊर पुलिस ने फर्जी जमीन और जाली दस्तावेज के सहारे लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले मुख्य आरोपित रवि रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे छठ पूजा के दौरान पटना लौटने पर मिली गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा। गुरुवार को एएसपी नारायण उपाध्याय ने बेऊर थानाध्यक्ष अफसर हुसैन के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा किया।

गिरफ्तार रवि रंजन कुमार बेऊर थाना क्षेत्र के बेतौड़ा गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ बेऊर थाने में फर्जी कागजात के जरिए ठगी का मामला दर्ज था और अदालत से उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी हो चुका था। पुलिस के मुताबिक, जक्कनपुर थाने में भी उसकी और उसकी पत्नी के खिलाफ जमीन के नाम पर 80 लाख से अधिक की ठगी का मामला दर्ज है। इस ठगी का दायरा आम लोगों से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों तक फैला हुआ है। आरोप है कि रवि रंजन ने बेऊर थाने की पूर्व थानाध्यक्ष कुमारी उषा सिंहा से 28 लाख और उनके भांजे से 23 लाख रुपये ठग लिए। इसके अलावा बसंत विहार कॉलोनी निवासी संजीव प्रकाश और मसौढ़ी के अन्य लोगों से भी जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठे गए। रवि रंजन की गिरफ्तारी के बाद एक के बाद एक कई नए खुलासे हो रहे हैं। अब तक सामने आए मामलों के आधार पर ठगी की कुल रकम दो करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है। सहरसा के एक व्यक्ति ने भी 35 लाख रुपये ठगे जाने की बात कही है। बेऊर थानाध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि ठगी के शिकार अन्य लोगों से भी लिखित आवेदन मांगे गए हैं। इस गोरखधंधे में रवि रंजन के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे, पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

मनोज तिवारी बने झारखंड प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष, क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 12 नवम्बर 2026: भारतीय जनता पार्टी के संघर्षशील एवं समर्पित व्यक्तित्व श्री मनोज तिवारी को झारखंड प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की घोषणा के बाद से ही उन्हें बधाई एवं शुभ कामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। बड़ी संख्या में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी, वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

मनोज तिवारी की राजनीतिक यात्रा एक बूथ स्तरीय कार्यकर्ता के रूप में प्रारंभ हुई। इसके बाद उन्होंने युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य, युवा मोर्चा जिला मंत्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष तथा भाजपा जिला मंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल तक संगठन की जिम्मेदारी निभाई। अब उन्हें किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन के विभिन्न स्तरों पर उनकी यह यात्रा उनके निरंतर संघर्ष, समर्पण, संगठन के प्रति निष्ठा एवं कार्यकताओं के साथ आत्मीय जुड़ाव को दशार्ती है। इस अवसर पर श्री मनोज तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। संगठन की मजबूती के साथ-साथ किसानों के हितों एवं उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाना उनकी प्राथमिकता होगी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से आरआईटी मंडल के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मानंद झा, पंकज सिंह, रणधीर गुप्ता, स्वप्निल सिंह, निरंजन मिश्रा, सूरज भोला, मंडल अध्यक्ष अमरेश गोस्वामी, किशन प्रधान, गणेश कालिंदी, श्याम बाबू दास, अजय मिश्रा, धनंजय कुमार, अभिषेक पराशर, राकेश त्रिपाठी, प्रकाश रंजन, अभिषेक ओझा, चंदन सिंह, गोलू, सुजीत, विकास, संदीप एवं टिंकू झा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सरायकेला अपराधियों का अखाड़ा बना, राजनीतिक संरक्षण की आशंका: भरत सिंह

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 12 नवम्बर 2026:विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय सह प्रभारी भरत सिंह ने सरायकेला जिले की बिगड़ती विधि-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए एसपी सरायकेला से सवाल किया है।भरत सिंह ने कहा कि जिले में लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाएं यह संकेत देती हैं कि अब अपराधियों की तूती बोलने लगी है और अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है।उन्होंने कहा, "अपराध पर नियंत्रण और आम जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस को गंभीरता से कदम उठाने की जरूरत है। जमीन माफिया, संपदा लूटने वाले और मतांतरण को बढ़ावा देने वाले तत्वों का बढ़ता मनोबल चिंता का विषय है।"भरत सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसी स्थिति में अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। "आम आदमी घर से बाहर निकलने और अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर किंकर्तव्यविमूढ़ है। आपराधिक घटनाओं और लगातार बने तनाव के माहौल का सीधा असर जनता पर पड़ रहा है," उन्होंने कहा। उन्होंने आगे कहा कि कानून-व्यवस्था का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि अपराध को रोकना और लोगों में सुरक्षा की भावना कायम करना भी है। पुलिस को इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

अंत में उन्होंने एसपी सरायकेला से मांग की है कि अपराधियों के खिलाफ निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई हो तथा जनता की सुरक्षा और अपराध पर नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

नीमडीह के सासांगडीह एवं चांडिल के डोबो फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई विधायक सविता महतो

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया उत्साहवर्धन

दैनिक समाज जागरण

जिलपा लाया तिलका मांझी आंचलिक समिति की ओर से नीमडीह के सासांगडीह, सियालगोड़ा एवं चांडिल के डोबो में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा फुटबॉल प्रतियोगिता का आनंद लिया। विधायक



सविता महतो ने कहा कि खेलकूद से युवाओं में शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आपसी भाईचारा और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने और भविष्य में क्षेत्र एवं राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, मुखिया प्रतिनिधि हरेन सिंह, उप मुखिया जीतू कर्मकार, आयोजन समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेलप्रेमी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

जंगली हाथी ने जीतु महतो के घर को किया ध्वस्त, बाल-बाल बचा परिवार

कुकडू के पारगामा में रात के अंधेरे में हाथी का उत्पात, पीड़ित परिवार से मिलकर भाजपा नेताओं ने दी आर्थिक सहायता

दैनिक समाज जागरण



चांडिल : ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडू प्रखंड अंतर्गत पारगामा गांव में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने जीतु महतो के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। घटना के दौरान घर में मौजूद उनकी पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों ने किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस घटना में परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए, हालांकि घर उजड़ जाने से परिवार के सामने रहने और जीवनयापन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को भाजपा नेता खगेन महतो ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इस दौरान निजी स्तर पर पीड़ित परिवार को टॉर्च लाइट, पटाखे और आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। साथ ही परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया। मौके पर प्रशासन एवं वन विभाग से पीड़ित परिवार को अविलंब उचित मुआवजा देने तथा रहने की वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की गई। इसके अलावा क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की गई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर भाजपा कुकडू मंडल अध्यक्ष सुमन मुखर्जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत महतो, बूथ अध्यक्ष राकेश महतो सहित पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

कपाली के डेमडूबी में विधायक सविता महतो ने किया शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

36 लाख रुपये की लागत से हुआ निर्माण, मरीजों को मिलेगी निःशुल्क जांच और दवाइयों की सुविधा

दैनिक समाज जागरण



कपाली नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-1 अंतर्गत डेमडूबी स्थित अंसार नगर में गुरुवार को शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन विधायक सविता महतो, कपाली नगर परिषद अध्यक्ष परवेज आलम एवं उपाध्यक्ष सावान उर्फ सिंटू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा कि करीब 36 लाख रुपये की लागत से इस स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है। कपाली नगर परिषद क्षेत्र में यह दूसरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। इसके शुरू होने से स्थानीय लोगों को घर के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। केंद्र में मरीजों की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के साथ निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक एवं एक एएनएम की तैनाती की जाएगी। केंद्र का संचालन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। विधायक ने कहा कि कपाली नगर परिषद क्षेत्र में दो अन्य स्थानों को भी चिह्नित किया गया है, जहां भविष्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा।

इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को सुलभ एवं बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में कपाली नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गोपी कृष्णा, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, वार्ड पार्षद संतोष कुमार महतो, मोहम्मद इजाज अंसारी, पूजा कुमारी महतो, अंजना सिंह सरदार, रजिया मंजर, उषाडून बीबी, शेख फरीद, मोहम्मद अरशद, बुद्धेश्वर महतो एवं नगर अध्यक्ष शेख सलाउद्दीन समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

छठ महापर्व पर टाटा-लावा पूजा स्पेशल ट्रेन रवाना

टाटानगर स्टेशन पर आरपीएफ और कॉमर्शियल टीम ने संभाली भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी, यात्रियों को सुरक्षित कराया प्रवेश

दैनिक समाज जागरण/चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर, 12 नवंबर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के मद्देनजर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में 08181 टाटाझलावा पूजा स्पेशल ट्रेन गुरुवार को पुनर्निर्धारित समय दोपहर 3:30 बजे टाटानगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन के प्रस्थान के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के



लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) तथा कॉमर्शियल विभाग की टीम सक्रिय रही। दोनों विभागों के कर्मचारियों ने आपसी समन्वय से यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया। इस दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और अन्य यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ और धक्का-मुक्की रोकने के लिए कर्मचारियों ने यात्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। छठ महापर्व पर घर लौटने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने के कारण पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। रेलवे की इस व्यवस्था से यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा सुविधा मिलने के साथ नियमित ट्रेनों पर दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी। आरपीएफ और कॉमर्शियल टीम की सक्रियता से ट्रेन का प्रस्थान सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

पटना के बिहटा में चीनी मिल ओपी के पास कपड़े के गोदाम में लगी आग

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के चीनी मिल ओपी से महज चंद कदमों की दूरी पर गुरुवार की सुबह एक भीषण हादसा हो गया। कैनरा बैंक के पीछे स्थित कपड़े और डेकोरेशन के सामान से भरे एक गोदाम में अचानक भयंकर आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचतीं, तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जलकर पूरी तरह राख हो चुका था।

घटना की शुरूआत गुरुवार को करीब 11:30 बजे हुई। गोदाम से उठती आग की ऊंची-ऊंची लपटों और आसमान में छाए धुएं के घने गुबार ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत शुरू की। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि आसपास के मकानों और दुकानों में हड़कंप मच गया। आग की लपटों और फैलती गर्मी को देखकर आसपास के घरों में रहने वाले लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। वहीं, आसपास के बाजारों में अपनी दुकानें चला रहे दुकानदार भी आग के विकराल रूप को देख अपनी दुकानें बंद कर सुरक्षित जगहों पर चले गए। लोगों में इस बात का डर था कि कहीं यह भीषण आग आसपास के अन्य रिहायशी मकानों और दुकानों को भी अपनी चपेट में न ले ले। कुछ देर के लिए पूरे इलाके में अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बना रहा। इस भीषण अग्निकांड में गोदाम के भीतर रखे लाखों रुपये मूल्य के कपड़े, डेकोरेशन का सामान और अन्य सामग्री जलकर स्वाहा हो गई है। हालांकि, आग से हुए कुल नुकसान के वास्तविक आंकड़ों का अभी तक आधिकारिक आकलन नहीं किया जा सका है।

शुरूआती तौर पर आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन शॉर्ट सर्किट समेत अन्य सभी संभावित एंगल से इसकी जांच कर रही है ताकि आग लगने की असल वजह सामने आ सके। दमकल कर्मियों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

छठ पूजा को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने किया घाटों का निरीक्षण

शिव-पार्वती और महाकालेश्वर छठ घाट की सफाई में तेजी लाने के निर्देश, पूर्व संध्या तक पूरी होंगी तैयारियां

दैनिक समाज जागरण/चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)



जमशेदपुर, 12 नवंबर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक मंगल कालिंदी ने कार्य पालक पदाधिकारी संदीप पासवान के साथ शिव-पार्वती छठ घाट और महाकालेश्वर छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने घाटों की साफ-सफाई, आवागमन मार्ग और अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को सफाई कार्य में तेजी लाने तथा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। विधायक ने शिव-पार्वती छठ घाट तक पहुंचने वाले रास्ते की लेवलिंग का कार्य भी समय पर पूरा कराने को कहा, ताकि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। विधायक ने निर्देश दिया कि छठ महापर्व की पूर्व संध्या तक दोनों घाटों और उनके पहुंच मार्गों की सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं।

गांधीघाट पर उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से समाजसेवी शिवपूजन सिंह को दी अंतिम विदाई

वरिष्ठ नागरिक समिति के केंद्रीय अध्यक्ष का टीएमएच में इलाज के दौरान निधन, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

दैनिक समाज जागरण/चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर, 12 नवंबर। लौहनगरी के वरिष्ठ समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह के निधन से शहर में शोक की लहर है। 10 नवंबर की रात करीब 10 बजे टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। 11 नवंबर को



मानगो स्थित गांधीघाट पर उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा नगरवासियों ने पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देने वालों में विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक अरविंद सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक और तीनों सेनाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे। शिवपूजन सिंह के सामाजिक योगदान को याद करते हुए लोगों ने कहा कि गांधीघाट के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इस दौरान गांधीघाट परिसर में उनके नाम पर ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव भी सामने आया, ताकि उनकी स्मृतियों को सुरक्षित रखा जा सके। श्रद्धांजलि सभा के बाद पार्थिव शरीर को विशेष वाहन से अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी रवाना किया गया। उनके निधन को शहर के सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

जनता को आपस में लड़ाने की चाल बंद करें निगम के अधिकारी : सरयू राय

छठ से पहले सफाई व्यवस्था पर उठाए सवाल, वसुंधरा एस्टेट के पास कचरा डंपिंग और भवन मालिकों को नोटिस भेजने पर जताई नाराजगी

दैनिक समाज जागरण/चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)



जमशेदपुर, 12 नवंबर। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व से पहले बदहाल सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के बजाय निगम अपनी विफलताओं का ठीकरा जनता और जनप्रतिनिधियों पर फोड़ रहा है। सरयू राय ने वसुंधरा एस्टेट के सामने खाली जमीन पर दोबारा कचरा डंप करने की कोशिश का विरोध किया। उन्होंने बताया कि गुरुवार को करीब डेढ़ दर्जन कचरा गाड़ियों के साथ पहुंचे निगम अधिकारियों को स्थानीय लोगों के विरोध के कारण वापस लौटना पड़ा। उन्होंने सवाल उठाया कि संबंधित जमीन पर कचरा डंप करने के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति ली गई है या नहीं। विधायक ने सात दिनों बाद कचरा निस्तारण की व्यवस्था और वैकल्पिक स्थान की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने भवन मालिकों को भेजे जा रहे नोटिस के जरिए कथित अवैध वसूली का आरोप भी लगाया। सरयू राय ने निगम अधिकारियों से जनता को आपस में लड़ाने के बजाय सफाई व्यवस्था सुधारने और स्थायी कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

पटना के बिहटा में गश्ती के दौरान चोरी के तांबे के बर्तनों के साथ एक युवक गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश



पटना/ त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सक्रिय बिहटा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नियमित गश्ती के दौरान पुलिस ने चोरी के तांबे के कई बर्तनों के साथ एक संदिग्ध युवक को धर दबोचा। इस कार्रवाई से इलाके में सक्रिय चोरों में हड़कंप मच गया है।

गिरफ्तार युवक की पहचान बिहटा थाना क्षेत्र के ही परेव गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में की गई है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसने ये बर्तन कहां से चुराए थे और इन्हें कहां खपाने की फिराक में था। बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने गुरुवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है। इसी क्रम में पुलिस दल जब इलाके में चौकसी बरत रहा था, तब धर्मेंद्र कुमार को संदिग्ध हालत में तांबे के बर्तनों के साथ पकड़ा गया। पुलिस तुरंत उसे अपनी हिरासत में लेकर थाने ले आई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद बर्तनों के असल मालिक और चोरी की इस घटना से जुड़े अन्य संभावित ठिकानों के बारे में गहराई से छानबीन की जा रही है। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के इस सीजन में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। इसके तहत क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

पटना के दुल्हिन बाजार पहुंचकर कला संस्कृति मंत्री ने किया ओलार्क सूर्य मंदिर और भरतपुरा पुस्तकालय का दौरा

तैयारियों का लिया जायजा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ लोक आस्था के महापर्व चार दिवसीय कार्तिक छठ की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में बिहार सरकार के कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने दुल्हिन बाजार के ऐतिहासिक ओलार्क (उलार) सूर्य मंदिर पहुंचकर छठ महापर्व की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर और छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मंत्री ने तालाब के चारों ओर की जा रही बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों, पेयजल आपूर्ति, चिकित्सीय सहायता केंद्रों और अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और मंदिर कमेटियों को सख्त निर्देश दिए कि पर्व के दौरान घाटों पर पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि ओलार्क सूर्य मंदिर में राज्यभर से बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम बेहद जरूरी हैं। उन्होंने अधिकारियों को समय रहते सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की चूक की गुंजाइश न रहे। साथ ही, उन्होंने घोषणा की कि परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भव्य 'उलार महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही आवश्यक राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

* भरतपुरा के ऐतिहासिक जीएन पुस्तकालय सह संग्रहालय का भी किया मुआयना* सूर्य मंदिर के निरीक्षण के पश्चात कला संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी दुल्हिन बाजार क्षेत्र के ही भरतपुरा गांव पहुंचे। वहां उन्होंने प्रसिद्ध गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय (जीएन पुस्तकालय) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय में सहेजे गए प्राचीन पुरातत्वों, ऐतिहासिक अवशेषों और दुर्लभ वस्तुओं का बारीकी से मुआयना किया और पुस्तकालय के संरक्षण कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पुस्तकालय के सचिव मुकेशधारी सिंह, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवेन्द्र धारी सिंह, पटना ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष बिनोद शर्मा, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार उर्फ सिंधु शर्मा, उत्तम कुमार, कुंदन कुमार सहित कई स्थानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व, 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर होगा समापन

छठव्रतियों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग, डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की अपील

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हो रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर पूर्वांचल, बिहार, झारखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह है। भगवान सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना को समर्पित यह पर्व 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने और व्रत के पारण के साथ संपन्न होगा।

अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि छठ महापर्व भारत की प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पर्व में छठव्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और लोककल्याण की कामना करते हुए कठिन व्रत रखते हैं। श्रद्धा, निष्ठा, पवित्रता और अनुशासन इस महापर्व की विशेष पहचान हैं।

उन्होंने कहा कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी अनुपम अवसर है। इसमें भगवान सूर्यदेव के साथ जल, पृथ्वी, वायु और प्रकृति से प्राप्त फल-फूल एवं कृषि उत्पादों की पूजा की जाती है। यह महापर्व समाज को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पारिवारिक एकता और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

नहाय-खाय से होगी महापर्व की शुरूआत

छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय की परंपरा निभाई जाएगी। इस दिन व्रती प्रातः स्नान कर घर और पूजा स्थल की साफ-सफाई करेंगे। इसके बाद पूरी शुद्धता और पवित्रता के साथ सात्विक भोजन ग्रहण कर भगवान सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना का संकल्प लेंगे। इस दिन विशेष रूप से कद्दू-भात और चने की दाल तैयार की जाती है। भोजन बनाने से लेकर ग्रहण करने तक शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है।



खरना के बाद शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला व्रत

14 नवंबर, शनिवार को छठ महापर्व का दूसरा दिन खरना अथवा लोहंडा के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन छठव्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगे। शाम को स्नान और पूजा-अर्चना के बाद गुड़ एवं चावल से बनी खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना का प्रसाद परिवार के सदस्यों और श्रद्धालुओं के बीच भी वितरित किया जाएगा। इसके बाद लगभग 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत प्रारंभ होगा, जो अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूरा होगा।

अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर होगी आराधना

15 नवंबर, रविवार को छठ महापर्व का तीसरा दिन होगा। इस दिन घरों में विशेष रूप से ठेकुआ, चावल के लड्डू और अन्य पारंपरिक प्रसाद तैयार किए जाएंगे। पूजा की टोकरी और बांस के सूप में नारियल, गन्ना, केला, नींबू, अदरक, अमरूद, सेब, संतरा, सिंघाड़ा, मूली सहित विभिन्न मौसमी फल और सब्जियां सजाई जाएंगी।

शाम को छठव्रती अपने परिवार और श्रद्धालुओं के साथ छठ घाटों पर पहुंचेंगे। वहां जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को जल और दूध से अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इस दौरान छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की जाएगी।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा व्रत का पारण

16 नवंबर, सोमवार को महापर्व का अंतिम दिन होगा। सुबह छठव्रती पुनः घाटों पर पहुंचकर उदीयमान भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। पूजा-अर्चना और छठी मैया की वंदना के बाद व्रती लगभग 36 घंटे के निर्जला उपवास का पारण करेंगे। इसके बाद परिवारजनों, पड़ोसियों और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया जाएगा।

जाति और वर्ग की सीमाओं से ऊपर सामाजिक एकता का पर्व है छठ

डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने कहा कि छठ व्रत कठिन तपस्या, आत्मसंयम और अनुशासन का प्रतीक है। इस पर्व में महिलाएं ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में पुरुष भी पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ व्रत करते हैं। छठ पूजा में किसी विशेष पुरोहित अथवा धार्मिक आडंबर की अपेक्षा नहीं होती, बल्कि श्रद्धा, पवित्रता और सामूहिक सहभागिता को विशेष महत्व दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में जोड़ता है। इसमें जाति, भाषा, क्षेत्र और आर्थिक स्थिति का कोई भेदभाव नहीं होता। यही कारण है कि यह पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और पारिवारिक प्रेम का भी प्रतीक बन चुका है।

छठव्रतियों के लिए 16 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि छठ महापर्व के धार्मिक और सामाजिक महत्व को देखते हुए 16 नवंबर को छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल, बिहार, झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों लोग नोएडा-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में निवास करते हैं। छठ महापर्व उनके लिए केवल पूजा नहीं, बल्कि परिवार, परंपरा और आस्था से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। सार्वजनिक अवकाश घोषित होने से श्रद्धालुओं को अपने परिवार के साथ पूरे विधि-विधान से पर्व मनाने में सुविधा मिलेगी।

अंत में डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने समस्त देशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भगवान सूर्यदेव और छठी मैया से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने देश में एकता, सद्भाव और समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की भी कामना की।

— डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय प्रवासी

समाज जागरण
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

मथुरा में नगर आयुक्त का औचक निरीक्षण': गायब कर्मचारियों में मची खलबली, तीन की सेवा समाप्त, कइयों का वेतन रुका

प्रवीण मिश्रा समाज जागरण

मथुरा /जनरल गंज स्थित नगर निगम के सिटी जोन कार्यालय में गुरुवार को उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब नगर आयुक्त ओजस्वी राज अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए। जन्म-मृत्यु विभाग से लेकर जलकल कार्यालय तक फैली अव्यवस्थाओं और कर्मचारियों की मनमानी देख नगर आयुक्त का पारा चढ़ गया। मौके पर मिली गंभीर खामियों के बाद उन्होंने सख्त तेवर दिखाते हुए तीन कर्मचारियों को सेवा से बाहर का रास्ता दिखाने का फरमान सुना दिया, जबकि लापरवाह कर्मियों का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए हैं।

जन्म-मृत्यु कार्यालय में 'बाहरी' लोगों का कब्जा, लिपिक को नोटिस

निरीक्षण की शुरूआत जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्यालय से हुई। यहां तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर बिना किसी पूर्व सूचना के सीट से नदारद मिले। इस पर नगर आयुक्त ने अनुपस्थित कर्मियों का 12 नवंबर का वेतन काटने के साथ ही पूरे माह का वेतन रोकने (बाधित करने) के निर्देश दिए। हैरानी की बात यह रही कि कार्यालय के भीतर अनाधिकृत और बाहरी व्यक्तियों की मौजूदगी पाई गई। जब नगर आयुक्त ने प्रमाण पत्र जारी करने की समय-सीमा और रजिस्टरों के रखरखाव पर



सवाल किए, तो वहां मौजूद लिपिक बगलें झांकने लगे और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। अभिलेखों में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित लिपिक को नोटिस जारी कर नवंबर का वेतन रोकने का आदेश दिया गया।

ऑन-द-स्पॉट रियलिटी चेक: शिकायतकर्ता को खुद मिलाया फोन

जलकल कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित जनशिकायतों की हकीकत परखी। एक शिकायत के निस्तारण में हीलाहवाली सामने आने पर उन्होंने कागजी रिपोर्ट पर भरोसा करने के बजाय सीधे शिकायतकर्ता को फोन घुमा दिया। दूसरी तरफ से शिकायतकर्ता ने बताया कि समस्या का समाधान अब तक नहीं हुआ है। जमीनी हकीकत खुलते ही नगर आयुक्त ने कंप्यूटर ऑपरेटर रवि कुमार को नोटिस थमाने और शिकायतों का तय समय में निस्तारण करने की सख्त हिदायत दी।

हाजिरी में फजीवाड़ा और अभद्रता पड़ी भारी, तीन की छुट्टी

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की गहन जांच में बड़ा फजीवाड़ा पकड़ में आया। केजेएल कंपनी के कर्मचारी कान्हा के ड्यूटी से गायब रहने के बावजूद उसकी हाजिरी भीमसेन द्वारा लगाई गई थी। इस मिलीभगत को गंभीर अपराध मानते हुए नगर आयुक्त ने कान्हा और भीमसेन दोनों को तत्काल सेवा से बर्खास्त करने और संबंधित आउटसोर्सिंग कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, प्रकाश विभाग के चालक ओमवीर सिंह पर एक पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता और अमर्यादित व्यवहार करने की शिकायत सही पाए जाने पर उसे भी सेवा से हटाने का आदेश जारी किया गया है।

दीपावली अवकाश के बाद भी पटरी पर नहीं लौटा सरकारी कामकाज, खाली कुर्सियों ने बढ़ाई फरियादियों की परेशानी

गुरुवार को खुलने के बावजूद अधिकांश दफ्तरों में पसरा रहा सन्नाटा; कहीं नदारद मिले कर्मचारी तो कहीं बैठकों में व्यस्त रहे जिम्मेदार

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा/ दीपावली के लंबे अवकाश के बाद गुरुवार को जिले के सरकारी कार्यालय विधिवत रूप से खुल तो गए, लेकिन पहले दिन कामकाज पूरी तरह से सुस्त नजर आया। विभागीय दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों की गैरमौजूदगी के कारण कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। नतीजतन, अपने लंबित कार्यों और समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे आम नागरिकों व फरियादियों को घंटों इंतजार करने के बाद निराश होकर लौटना पड़ा। कई दिनों की छुट्टियों के बाद गुरुवार सुबह से ही विभिन्न सरकारी विभागों में आवेदकों और शिकायतकताओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। लोगों को अपेक्षा थी कि कार्यालय खुलते ही उनके रुके हुए कामों का निस्तारण हो सकेगा, लेकिन दफ्तरों के भीतर का नजारा इसके ठीक विपरीत दिखा। अधिकांश पटलों और कक्षों में सन्नाटा पसरा रहा और जिम्मेदार कर्मचारी अपनी सीटों से नदारद पाए गए।

जिन चुनिंदा कार्यालयों में एक-दो अधिकारी उपस्थित भी रहे, वहां वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और विभागीय समीक्षा बैठकों में व्यस्त नजर आए। ऐसे में अपनी फरियाद लेकर आए लोग कक्षों के बाहर बैठकर बैठक समाप्त होने की प्रतीक्षा करते रहे। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर अवकाश के बाद उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश रहते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर पहले दिन सामान्य कार्यप्रणाली बहाल न हो पाने से दूर-दराज से आए लोगों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ा।

आईआईटी पटना के रजिस्ट्रार के खिलाफ एससी-एसटी अधिनियम में प्राथमिकी, सोशल मीडिया पोस्ट से बढ़ा विवाद

पटना। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना के रजिस्ट्रार प्रो. अवलेन्द्र कुमार ठाकुर के खिलाफ दलित समाज और आरक्षण को लेकर सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला सोशल मीडिया पर सामने आई कथित पोस्ट और उसके बाद मिली शिकायतों से जुड़ा है।

मथुरा के जनरल गंज स्थित नगर निगम परिसर की बदलेगी तस्वीर, मल्टीलेवल पार्किंग के साथ विकसित होगा कमर्शियल हब

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा/ जनपद में लगातार गहराती पार्किंग की समस्या से निजात दिलाने और सरकारी संपत्तियों के बेहतर उपयोग के लिए नगर निगम ने एक बड़ी कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत जनरल गंज स्थित पुराने नगर निगम कार्यालय परिसर का पूरी तरह से कायाकल्प किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने निगम के आला अधिकारियों के साथ परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया और वहां मल्टीलेवल पार्किंग व व्यावसायिक गतिविधियों की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। छत से लिया पूरे परिसर का जायजा, जर्जर भवनों पर चलेगा बुलडोजर

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त



ओजस्वी राज ने परिसर की भौगोलिक स्थिति और उपलब्ध भूमि का बारीकी से आकलन करने के लिए भवन की छत पर जाकर पूरे क्षेत्रफल और मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर का मुआयना किया। परिसर में बने पुराने और अनुपयोगी हो चुके भवनों की जर्जर हालत को देखते हुए उन्होंने आवश्यकतानुसार उनके ध्वस्तीकरण की संभावनाओं पर भी गंभीरता से विचार किया।

आय बढ़ाने और जाम से मुक्ति दिलाने का दोहरा लक्ष्य

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परिसर के पुनर्विकास के लिए एक ठोस और व्यावहारिक कार्ययोजना (डीपीआर) तैयार की जाए। इस योजना में पुराने भवनों को ध्वस्त कर मलबा हटाने, भूमि को समतल करने और उपलब्ध जगह का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के विकल्प शामिल किए जाएं। नगर निगम की योजना है कि इस स्थान पर न केवल आधुनिक मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण हो–जिससे बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत मिले–बल्कि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी स्थान विकसित कर निगम की आय के नए स्रोत तैयार किए जाएं। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार और मुख्य अभियंता (निर्माण) संजय सिंह सहित निगम के अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सर्द हवाओं के बीच बदली आराध्य की दिनचर्या, शॉल ओढ़कर दर्शन दे रहे ठाकुर बांके बिहारी

ब्रज में गुलाबी ठंड की आहट: बांके बिहारी को अर्पित होने लगा केसरिया दूध और मेवे का भोग

समाज जागरण संवाददाता

वृंदावन/ धर्मनगरी में गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ ही ठाकुर श्रीबांके बिहारी महाराज की सेवा-पूजा के तौर-तरीकों में भी बदलाव की बयार बहने लगी है। दीपावली के पर्व से प्रारंभ हुई शीतकालीन सेवा के क्रम में अब आराध्य को सर्द हवाओं से बचाने के लिए सेवायत गोस्वामियों द्वारा शॉल धारण कराई जा रही है। मंदिर में बाल स्वरूप में विराजमान ठाकुर जी की सेवा में मौसम के अनुकूल गर्माहट का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

भोग में बढ़ी मेवे और केसर की मात्रा

ठंड के असर को देखते हुए ठाकुर जी के राजभोग और शयन भोग की थाली में भी परिवर्तन किया गया है। अब उन्हें ठंडी तासीर वाले व्यंजनों के स्थान पर शरीर को ऊर्जा और गर्मी देने वाले पदार्थ अर्पित किए जा रहे हैं। सेवायतों के अनुसार, ठाकुर



जी को प्रतिदिन केसर और मेवों से युक्त गर्म दूध का भोग लगाया जा रहा है। इसके साथ ही विविध प्रकार के सूखे मेवे और पौष्टिक व्यंजन भी थाली का हिस्सा बन गए हैं।

इत्र और केसर तेल से हो रही मालिश ब्रज की सदियों पुरानी सेवा परंपरा का निर्वहन करते हुए ठाकुर जी के शृंगार और स्नान में भी खास सावधानी बरती जा रही है। उन्हें सर्दी से बचाने के लिए हिना (मेंहदी) और केसर मिश्रित सुगंधित तेलों से मालिश की जा रही है। पीढ़ियों से इस दायित्व को निभा रहे गोस्वामी परिवार पूरी आस्था के साथ इस सेवा क्रम को आगे बढ़ा रहे हैं।पारा गिरने पर रजाई-कंबल का होगा इंतजाम सेवायतों ने बताया कि ब्रज में ठाकुर जी की सेवा एक जीवंत बालक के भाव से की जाती है। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे पारा नीचे लुढ़केगा, आराध्य के पहनावे में भी और बदलाव दिखेगा। सामान्य शॉल के बाद उन्हें मखमल और ऊन से बनी विशेष गर्म पोशाकें पहनाई जाएंगी, वहीं कड़ाके की ठंड शुरू होने पर गर्भगृह में रजाई और कंबल की भी व्यवस्था की जाएगी।

पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट के मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत फतेहपुर पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने पॉक्सो एवं एससी-एसटी अधिनियम से जुड़े मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

प्रतापगढ़ में चार दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 17 नवंबर से, पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री करेंगे कथा वाचन

कुंडा के योगीराज देवरहा बाबा कथा मंडपम में सजेगा भक्ति का दरबार, जनसत्ता दल परिवार ने श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया

समाज जागरण

प्रतापगढ़। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन चरित्र, आदर्शों, त्याग, धर्म और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा में चार दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 17 से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाली इस कथा में बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर परम पूज्य आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने श्रीमुख से भगवान श्रीराम की पावन कथा का रसपान कराएंगे। यह धार्मिक आयोजन कुंडा स्थित हवाई पट्टी राजभवन बेंती के योगीराज देवरहा बाबा कथा मंडपम में होगा। प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से कथा प्रारंभ होगी और प्रभु इच्छा तक चलेगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों के अनुसार, श्रीराम कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों, मयार्दा, आदर्शों, धर्म, त्याग और भक्ति के संदेशों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। कथा का उद्देश्य नई पीढ़ी सहित समाज के सभी वर्गों को भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के जीवन मूल्यों से परिचित कराना है। जनसत्ता दल परिवार की ओर से जारी आमंत्रण में सभी श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों और क्षेत्रवासियों से अपने परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कथा में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजकों ने कहा है कि श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति इस धार्मिक आयोजन की शोभा बढ़ाएगी।

कार्यक्रम का विवरण

- तिथि: 17 से 20 नवंबर 2026
- समय: प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से
- कथावाचक: आचार्य पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री
- स्थान: योगीराज देवरहा बाबा कथा मंडपम, हवाई पट्टी राजभवन बेंती, कुंडा, प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश)
- आयोजक: समस्त जनसत्ता दल परिवार

यमुनापार में खिलौनों के गोदाम में धधकी आग लाखों का माल स्वाहा चार दमकलों ने पाया काबू

लक्ष्मीनगर मोड़ के पास मची अफरा-तफरी, आसमान में छाया काले धुएं का गुबार

समाज जागरण संवाददाता

मथुरा/ यमुनापार इलाके में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लक्ष्मीनगर मोड़ के नजदीक स्थित खिलौनों के एक बड़े गोदाम में अचानक आग लग गई। सुबह करीब पौने सात बजे गोदाम से उठते धुएं के गुबार ने देखते ही देखते विकराल लपटों का रूप ले लिया। घटना के बाद आसपास के रिहायशी इलाकों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब एक घंटे से अधिक की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। जानकारी के मुताबिक, लक्ष्मीनगर मोड़ के समीप दाऊजी रोड पर 'अग्रवाल खिलौना वालों' का गोदाम संचालित है। इसमें भारी तादाद में प्लास्टिक के खिलौने, पैकिंग के गत्ते और अन्य ज्वलनशील सामान डंप किया गया था। तड़के धुआं उ२ठता देख स्थानीय निवासियों ने शोर मचाया और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। प्लास्टिक और गत्ते का भंडार होने की वजह से आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लपटों की तीव्रता को देखते हुए मौके पर कुल चार फायर टेंडर तैनात करने पड़े। दमकलकर्मियों ने चारों तरफ से पानी की बौछार कर एक घंटे से ज्यादा समय तक चले अभियान के बाद आग को बुझाया, जिससे लपटें आसपास के मकानों तक फैलने से बच गईं आग की गंभीरता को देखते हुए चार दमकलों को लगाया गया था। शुरूआती जांच में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा है। फिलहाल आग की असली वजह और कुल आर्थिक नुकसान का आकलन किया जा रहा है किशन लाल, एसएसआई (फायर ब्रिगेड) प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस अग्निकांड में गोदाम में रखा लाखों रुपये कीमत का माल पूरी तरह जलकर राख हो गया है। गनीमत रही कि घटना सुबह के समय हुई, जिससे

यूजीसी कानून को लेकर उदयभान करवरिया के बयान पर शत्रुधन पांडेय ने उठाए सवाल

समाज जागरण

प्रयागराज। यूजीसी कानून को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में बयानबाजी तेज होती दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में सोशल मीडिया पर शत्रुधन पांडेय ने एक पोस्ट साझा कर उदयभान करवरिया के कथित बयान पर सवाल उठाए हैं। पांडेय ने आरोप लगाया कि ब्राह्मण और सवर्ण समाज को साधने के लिए यूजीसी कानून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हराने की साजिश से जोड़कर पेश किया जा रहा है।

शत्रुधन पांडेय ने अपनी पोस्ट में सवाल किया कि यदि यूजीसी कानून मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हराने के उद्देश्य से लाया गया है, तो इस मामले में मुख्यमंत्री की भूमिका और जिम्मेदारी को लेकर भी सवाल उठने चाहिए। उन्होंने उदयभान करवरिया के कथित बयान 'योगी हैं तो उत्तर प्रदेश है' पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की अपनी ऐतिहासिक और राजनीतिक पहचान रही है तथा योगी आदित्यनाथ से पहले भी प्रदेश में सरकारें और मुख्यमंत्री रहे हैं। पांडेय ने ब्राह्मण और सवर्ण समाज के लोगों से राजनीतिक फैसले लेते समय नेताओं के बयानों के बजाय अपने अधिकारों और बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता समाज के मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाने के बजाय राजनीतिक दलों के समर्थन में बयानबाजी कर रहे हैं।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।